हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com धनबाद, शनिवार, 21 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 170, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news





## संक्षिप्त खबरें

### एसयूवी हादसा : बैकडेट में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की जुगाड़ में था कुलदीप

नई दिल्ली (ईएमएस)। गुरुग्राम के एसयूवी हादसे के बाद नए-नए खुलासे हो रहे हैं। जांच में सामने आया हैं कि आरोपी ने खुद को बचाने के लिए कई हथकंडे अपनाए थे। आरोपी कुलदीप ठाकुर ने बैकडेट में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए अपने परिचित से संपर्क किया था। इसके साथ ही वकील से भी बात की थी। कुलदीप ठाकुर ने 17 सितंबर को संपर्क किया था, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या लाइसेंस पिछली तारीख में बनवाया जा सकता है। इतना ही नहीं, कुलदीप ने बैकडेट में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए भी बात की थी। दरअसल, गुरुग्राम में 15 सितंबर को एक बाइक और महिंद्रा एसयूवी के बीच हुई टक्कर का वीडियो अब सामने आया है। हादसे में हाई स्पीड बाइक चला रहे अक्षत गर्ग नाम के युवक की मौत हो गई थी। अक्षत गर्ग रविवार रात काफी तेज रफ्तार में बाइक चला रहा था, तभी गलत साइड से आ रही महिंद्रा ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।

### चूहों की वजह से गड्ढा, दावा करने वाला नौकरी से गया

दौसा (ईएमएस)। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर राजस्थान के दौसा एरिया में अचानक जमीन धंसने से एक गहरा गड्ढा हो गया। इस प्रोजेक्ट से जुड़े होने का दावा करने वाले एक इंजीनियर ने कहा था कि यह गड्ढा चूहों की वजह से हुआ था। हालांकि अब इस दावे को सिरे खारिज कर कर्मचारी को भी नौकरी से निकाल दिया गया है। इसकी जानकारी केसीसी बिल्डकॉन कंपनी ने दी है। कंपनी ने एनएचएआई को पत्र लिखा और पूरे मामले की जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि चूहों से हाईवे पर गड्ढा होने का दावा करने वाले अधिकारी को नौकरी से निकाल दिया गया है। कंपनी ने अपने पत्र में साफ किया है कि वह मेंटेनेंस मैनेजर नहीं था बल्कि केसीसी बिल्डकॉन का जूनियर स्टाफ था। कंपनी ने लिखा कि उसकी ओर से दिया गया बयान तकनीकी समझ पर आधारित नहीं था। रिपोर्ट के मुताबिक कर्मचारी ने दावा किया था कि हो सकता है कि किसी चूहे या छोटे जानवर ने हाइवे पर गडढा किया हो। वहीं दौसा में एक्सप्रेसवे के परियोजना निदेशक बलवीर यादव ने बताया कि पानी लीक होने के कारण यहां सड़क धंस गई। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है जो 1,386 किलोमीटर तक फैला है।

### मेरठ रैपिड रेल कारीडोर, कारोबारियों ने दी भूख हड़ताल की धमकी

मेरठ (ईएमएस)। मेरठ रैपिड रेल कारीडोर के करीब सड़क चौड़ीकरण और निर्माण के लिए जगदीश मंडप से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर के प्रवेश द्वार तक दोनों ओर नाले के पीछे भूमि अधिग्रहण हो रहा है। इस क्षेत्र के प्रभावित व्यापारियों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर डेढ़ वर्ष में आपत्तियों का निस्तारण न किए जाने, मुआवजा के लिए क्षेत्रफल कम दिखाने तथा मुआवजा राशि की दर सर्किल रेट से कम देने का आरोप लगाया। व्यापारियों ने समस्या का समाधान न होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कई व्यापारियों की पूरी दुकान अधिग्रहण में जा रही है। उनका रोजगार ही छिन रहा है। उन्हें रोजगार के लिए किसी अन्य स्थान पर दुकान भी आवंटित की जाए। जिलाधिकारी कार्यालय में एडीएम सिटी बृजेश सिंह से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि रैपिड रेल प्रोजेक्ट के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए 60 से ज्यादा दुकानों की भूमि का अधिग्रहण हो रहा है। जिसके संबंध में डेढ़ साल से आपत्ति मांगी जा रही है, लेकिन उनका निस्तारण नहीं किया जा रहा। अधिग्रहण की जा रही भूमि का क्षेत्रफल कागजों में कम दर्शाया जा रहा है, जबकि मौके पर ज्यादा जमीन ली जा रही है।

### राहुल गांधी के खिलाफ, रायपुर भोपाल में मामले दर्ज

नई दिल्ली (ईएमएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान का मामला पुलिस तक पहुंच गया है। सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में रायपुर में भाजपा नेता अमरजीत छाबड़ा की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 और 302 (बीएनएस103) के तहत एफआइआर दर्ज कर ली गई है। उधर, दिल्ली में भाजपा सिख प्रकोष्ठ के संयोजक चरणजीत सिंह लवली ने थाने में शिकायती पत्र दिया है। राहुल गांधी के आरक्षण खत्म करने को लेकर दिए बयान के विरुद्ध दिल्ली भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के संयोजक सीएल मीणा ने संसद मार्ग थाने में और अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा ने पंजाबी बाग थाने में शिकायत की है। मध्य प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग करने को लेकर राहुल पर विधिक कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डा. महेंद्र सिंह एवं सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने एमपी नगर पहुंचकर एफआइआर दर्ज करने का शिकायती पत्र दिया। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि राहुल के बयान से सिखों के साथ ही अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लोगों में रोष है। वहीं, हिमाचल में भी भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा ने छोटा शिमला थाना में राहुल गांधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निवेदन पत्र दिया है।

### उत्तराखंड में दंगों और आंदोलन करने वालों की खैर नहीं, उन्हीं से होगी वसूली

देवभूमि (ईएमएस)। उत्तराखंड में दंगों और आंदोलनों पर सख्त कानून लागू किया गया है। कानून के तहत दंगों के दौरान हुए नुकसान की भरपाई दोषियों से की जाएगी। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से ही इसकी भरपाई की जाएगी। राज्य की धामी सरकार ने राज्यपाल की मंजूरी के बाद नया कानून लागू किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कानून को राज्य की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी जरुरी बताया है। ये भी सुनिश्चित होगा कि देवभूमि की शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके पीछे तर्क दिया गया है कि भविष्य में कोई ऐसी घटना को अंजाम देने से पहले सोचे और अंजाम ना दे। राज्य के मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड लोक और निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश कानून 2024 को मंजूरी मिलने के बाद राज्यपाल का भी अभिवादन दिया है। उन्होंने राज्यपाल का आभार किया और धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस कानून के जरिए दंगाइयों से सरकारी और प्राइवेट संपत्ति को नुकसान की भरपाई होगी। दंगा रोकने में लगे सरकारी अमले और अन्य खर्चों की भरपाई भी होगी। राज्य के मुख्यमंत्री का कहना है कि देवभूमि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था और राज्य के मूल स्वरुप के साथ छेड़छाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं दिया गया है।

### नितेश राणे के बयान पर, पठान मुसलमानों की खामोशी को कमजोरी न समझा जाए

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नितेश राणे के विवादित बयान ने महाराष्ट्र में राजनीतिक तनाव को चरम पर ला दिया है। राणे ने संगोली में एक जनसभा के दौरान बयान दिया कि अगर पुलिसकर्मियों को 24 घंटे के लिए छुट्टी दी जाए, तब हिंदू अपनी ताकत दिखा देंगे। इस बयान के बाद एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) के नेता वारिस पठान ने पलटवार किया। पठान ने राणे के बयान को उकसाने वाला और गैर-जिम्मेदार करार दिया। पठान का कहना है कि भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले माहौल खराब करना चाहती है ताकि असली मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। एआईएमआईएम नेता पठान ने राणे के पुराने बयान का जिक्र करते हुए कहा कि राणे ने पहले भी मुसलमानों को मस्जिद में घुसकर मारने की धमकी दी थी। पठान ने राणे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देकर कहा कि मुसलमान किसी से डरते नहीं हैं और वे कानून-व्यवस्था का पालन करते हैं, इसलिए शांत हैं, लेकिन उनकी खामोशी को कमजोरी न समझा जाए। पठान ने कहा कि अगर यही बयान उन्होंने दिया होता, तब उन्हें जेल में डाल दिया जाता। पठान ने सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का हवाला देकर कहा कि राणे का बयान विवादित है और पुलिस को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधकर सवाल उठाते हुए कि आखिर राणे के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

# दिल्ली में अगर बीजेपी सरकार आई तो यूपी जैसा हो जाएगा हाल : आतिशी

## बीजेपी शासित राज्यों की तुलना में दिल्ली में मिल रही सबसे सस्ती बिजली



नई दिल्ली,(ईएमएस)। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता और दिल्ली की भावी सीएम आतिशी ने शुक्रवार को केंद्र और बीजेपी सरकारों पर जोरदार हमला बोला। आतिशी ने कहा कि अगर इस बार चुनाव में अरविंद केजरीवाल को नहीं जिताया तो दिल्ली वालों का हाल बिजली के बिल और कटौती में यूपी और बीजेपी की अन्य राज्यों की सरकारों जैसा हो जाएगा।


यूपी सरकार ने बिजली कनेक्शन लेने के लिए दाम ढाई सौ गुना बढ़ा दिए हैं। यूपी में गरीब परिवार जो एक किलो वाट के छोटे-छोटे कनेक्शन लेते हैं, पहले वह मात्र 1200 रुपए देते थे। अब उसको बढ़कर तीन हजार कर दिया है यानि ढाई सौ फीसदी वृद्धि। अगर किसी का पांच किलो वाट का बिजली का कनेक्शन है, जो दिल्ली में रहने वाले आम मिडिल क्लास लोगों के लिए एक सामान्य बात है। उस पांच किलो वाट बिजली कनेक्शन के दाम को यूपी सरकार ने 118 फीसदी बढ़ा दिया है। इसे 7967 से 17365 रुपए कर दिया है यानि 118 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

आतिशी ने आरोप लगाया है कि यूपी की योगी सरकार ने इस साल गर्मी के मौसम में सबसे हाईटेक शहर ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद और साहिबाबाद में लंबे-लंबे पावर कट और सबसे महंगी बिजली दी है। यही कारण है कि दिल्ली वालों के लिए बहुत जरूरी है कि वह फिर से अरविंद केजरीवाल को चुनकर लाएं और उन्हें फिर से दिल्ली का सीएम बनाएं। आतिशी ने कहा है कि केजरीवाल का मॉडल 24 घंटे और सबसे सस्ती बिजली है। इस साल दिल्ली में 19 जून को 8400 मेगावाट की पीक डिमांड पर भी दिल्ली में लोड शेडिंग नहीं हुई। दिल्ली में पावर कट नहीं हुआ। आप की दिल्ली सरकार 24 घंटे बिजली देती है और सबसे सस्ती बिजली देती है। दिल्ली में 37 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं जिनका बिजली का बिल जीरो आता है। 15 लाख ऐसे परिवार हैं जिनको बिजली के बिल आधे दाम पर मिलते हैं।

आतिशी ने कहा कि यदि बीजेपी शासित अन्य राज्यों से तुलना की जाए तो दिल्ली में सबसे सस्ती बिजली है। दिल्ली में 400 यूनिट का बिल 980 रुपए आता है। इतने ही यूनिट का बिल गुजरात में अहमदाबाद में 2044 रुपए, हरियाणा के गुड़गांव में 2300, मध्य प्रदेश में 3800 और महाराष्ट्र में 4460 रुपए बिजली का बिल आता है। यानि मध्य प्रदेश में और महाराष्ट्र में जहां पर बीजेपी की सरकार है, वहां पर 400 यूनिट बिजली का बिल दिल्ली से चार गुना ज्यादा आता है। लंबे-लंबे पावर कट और सबसे महंगी बिजली बीजेपी का मॉडल है।

आतिशी ने जनता से अपील की कि आने वाले चार महीनों में जब तक मेरे पास दिल्ली के सीएम होने की जिम्मेदारी है, मुझे पता है बीजेपी अपने एलजी साहब के जरिए जरूर कोई न कोई षड्यंत्र रचेगी लेकिन मैं आम आदमी पार्टी की तरफ आऔर अरविंद केजरीवाल की तरफ से दिल्ली वालों से यह वादा करती हूं कि हम दिल्ली वालों के बिजली के बिल नहीं बढ़ने देंगे।

## कारगिल में न हो केदारनाथ और सिक्किम जैसी घटना, इसके लिए टीम जुटी



नई दिल्ली (ईएमएस)। कारगिल का किछूर गांव। इस गांव से कुछ दूरी पर मौजूद है नागमिथोंग नाला का कालापरी कैंप। ऊंचाई होगी करीब 12,800 फीट। यहां 20-24 अगस्त 2024 के दौरान आईआईटी रुडकी में असिस्टेंट प्रोफेसर सौरभ विजय के साथ आईआईएसईआर-पुणे की एसोसिएट प्रोफेसर अर्घा बैनर्जी और उनके साथ रिसर्च स्कॉलर कृष्णानंद जे. भी थे। इस टीम का मकसद था ग्लेशियर और उनसे बनने वाली ग्लेशियल झीलों की स्टडी करना।

सौरभ ने बताया कि हमारी टीम ने घाटी के ग्लेशियर, ग्लेशियल झील, ग्लेशियर से पिघलने वाले पानी और स्थानीय जलवायु का अध्ययन किया। इसलिए लामो ग्लेशियर के पास ऑटोमैटिक टाइम लैप्स कैमरा सिस्टम लगाया, जो हर मौसम में साल भर ग्लेशियर और उसके पिघलने से बनी झील पर नजर रख सकें। इस झील का आकार पिछले तीन दशकों में 25 गुना बढ़ गया है। इस झील का क्षेत्रफल करीब 5 लाख वर्ग मीटर है।इसमें करीब 500 करोड़ लीटर पानी है। इतना पानी जो कि पूरे लद्दाख के छह महीने की जरूरत को पूरा कर सकता है। लेकिन इतना पानी और इतनी ऊंचाई पर बढ़ती झील एक खतरा भी है।

खतरा ये है कि ये झील किसी भी समय ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड का कारण बन सकती है। वैसा ही खतरा जो 2013 में केदारनाथ घाटी में, 2023 में सिक्किम में और हाल ही में नेपाल में हुआ था। ग्लेशियोलॉजिस्ट अर्घा बनर्जी ने बताया कि इस झील के पास यंत्रों को लगाते समय और वहां जाते समय कई स्थानीय चरवाहे और लोग से बातचीत की। साथ ही कुछ एडवेंचर की तलाश में गए हाइकर्स भी मिले। ये सभी चालोंग और वारवान घाटी की यात्रा बोटकोल पास होते हुए कर रहे थे। बटकोल पास झील से तकरीबन सौ मीटर ऊपर से होकर गुज़रता हैं। यह पास लामो ग्लेशियर से होकर गुज़रता हैं। सदियों से चरवाहें, यात्री और सेनाएं कश्मीर से लद्दाख आने के लिए इस रास्ते का इस्तेमाल करते आए है। कृष्णानंद ने बताया कि हमारी टीम ने देखा कि ये रास्ता बेहद खतरनाक है। साथ ही झील के फैलने से इस रास्ते पर खतरा कई गुना और बढ़ जाता है।

## 18 दिनों में 4 करोड़ से अधिक लोग बने भाजपा के सदस्य

नई दिल्ली। भाजपा ने अपने संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 के तहत देशभर में एक विशाल सदस्यता अभियान की शुरुआत की है, पार्टी को इस अभियान में भारी सफलता मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 सितंबर को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार के दौरान इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य और अधिक लोगों को भाजपा से जोड़कर पार्टी के संगठन को मजबूत करना है। भाजपा ने दावा किया है कि मात्र 18 दिनों के भीतर 4 करोड़ से अधिक नए लोग पार्टी के सदस्य बन चुके हैं। यह संख्या भाजपा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो देशभर में पार्टी की व्यापक लोकप्रियता और समर्थन को दर्शाता है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े ने इस उपलब्धि की घोषणा करते हुए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। तावड़े ने सदस्यता अभियान की जानकारी एक्स पर साझा की, उन्होंने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान को व्यापक समर्थन मिला है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की, जिसने पार्टी को मजबूत और संगठित बनाया है। तावड़े ने देश के नागरिकों से भी अपील की कि वे 8800002024 पर मिस्ड कॉल देकर या नमो एप के माध्यम से भाजपा के सदस्य बनें। इस सदस्यता अभियान को विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और असम जैसे राज्यों में बड़ी सफलता मिल रही है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने इन राज्यों के आंकड़ों को साझा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने 1 करोड़, मध्य प्रदेश ने 50 लाख, और गुजरात ने भी 50 लाख से अधिक सदस्यता प्राप्त कर ली है।

**पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने वन नेशन वन इलेक्शन को अव्यवहारिक बताते हुए कहा**

## मध्यावधि चुनावों के हालात बने तो वन नेशन वन इलेक्शन कैसे संभव होगा?


इन्दौर (ईएमएस)। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने वन नेशन वन इलेक्शन को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि देश या राज्यों में मध्यावधि चुनावों के हालात बने तो वन नेशन वन इलेक्शन कैसे संभव होगा? यह फैसला देश के संघीय ढांचे और राज्यों की स्वायत्तता के लिए बड़ी चुनौती है। इन्दौर में मीडिया से चर्चा के दौरान दिग्वजिय सिंह ने कहा कि हमारे देश में अकसर राज्य सरकारें और केन्द्र सरकार अपने पूरे कार्यकाल तक नहीं चला पाती। ऐसे में अगर सभी चुनाव एक साथ होते हैं तो राज्यों की स्वतंत्रता और स्वायत्तता ख़तरे में पड़ सकती है। उन्होने वर्ष 1998 और 1999 में लोकसभा के मध्यावधि चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति बनने पर क्या राज्य सरकारों को भंग करना संभव होगा। उन्होने कहा कि यह विधेयक इसलिए लाया जा रहा है कि चाहे सरकार के पास बहुमत हो या न हो, सरकार हट नहीं सकती। सरकार का कार्यकाल तय हो जाएगा। टर्म फिक्स हो जाएगा। यह बिल लोकतांत्रिक व्यवस्था का विरोध दर्शाता है। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि भारत बहुभाषीय देश, बहुधर्म वाला देश है। संस्कार और संस्कृति इस देश में अलग है। इस तरह के देश में संघीय ढांचे से ही सरकार चल सकती है। वैसे तो इस प्रस्ताव को बहुमत मिलने वाला नहीं है। खुदा न खास्ता बिल पास हो गया तो प्रदेशों में जो सरकारें अभी चुनकर आई हैं, वो पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं करेगी, क्या यह वोटरों के साथ अन्याय नहीं होगा? वन नेशन वन इलेक्शन अव्यावहारिक है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्वजिय सिंह ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक समरसता बिगड़ती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर प्रश्न चिन्ह लगने लगे है। भाजपा की अंतरकलह सामने आ रही है। इससे पीछा छुड़ाने के लिए यह शिगुफा छोड़ा गया है। शुक्रवार को इन्दौर में न्याय यात्रा में शामिल होने के बाद दिग्विजय सिंह मुंबई के लिए रवाना हुए।

## हरियाणा में चरम पर चुनाव प्रचार लेकिन कहां गुम हैं कुमारी शैलजा

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस दिग्गज कुमारी शैलजा प्रचार मैदान से नदारद हैं। खबरें हैं कि हरियाणा कांग्रेस के नेता सिरसा सांसद की लंबे वक्त से गैरमौजूदगी पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। हालांकि, पार्टी ने सैलेजा को लेकर चुप्पी साध रखी है। रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस नेता प्रचार अभियान से शैलजा की दूरी पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। हालांकि, इसकी वजह साफ नहीं है। एक ओर जहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा प्रचार में जुटे हुए हैं। वहीं, शैलजा दिखाई नहीं दे रही हैं। कहा जा रहा है कि इसके चलते उन उम्मीदवारों के प्रचार पर भी असर पड़ रहा है, जिन्हें वे टिकट दिलाने में सफल हुई हैं। साथ ही माना जा रहा है कि इससे राज्यभर में पार्टी के प्रचार पर असर पड़ सकता है।

सूत्रों के हवाले से बताया कि कांग्रेस में गुटबाजी टिकट बंटवारे में भी देखने को मिली थी। रिपोर्ट के अनुसार, हुड्डा और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष उदय भान ने टिकट वितरण किया है। वहीं, शैलजा ने भी उनके समर्थक नेताओं के लिए टिकट लेने की कोशिश की थी। सूत्रों ने बताया है कि उम्मीदवारों के चयन के दौरान कुछ सीटों पर मतभेद थे, जिसके चलते खासतौर से उकलाना और नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के चलते लिस्ट में देरी हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का कहना है कि गृहक्षेत्र होने के कारण शैलजा उकलाना क्षेत्र अपने पसंद के उम्मीदवार को मैदान में उतारना चाहती थीं। वह पहले ही सार्वजनिक तौर पर बता चुकी थीं कि कांग्रेस नेता डॉक्टर अजय चौधरी के लिए टिकट की मांग करेंगी। सूत्रों का कहना कि शैलजा हिसार, फतेहाबाद और अंबाजा जिले की 10-11 सीटों पर अपने समर्थक उम्मीदवारों को टिकट दिलाने में सफल हुई थीं। राजनैतिक जानकार का कहना है कि शैलजा के समर्थक टिकट बंटवारे में खुद को अनदेखा महसूस कर रहे थे और उदास थे।

## संघ प्रमुख ने जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे पर भाजपा को दी नसीहत



नई दिल्ली (ईएमएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भारतीय जनता पार्टी से नाराजगी खत्म हो चुकी है, ऐसा भागवत के ताजा बयान से बिलकुल नहीं लगता। संघ प्रमुख की भागवत की तरफ से आई नई समझाइश एक साथ कई इशारे कर रही है। बीजेपी के दो राजनीतिक नारों को लेकर जिस तरह से भागवत ने सख्त रुख दिखाया है, ऐसा लगता है देश में बदलते राजनीतिक समीकरण अब संघ की भी चिंता बढ़ाने लगे हैं।

'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय, अभी तक बीजेपी के कार्यक्रमों में अधिकारिक स्लोगन के रूप में गूंजते रहे हैं, जिस पर अक्सर विवाद भी होता रहा है। लेकिन अब भागवत ने साफ हिदायत दी है कि हर जगह ये नारा लगाना जरूरी नहीं है। संघ प्रमुख भागवत दिल्ली में एक किताब के रिलीज के मौके पर पहुंचे, समर्थकों ने पारंपरिक अंदाज में ही स्वागत किया, लेकिन वहां तरीका संघ प्रमुख को जरा भी अच्छा नहीं लगा। 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के नारे अब तक संघ और बीजेपी से जुड़े सभी कार्यक्रमों में लगाते रहे हैं। यहां तक कि संसद में भी बीजेपी के सदस्य जोर जोर से ये नारे लगाते रहे हैं। जब भागवत ने कहा, 'देखो, हर बात के लिए एक खास जगह होती है... और ये बात नारों पर भी लागू होती है, लेकिन ये वहां जगह नहीं है। मंच के सामने बैठे लोगों ने ताली, तब भागवत की सलाह पर भी बजाई, लेकिन क्या उन लोगों को अटपटा नहीं लगा होगा? क्या ये हिंदुत्व की राजनीति को लेकर अब तक चले आ रहे स्टैंड से यू-टर्न लेने जैसा नहीं होगा?

बीजेपी इन नारों से सबसे ज्यादा चिढ़ते ममता बनर्जी को ही देखा गया है, और ऐसा कई बार हुआ है जब वे आपे से बाहर हो गई हैं। लेकिन देश में बीजेपी विरोध की राजनीति करने वाले नेता भी हैं, जिन्हें दिक्कत दूर उनके मंचों पर भी ये नारे लगाये जा चुके हैं। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ये नारे लगाते ही हैं, बीएसपी प्रमुख मायावती को भी अब ऐसी कोई दिक्कत नहीं रही।

नीतीश कुमार, ममता बनर्जी की तरह गुस्सा नहीं होते, लेकिन काफी असहज जरूर हो जाते हैं। 2019 के आम चुनाव में कैंपेन के दौरान ऐसा देखा गया था, जब मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बीजेपी नेता ये नारे लगाते रहे, और नीतीश कुमार चुपचाप बस मुस्कुराते दिखाई दिए थे। 2021 के पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे, और प्रोटोकॉल के हिसाब से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी पहुंची थीं। तभी कार्यक्रम में मौजूद कुछ लोग जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। ऐसी नारेबाजी सुनकर पहले कई बार ममता बनर्जी को आग बबूला होते देखा जा चुका था, लेकिन उस दिन वे चुप रहीं।

## अखिलेश यादव का मुख्यमंत्री योगी पर तंजः 'साधु वेष में घूमते धूर्त अनंत'



लखनऊ (ईएमएस)ः समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जारी तीखी बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। दोनों नेता लगातार एक-दूसरे पर कटाक्ष कर रहे हैं। हाल ही में अखिलेश यादव ने एक बार फिर बिना नाम लिए मुख्यमंत्री योगी पर निशाना साधा है।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए तंज कसा, जिसमें उन्होंने लिखा, "भाषा से पहचानिए असली संत महंत। साधु वेष में घूमते जग में धूर्त अनंत।" इस पोस्ट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर एक सीधा हमला माना जा रहा है। यह ताजा बयानबाजी उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों की पृष्ठभूमि में हो रही है, जहां भाजपा और सपा के बीच तीव्र मुकाबला देखा जा रहा है। दोनों ही दल एक-दूसरे पर लगातार निशाना साध रहे हैं, जो आने वाले दिनों में और भी तेज हो सकता है।

इससे पहले, अखिलेश यादव ने कहा था कि जो क्रोध करेगा वह योगी नहीं हो सकता। उनका इशारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर था। उन्होंने यह भी कहा था कि मेरी तस्वीर देख लो और उनकी (योगी) तस्वीर देख लो, फिर माफिया कौन लगेगा। इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में काफी हंगामा मचा था।

अखिलेश ने हाल ही में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था, मठाधीश और माफिया में कोई फर्क नहीं होता। इस बयान के बाद भाजपा और साधु-संतों के बीच नाराजगी देखी गई थी। माना जा रहा है कि अखिलेश का यह बयान सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए दिया गया था।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग और भी तेज होती जा रही है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने भाषणों में समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर लगातार हमलावर हैं, वहीं अखिलेश भी हर मौके पर पलटवार करने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com धनबाद, शनिवार 21 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 170, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### जमशेदपुर में टाटा स्टील में लगी भीषण आग, पूरा शहर ब्लैक आउट

जमशेदपुर : टाटा स्टील के अंदर बिजली ग्रिड में ब्लास्ट हुआ। आग का बड़ा गुब्बारा टाटा स्टील के ऊपर उठा आसमान में हुआ उजाला वही अचानक शहर में कटा बिजली । घंटो जमशेदपुर शहर में अंधेरा कायम रहा । जमशेदपुर के टाटा स्टील में यूआइ एस एल और टाटा पावर के बीच ग्रिड में आयी बड़ी गड़बड़ी के कारण अचानक से ब्लैक आउट हो गया. इस ब्लैक आउट के कारण टाटा स्टील के कई प्लांट, टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) की भी बिजली कट गयी. शुक्रवार शाम करीब 7 बजे अचानक से पूरे शहर की बिजली कट गयी. हर एरिया के साथ साथ टीएमएच और टाटा मोटर्स अस्पताल समेत कई अस्पतालों की बिजली भी कट गयी. चूंकि, टाटा स्टील के भीतर और टाटा स्टील के टी एम एच समेत अन्य अस्पतालों में वैकल्पिक इंतजाम है, इस कारण तत्काल बिजली की सप्लाइ सामान्य हो गयी., इसको लेकर अभी अधिकारिक बयान आने का इंतजार किया जा रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया है कि बिजली जब कटी, तब जोरदार धमाका हुआ है और कंपनी में चिंगारी देखी गयी है. हालांकि, कंपनी की ओर से अब तक इसकी पुष्टि नहीं की गयी है कि ब्लैक आउट का कारण क्या है।

### पत्रकार रवि प्रकाश का निधन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया शोक

रांची(ईएमएस)।वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन सीएम हेमंत सोरेन ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल से उनकी तस्वीर साझा की है और कहा है कि जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं। आप बहुत याद आएंगे रवि भाई। बता दें कि रवि प्रकाश लंबे समय से लंग कैंसर से पीड़ित थे। उनकी डेढ़ महीने से मुंबई में कार-टी सेल थेरेपी चल रही थी। रवि पिछले 4 साल से इस बीमारी से जूझ रहे थे। साल 2023 में उनकी बीमारी बढ़ कर दिमाग में फैल गयी थी। बता दें कि 7 सितंबर को ही अमेरिका के तटीय शहर सैन डियेगो में उन्हें वर्ल्ड लंग कैंसर कांफ्रेंस में पेशेंट एडवोकेसी एडुकेशनल अवार्ड दिया गया था। वे यह पुरस्कार पाने वाले भारत के इकलौते व्यक्ति थे। यह अवार्ड इस लिए भी खास है क्योंकि वे खुद कैंसर के मरीज होते हुए भी कैंसर मरिजों की अवाज बने।

### लातेहार में मोबाइल दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

लातेहार(ईएमएस)।मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो- पंचफेडी चौक में रिंकू मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक दुकान में गुरुवार की रात्रि आग लग गई।इस अगलगी में दुकान में लाखों का सामान जल कर नष्ट हो गया।दुकान संचालक अनुराग कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की भांति वे गुरुवार 9:15 बजे रात्रि में दुकान बंद करके अपने घर गये थे।रात्रि लगभग 12 बजे मकान मालिक के द्वारा फोन पर सूचना मिली कि दुकान से धुआं निकल रहा है।इसके बाद जब वे अपने परिजनों के साथ दुकान पर पहुंचे तो देखें की दुकान में धुआं निकल रहा है।संचालक ने बताया कि जब दुकान खोले तो अंदर देख की दुकान का सामान जल रहा है।घटना की सूचना स्थानीय पुलिस एवं अग्निशमन लातेहार को दिया।इसके बाद अग्निशमन वाहन के आने के बाद आग पर काबू पाया गया। अनुराग कुमार ने बताया कि इस आगलगी से लगभग छह लाख रुपये का नुकसान हुआ है। अग्निशमन वाहन पहुंचने से लगभग 10 से 11 लाख रुपया का संपत्ति बच गया।आगलगी का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है।घटना की सूचना पाकर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह दुकान पर पहुंचे और दुकान संचालक को हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया।

### बिहार में पूर्व एमएलसी के घर एनआईए का छापा, 19 घंटे चली कार्रवाई

गया। गया में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर एनआईए टीम ने छामा मारा, यह छापेमारी करीब 19 घंटे तक चली। गुरुवार सुबह 5 बजे टीम आई और रात 12 बजे घर से बाहर निकली है। टीम अपने साथ 4.03 करोड़ से ज्यादा कैश, कारोबार से जुड़े के कागजात और निजी गार्ड के हथियार जब्त कर पटना ले गई। कैश गिनने के लिए दो मशीनें मंगवाई गई थीं।इस पर मनोरमा देवी ने कहा कि जो पैसे एनआईए ले गई है वे बैंक के थे। बैंक से कर्ज लिया था। उसके कागजात उन्हें दे दिए गए हैं। एनआईए को कुछ नहीं मिला है। हमारा होटल, कंस्ट्रक्शन कंपनी, पहाड़ क्रशर और बालू ठेके का काम है। जब्त सूची पढ़ी है। जब उनसे पूछा गया कि कितने रुपए जब्त किए गए, तो वे बात टाल गईं।इसके अलावा एनआईए ने बांके बाजार के गोइठा स्थित सिमरन ट्रेवल्स के प्रोपराइटर द्वारिका यादव के घर पर भी छापे मारा। यहां करीब तीन-चार घंटे चली छापेमारी के बाद टीम द्वारिका यादव के घर से एक लैपटॉप, सीडीआर व अन्य दस्तावेज साथ ले गई है। एनआईए की टीम ने बताया कि नक्सली कनेक्शन की भी जांच के लिए बिहार के पांच स्थानों पर छापेमारी की गई और चार करोड़ तीन लाख रुपए बरामद किए हैं।

### प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के तीन कैडर गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल : मणिपुर में सुरक्षा बलों ने एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों को वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, ये तीनों कैडर प्रतिबंधित कंगलेई यावल कांबा लुप (केवाईकेए) संगठन से जुड़े हैं। इन्हें गुरुवार को इंफाल पश्चिम के घरी क्षेत्र में सेकमाई और थांगमेइबंद क्षेत्रों में वसूली के मामले में पकड़ा गया। उनकी पहचान मैइबाम ब्रॉन्सन सिंह, युमनाम लंचेंबा और सउबाम नोंगपोकंगबा मीतई के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक उनके पास से एक 9 मिमी पिस्तौल, एक मैगजीन और जीवित गोला-बारूद बरामद किया गया।

### सीबीआई को जमीन के बदले नौकरी घोटाले में लालू के खिलाफ केस चलाने की अनुमति मिली

नई दिल्ली (ईएमएस)। सीबीआई ने कथित भूमि-के-लिए-नौकरी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। सीबीआई ने यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि इस मामले में करीब 30 अन्य आरोपी हैं जिनके लिए अभियोजन की मंजूरी का इंतजार है। सीबीआई ने अदालत से अनुरोध किया कि अपेक्षित दस्तावेज हासिल करने के लिए उसे 15 दिन का और समय दिया जाए। अदालत ने सीबीआई को अन्य आरोपियों के लिए मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को तय की। अधिकारियों के अनुसार, यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। यह नियुक्ति लालू प्रसाद के 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान की गई थी। इन नियुक्तियों के बदले में नियुक्तियों में शामिल लोगों द्वारा राजद सुप्रीमो के परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन के टुकड़े उपहार में दिए गए या हस्तांतरित किए गए।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 36 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# किसानों को बोनस, जल सहिया को मिलेगा 12 हजार प्रोत्साहन राशि व मोबाइल

रांची(ईएमएस)। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित झारखंड कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर अपनी सहमति प्रदान की। कैबिनेट में कुल 36 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक में ज्ञानोदय स्कूल में स्मार्ट क्लास की स्वीकृति,चाईबासा में बालंडिया मंझगांव पथ 44.48 केएम के लिए 31 करोड़ की स्वीकृति,शहरी स्थानीय निकाय में संविदा के आधार पर 107 इंजीनियरों की बहाली होगी,दुमका के सुम्बेश्वर नाथ मंदिर में पहुंच पथ के लिए 38.27 करोड़ की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने केंद्र के रिकंस्ट्रक्शन ऑफ मोहम्मदगंज टू हैदरनगर के 17.37 केएम सड़क के लिए 92 करोड़ की स्वीकृति, इसमें 23.36 करोड़ राज्यांश के तहत वहां बिरसा चौक से धुर्वा गोलचक्कर तक फोर लेन सड़क, गोलचक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग तक राइडिंग क्वालिटी सुधार के लिए 47 करोड़ की स्वीकृति,दुमका जिला के पोरैयाहाट में डिग्री कॉलेज महाविद्यालय निर्माण के लिए 39.51 करोड़ की स्वीकृति दी।इसके अलावा आरएसपी कॉलेज झरिया के नए भवन निर्माण के लिए 67.12 करोड़ की स्वीकृति ,राजकीय पेंशनधारियों का महंगाई भत्ता 2030 प्रतिशत से बढ़कर 2023 2031 कर दिया गया। राजकीय फार्मेसी संस्थान बरियातू रांची में बी फार्मा पाठ्यक्रम




शुरू करने के लिए 35 पदों पर होना सृजन पर सहमति बनी। किसानों को धन प्राप्ति के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावे राज्य सरकार अपने तरफ से 100 प्रति क्विंटल बोनस देगी, इसके लिए 60 करोड़ स्वीकृत हुआ। इसके अलावा जल सहिया को मिलेगा बारह हजार रुपए प्रोत्साहन राशि,जल सहिया को स्मार्टफोन मिलेगा।

#### कैबिनेट के अन्य प्रस्ताव

चाईबासा में बालंडिया मंझगांव पथ 44.48 केएम के लिए 31 करोड़ की स्वीकृति।शहरी स्थानीय निकाय में संविदा के आधार पर 107 इंजीनियरों की बहाली होगी। दुमका के सुम्बेश्वर नाथ मंदिर में पहुंच पथ के लिए 38.27 करोड़ की स्वीकृति। केंद्र के रिकंस्ट्रक्शन ऑफ मोहम्मदगंज टू हैदरनगर के 17.37 केएम सड़क के लिए 92 करोड़ की स्वीकृति, इसमें 23.36 करोड़ राज्यांश के तहत वहां बिरसा चौक से धुर्वा गोलचक्कर तक फोर लेन सड़क, गोलचक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग तक राइडिंग क्वालिटी सुधार के लिए 47 करोड़ की स्वीकृति।

दुमका जिला के पोरैयाहाट में डिग्री कॉलेज महाविद्यालय निर्माण के लिए 39.51 करोड़ की स्वीकृति।

आरएसपी कॉलेज झरिया के नए भवन निर्माण के लिए 67.12 करोड़ की स्वीकृति। राजकीय पेंशनधारियों का महंगाई भत्ता 2030 प्रतिशत से बढ़कर 2023 2031 कर दिया गया राजकीय फार्मेसी संस्थान बरियातू रांची में बी फार्मा पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए 35 पदों पर होना सृजन।

किसानों को धन प्राप्ति के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावे राज्य सरकार अपने तरफ से 100 प्रति क्विंटल बोनस देगी,इसके लिए 60 करोड़ स्वीकृत।

### आईएएस पूजा सिंघल की बेल पर सुनवाई पूरी फैसला सुरक्षित

रांची : निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. ईडी और बचाव पक्ष दोनों ओर से बहस पूरी हो गयी है. इसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की. पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. बता दें कि ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल सहित अन्य के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ कैश बरामद किया गया था. छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था. दोनो से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी.

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को निष्पक्ष व कदाचार मुक्त कराने को लेकर डीजीपी ने जारी किया निर्देश

रांची : झारखंड में जेएसएससी द्वारा आयोजित होने वाले संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय सख्त है. यह परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के कुल 823 केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा. इसे लेकर सीएम हेमंत सोरेन द्वारा निष्पक्ष, कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए समीक्षा बैठक कर सभी जिलों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया. उन्हीं निर्देशों के अनुपालन के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिले के एसएसपी, एसपी को सख्त निर्देश जारी किये हैं. परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे यह सुनिश्चित किया जा रहा है. जिला स्तर पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गये हैं. परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल न हो, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है. परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखी जायेगी. हर स्तर पर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है. सोशल मीडिया माध्यमों पर भी निगरानी किए जाने का निर्देश दिया गया. किसी भी अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति संबंधी सूचना संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक, कन्ट्रोल रूम और जिलों द्वारा जारी नंबर पर दिया जा सकता है.

#### अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

डीजीपी ने जारी आदेश में कहा है कि पेपर लीक से संबंधित कोई भी अफवाह या झूठी खबरें सोशल मीडिया के माध्यम से न फैले इस



संबंध में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. परीक्षा को बदनाम करने वालों पर भी त्वरित कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी.

#### डीजीपी ने जारी किए ये दिशा निर्देश

प्रत्येक जिले में प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने हेतु बनाए जाने वाले स्ट्रॉन्ग रूम में और उसके चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये. जिलों में बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के रुकने वाले स्थान जैसे होटल, लॉज, रिसॉर्ट, गेस्ट हाउस इत्यादि पर कड़ी नजर रखी जाये और उन स्थानों पर लगातार चेकिंग कराया जाये, ताकि अवांछित तत्वों का जमावाड़ा नहीं हो सके.

परीक्षा केन्द्रों के परिसरों के अतिरिक्त मुख्य द्वार पर भी सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये, ताकि प्रश्न पत्र लाने वाले गाड़ियों, परीक्षार्थियों और अन्य लोगों के आने जाने पर निगरानी रखी जा सके. परीक्षार्थियों के रहने वाले स्थल जैसे होटल, लॉज, रिसॉट, गेस्ट हाउस इत्यादि जगहों पर उपलब्धता के आधार पर बलों की प्रतिनियुक्ति की जाये. परीक्षा केन्द्रों और इसके आसपास इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के उपयोग किए जाने के संदर्भ में कड़ी नजर रखी जाये, ताकि इसका गलत इस्तेमाल न हो सके. परीक्षा केन्द्र में आने वाले परीक्षार्थियों का सही तरीके से फ्रिसकिंग किया जाये, ताकि अवांछित सामानों को लेकर अन्दर ना जा सके. इसके साथ-साथ परीक्षार्थियों द्वारा पहने जाने वाले घड़ी और चश्मा का भी सही तरीके से फ्रिसकिंग कराया जाये. ट्रेनों के अवागमन के समय जीआरपी और आरपीएफ के साथ समन्वय स्थापित कर निगरानी रखी जाये. जिलों के साइबर सेल के माध्यम से सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखी जाये. सभी थाना के द्वारा थाना क्षेत्र में अवस्थित सभी होटल, लॉज, रिसॉट, गेस्ट हाउस इत्यादि के मालिकों को परीक्षा के क्रम में आने और ठहरने वाले व्यक्तियों की का डिटेल लेने का निर्देश.

## आखिरकार 23 घंटे बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनी हठ छोड़ी, बॉर्डर खोला

धनबाद (ईएमएस)। आखिरकार 23 घंटे बाद पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने अपनी हठ छोड़ी और शुक्रवार की शाम साढ़े छः बजे बॉर्डर खोला गया। इसके बाद सीमा पर खड़े वाहनों ने बंगाल में प्रवेश करना शुरू किया। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा झारखंड से जाने वाले वाहनों पर रोक लगा दी गयी थी,उसके जबाब में भाकपा माले नेता अरूप चटर्जी के समर्थकों द्वारा भी पश्चिम बंगाल के वाहनों को झारखंड में आने से रोक दिया। इसमें वाहन चालक भी माले समर्थकों को समर्थन में खड़े हो गये थे।इस कारण पश्चिम बंगाल में भी सड़क जाम हो गयी और वाहनों




की लंबी कतारें लग गयी।इसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार को समझ में आया कि जैसे को तैसा हो गया। इसके बाद पश्चिम बंगाल ने अपनी सीमा खोल दी।बंगाल में आयी बाढ़ को लेकर ममता ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराते सीमा बंद कर दी थी।बता दें कि पश्चिम बंगाल में आयी बाढ़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराते हुए झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की आवाजाही को अगले तीन दिनों तक रोक दिया है। इसकी वजह से धनबाद के निरसा और रांची से सटे पुरुलिया बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट कर इस कार्रवाई को असंवैधानिक करार दिया है।उन्होंने झारखंड सरकार पर भी सवाल उठाया है। कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप क्यों हैं? बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जब ज्यादा बारिश होती है, तो झारखंड को पानी छोड़ना ही पड़ता है, यह एक सामान्य प्रक्रिया है।

## झारखण्ड में उत्पाद सिपाही दौड़ में एक और अभ्यर्थी की मौत

#### आधा दर्जन की बिगड़ी तबियत

गिरिडीह : झारखण्ड में उत्पाद सिपाही की दौड़ ने आज फिर फिर एक युवक की जान ली है। इस बार गिरिडीह में युवक ने दम तोड़ा है। युवक राजधनवार का निवासी 28 वर्षीय दर्शन राय उर्फ विरंची था। घटना शुक्रवार की सुबह की है। घटना को लेकर मृतक के चचेरा भाई चंदन राय ने बताया कि दर्शन सिपाही की बहाली में शामिल होने आया था। शुक्रवार की सुबह वह दौड़ में शामिल हुआ।दौड़ के दौरान उसने 1800 मीटर कम्प्लीट भी कर लिया इसके बाद उसकी सांस



फूलने लगी। तबियत बिगड़ने के बाद उसे प्रशासन के द्वारा ही किसी तरह सदर अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चंदन राय ने बताया कि जहां दौड़ हो रही है वहां मेडिकल व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। इसी लापरवाही के कारण युवक की जान चली गई है।

## राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान के शताब्दी समारोह में कहा

# कृषि आधारित उद्योग को बढ़ावा देने की है जरूरत

रांची(ईएमएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को रांची में आईसीएआर- राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान (एनआईएसए) के शताब्दी समारोह में भाग लिया।इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि खेती को लाभप्रद बनाने के अलावा 21वीं सदी में कृषि के समक्ष तीन अन्य बड़ी चुनौतियां हैं। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, संसाधनों का सतत उपयोग और जलवायु परिवर्तन। उन्होंने कहा कि द्वितीयक कृषि से जुड़ी गतिविधियां इन चुनौतियों से निपटने में सहायक हो सकती हैं। द्वितीयक कृषि में प्राथमिक कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के साथ-साथ मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन आदि जैसी कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि द्वितीयक कृषि गतिविधियों के माध्यम से कृषि अपशिष्ट का समुचित उपयोग किया जा सकता है। उन्हें प्रसंस्कृत करके उपयोगी और मूल्यवान चीजें बनाई जा सकती हैं।

इस तरह पर्यावरण की रक्षा होगी और किसानों की आय भी बढ़ेगी।राष्ट्रपति ने कहा



कि भारत में लाख का उत्पादन मुख्य रूप से आदिवासी समुदाय द्वारा किया जाता है। यह उनकी आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान ने लाख, प्राकृतिक रेजिन और गोंद के अनुसंधान और विकास के साथ-साथ वाणिज्यिक विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। इसमें एक छोटी लाख प्रसंस्करण इकाई और एक एकीकृत लाख प्रसंस्करण इकाई का विकास; लाख आधारित प्राकृतिक पेंट, वार्निश और कॉस्मेटिक उत्पादों का विकास; फलों, सब्जियों और मसालों की शेल्फ-लाइफ बढ़ाने के लिए लाख आधारित कोटिंग का विकास शामिल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी कदम आदिवासी भाई-बहनों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि आज का युग विध्वंसकारी प्रौद्योगिकियों का युग है। हमें इन प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के साथ हमें इनके दुष्प्रभावों से भी बचना होगा। वे यह जानकार प्रसन्न हुईं कि एनआइएसए में ऑटोमेशन और प्लांट इंजीनियरिंग डिवीजन की स्थापना की गई है, जो रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-सक्षम उपकरणों के विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।राष्ट्रपति ने कहा कि एनआइएसए ने लाख की खेती में अच्छा काम किया है। लेकिन, अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हम और आगे बढ़ सकते हैं। जैसे, फार्मास्यूटिकल्स और कॉस्मेटिक्स उद्योगों में उच्च गुणवत्ता वाली लाख की मांग है। अगर भारतीय लाख की गुणवत्ता, आपूर्ति श्रृंखला और विपणन में सुधार किया जाए, तो हमारे किसान देश-विदेश में इसकी आपूर्ति कर सकेंगे और उन्हें बेहतर मूल्य मिलेगा।

#### राष्ट्रपति ने राजभवन में किया मूर्ति गार्डेन का उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा परिकल्पित झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं से सुसज्जित मूर्ति गार्डेन का उद्घाटन शुक्रवार को राज भवन में किया गया।इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की भी उपस्थिति रही। मूर्ति गार्डेन में युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के अतिरिक्त झारखंड के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी गया मुंडा, जतरा टाना भगत, तेलंगा खड़िया, नीलांबर-पीतांबर, सिदो- कान्हू, तिलका मांझी, दिवा-किसुन, वीर बुधू भगत के अतिरिक्त परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।इसके अलावा राष्ट्रपति के राज भवन से प्रस्थान के क्रम में राज्यपाल ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया।गौरतलब है कि अपने दो दिवसीय दौरे पर राष्ट्रपति 19 सितंबर को रांची पहुंची हैं। वे शुक्रवार को लाह शोध संस्थान, नामकुम में एक कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के तौर पर सम्मिलित होने आयी हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## महिला का शव मिला

मुजफ्फरपुर (ईएमएस)। यहां देर रात एक महिला का शव उसके किराए के घर में मिला। 15 दिन पहले रेंट पर रहने महिला पति के साथ आई थी। इस महिला को छोड़कर वे लोग चले गए। वो अकेले कमरे में थी। कमरे से जब बदबू आने लगी तो आसपास के किराएदारों ने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी।मकान मालिक ने ताला तोड़ा तो पता चला लाश पड़ी है। पुलिस के अनुसार लाश कई दिन पुरानी है। मृतका पूर्वी चंपारण के हुसेनी गांव की रहने वाली थी। यह मामला क्षेत्र के कोल्हूआ पैगंबरपुर मिडिल स्कूल के पास का है। अहियापुर पुलिस ने मकान मालिक से पूछताछ की। वह महिला का नाम नहीं बता पाए। मकान मालिक ने पुलिस को पूर्वी चंपारण के रवि के आधार कार्ड की छाया प्रति दी है। जिस युवक के आधार कार्ड की छाया प्रति दी गई उसे महिला ने अपना भाई बताया था। अहियापुर थानेदार ने कहा कि बाहर से बंद कमरे में महिला का शव मिला है। एफएसएल से छानबीन कराई जा रही है। मकान मालिक ने एक आधार कार्ड दिया है। उससे महिला का सुराग लगाया जा रहा है। हालाकि पुलिस ने लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चलेगा। एसडीपीओ-2 विनिता ने कहा कि शव पुराना लग रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एपएसएल टीम घटना स्थल की जांच कर रही है। अन्य किराएदार से पता चला कि कुछ दिन पहले महिला डॉक्टर से मिलने गई थी। महिला की मौत बीमारी या किसी और वजह से हुई। बिना पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट कहना कठिन है।

## कावर झील को लेकर आमने-सामने किसान और नीतिश सरकार

बेगूसराय (ईएमएस)। बेगूसराय के कावर झील को मीठे पानी के सबसे बड़े झील के तौर पर पहचाना जाता है। बिहार में शुरू हुए सर्वे के बाद अब इसकी जमीन को लेकर हंगामा शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि झील के लिए ली गई करीब 10 हजार एकड़ जमीन हमारी है।कावर झील में करीब 15 हजार 780 एकड़ जमीन है। इसमें सामान्य तौर पर 3 से 5 हजार एकड़ जमीन में पानी भरा रहता है। पानी बढ़ने पर 6 से 7 हजार एकड़ में पहुंचता है, लेकिन ग्रामीणों का दावा है कि पहले झील और फिर पक्षी विहार बनाने के लिए आसपास के करीब 7 हजार परिवारों की 15 हजार 780 एकड़ जमीन ले ली गई। अब वन विभाग ने पत्र जारी कर होने वाले सर्वे में पूरी जमीन को अपना बता दिया है। इसके बाद ही स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। उनका कहना है कि पहले जमीन गई, अब इसके सहारे चल रही रोजी-रोटी चली जाएगी।किसानों का कहना है कि कावर की जमीन सरकारी नहीं, बल्कि हमारी पुश्तैनी है। 1986 में तत्कालीन डीएम ने गलत तरीके से जिला गजट कर करीब 15 हजार 780 एकड़ जमीन को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा-1927 और वन्य जीव संरक्षण आश्रयणी की धारा-1972 के तहत संरक्षित कर दिया। इसके बाद साल 1989 में राज्य सरकार ने भी गजट प्रकाशित कर दिया। इस समय से किसान जहां-तहां आवेदन दे रहे थे, न्यायालय का चक्कर लगा रहे थे।

## पीएमसीएच में बंद कमरे में पति पत्नी से मारपीट

### गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज पर मामला दर्ज

पटना (ईएमएस)। पटना के पीएमसीएच में सास का इलाज करने आए पति-पत्नी विकास कुमार और ज्योति कुमारी ने गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज पर मारपीट का आरोप लगाया है। दरअसल, औरंगाबाद जिले के घोड़ा डिहरी निवासी पति-पत्नी 17 सितंबर को मां का इलाज कराने पहुंचे थे। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद सभी ओपीडी बिल्डिंग के रूम नंबर 112 में गए। तभी डॉक्टर की सीट खाली थी, कमरे में कोई स्वास्थ्यकर्मी भी नहीं था। तभी ज्योति खाली कुर्सी और कमरे का वीडियो बनाने लगी।ज्योति को वीडियो बनते देख गार्ड ने अपने साथी को बुलाया और मोबाइल छीनने के लिए बदसलूकी करने लगा। तभी ड्यूटी इंचार्ज पहुंचा और कमरा बंद कर पति-पत्नी को पीटने लगे, किसी तरह कमरे का गेट खोल कर ज्योति बाहर आई और विकास कमरे के अंदर ही फंस गया। शोर मचाने पर भीड़ जुट गई। भीड़ देख आरोपियों ने विकास को छोड़ दिया।वहीं पीड़िता ने पुलिस को घटना का वीडियो भी उपलब्ध कराया है। दोनों ने अस्पताल के गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल पीरबहोर पुलिस ने पीएमसीएच के आला प्रभारी को जांच का जिम्मा सौंप है और जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश जारी किया है। घटना को लेकर पीरबहोर थानेदार अब्दुल हलीम ने बताया कि गार्ड और ड्यूटी इंचार्ज के द्वारा बंधक बनाकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी की जांच हो रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीबीआई को केंद्र से मंजूरी, संकट में लालू कुनबा

पटना (ईएमएस)। केन्द्र की मोदी सरकार ने सीबीआई को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने इसकी जानकारी राउज एवेन्यू कोर्ट को दी है। इसके पहले 18 सितंबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। पहली बार कोर्ट ने मामले में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप, अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने कहा है कि तेजप्रताप की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इसमें से 4 की मौत हो चुकी है। इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व. लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत की है। कोर्ट ने मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था। इस मामले में अब 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। सभी को कोर्ट में पेश होना होगा।

## आरजेडी के कई नेताओं की गाड़ियों के चालान काटे

पटना (ईएमएस)। यहां आरजेडी कार्यालय के बाहर नो पार्किंग जोन में खड़ी पार्टी के नेताओं की गाड़ियों का चालान काटा गया है। दरअसल सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान पार्टी ऑफिस के बाद गाड़ियों का लंबा काफिला लगा था व ट्रैफिक जाम के हालात बन गये थे। फिर नए ट्रैफिक एसपी खुद मौके पर पहुंचे और नेताओं की गाड़ियों का चालान काटा।इस कार्रवाई पर आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह ने कहा कि वीरचंद पटेल पथ पर आरजेडी का सदस्यता अभियान चल रहा था। नेता प्रतिपक्ष भी वहां थे। बाहर कई नेताओं की गाड़ियां लगी हुई थीं। बीजेपी और मुख्यमंत्री आवास के निर्देश पर यह चालान काटा गया है। नियम का पालन होना चाहिए। बीजेपी व जेडीयू कार्यालय के बाहर भी कई गाड़ियां लगी रहती हैं। समानता के भाव के साथ कार्रवाई होनी चाहिए। यह सत्ता की गुलामी नहीं तो क्या है। सत्ताधारी पार्टियों के कार्यक्रम से जुड़ी गाड़ियों का वीडियो आरजेडी हर दिन जारी करेगी। हमारे लोग नियम का पालन करेंगे। भेदभाव के साथ नियम पर चुप भी नहीं बैठेंगे। इस मामले पर ट्रैफिक एसपी ने कहा कि किसी भी पार्टी के नेता गलत तरीके से गाड़ियां लगाएंगे तो कार्रवाई करेंगे। हमारे पास कॉमन लोगों ने कंप्लेंड की थी। भाजपा के कार्यक्रम में भी नियम का उल्लंघन होगा तो चालान कटेगा।

## राज्यपाल ने मिशन टोटल सेग्रीगेशन शुरु किया

पटना (ईएमएस)। बिहार में मिशन टोटल सेग्रीगेशन की शुरुआत हो गई है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इसकी शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि आज संकल्प लेने का दिन है। संकल्प बल्कि काम करने के लिए लेते हैं। इस कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन, डिप्टी सीएम, विजय सिन्हा और विधानसभा स्पीकर नंद किशोर यादव भी मौजूद रहे।मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि पटना में 375 टीमों का गठन किया है। हर टीम में महिलाएं भी होंगी। टीम के सदस्य हर घर से सूखा और गीला कचरा उठाएंगे। यहां जल्द ही एक प्रोसेसिंग यूनिट लगेगा। 500 स्कूलों के बच्चों को भी इस अभियान से जोड़ा है। हर स्कूल में स्वच्छता गीत गाएंगे। जल्द ही शिक्षा विभाग सभी स्कूलों में इसे लागू करेगी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि नगर निगम को प्रॉफिट यूनिट बनाना होगा। कचरा प्रबंधन को सफल बनाने के लिए यदि 5 हजार करोड़ भी लगेंगे तो वित्त विभाग देने को तैयार है। इसे ज्यादा लंबे समय तक खींचना ठीक नहीं है।

# बारिश नहीं फिर भी बाढ़ जैसे हालात, पानी में बही एप्रोच रोड, कई क्षेत्रों से संपर्क टूटा

पटना,(ईएमएस)। बिहार में पांच दिनों तक मानसून कमजोर रहेगा। कुछ जिलों में बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। बिहार में भले ही बारिश नहीं हो रही हो, लेकिन पटना समेत कई जिलों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। पटना में गंगा का जलस्तर बढ़ने से दियारा इलाके में बाढ़ जैसे हालत पैदा हो गए हैं। बाढ़ अनुमंडल के कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं।वहीं कैमूर में कर्मनासा नदी उफान पर है। इससे बिहार का उत्तरप्रदेश से संपर्क टूट गया है। छपरा में एनएच-19 पर बाढ़ का पानी बह रहा है। सुपौल में कोसी नदी में पुल का 200 मीटर का एप्रोच पथ पानी में बह गया जिससे दरभंगा, मधुबनी के दर्जनों गांव से संपर्क टूट गया है। अब यहां नाव से इधर से उधर




जाया जा रहा है। वैशाली में भी गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यहां मुख्य सड़क समेत कई ग्रामीण सड़कों पर बाढ़ का पानी भर गया गया है।समस्तीपुर से गुजरने वाली गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। गुरुवार को खतरे के निशान से 2.05 सेमी ऊपर बह रही थी। गंगा का लगातार जलस्तर बढ़ने से मोहनपुर मोहिउद्दीन नगर और विद्यापति नगर प्रखंड के 25 से ज्यादा गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। कई जगहों पर सड़क संपर्क टूट गया है। मोहनपुर प्रखंड के गांव की स्थिति ज्यादा गंभीर है। यहां धरनी पट्टी पंचायत के अधिकतर गांव से जिला और प्रखंड मुख्यालय का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। लोग नाव के सहारे ही आवाजाही कर रहे हैं।दोबारा गंगा नदी में आई बाढ़ से दियारा इलाकों की स्थिति गंभीर है। इन इलाकों के प्राइमरी और मध्य विद्यालय को बंद कर दिया है। बिंदगामा से जौनपुर जाने वाली सड़क पर करीब एक से डेढ़ फीट पानी बह रहा है। इसी तरह डुमरी से दियारा मोड जाने वाली सड़क पर भी पानी है। सड़क पर पानी चढ़ जाने के कारण इस इलाके के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। लोग नाव के सहारे आवाजाही को मजबूर हैं।मोहिउद्दीन नगर प्रखंड में गंगा नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के 8 पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कई सड़कों पर बाढ़ का पानी बहने से सड़क यातायात बंद हो गया है। उधर, विद्यापति नगर प्रखंड के भी आधा दर्जन दियारा इलाके के पंचायत में गंगा नदी का पानी भर गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच डीएम रोशन कुशवाहा द्वारा अंचल मोहनपुर मोहिद्दीन नगर और विद्यापति नगर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया गया है। सभी संबंधित पदाधिकारियों और संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए हैं।

## सांप के डसने से बच्ची की मौत

आरा (ईएमएस)। बिहार में भोजपुर जिले के टीकापुर गांव में सांप के डसने से घर में सो रही बच्ची की मौत हो गई। उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गयी। मृत बच्ची बहोरनपुर थाना क्षेत्र के टिकापुर के अशोक की बेटी नैनी है। बच्ची के चाचा दीपक ने कहा कि उसकी मां ने जमीन पर उसे सुलाया था। इसी बीच सांप ने डस लिया। जब उसने रोना शुरू किया तो उसकी मां कमरे में गई। उसने देखा कि सांप ने उसे डसा है। बाढ़ का पानी घर के चारों तरफ भर जाने से नाव ढूंढने में 3 घंटे लग गए। फिर परिजन उसे नाव से चंदा केवटिया गांव तक ले आए। इसके बाद बाइक से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर परिजनों ने सूचना अस्पताल में पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बाढ़ से ही इस मासूम बच्ची की जान चली गई है। परिजन कुछ ना कर पाए। बताया जाता है कि मृत बच्ची के परिवार में

# दलितों के घरों में आग लगाने का मुख्य आरोपी है नंदू पासवान, बिहार पुलिस से हुआ रिटायर

नवादा(ईएमएस)। जिले में महादलितों के घरों को आग लगाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी नंदू पासवान समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। नंदू बिहार पुलिस का रिटायर्ड जवान है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। नंदू का बेटा भी पुलिस गिरफ्त में है। बुधवार रात करीब 100-150 लोगों ने फायरिंग कर मुफस्सिल थाना इलाके की भदोखरा पंचायत के देदौरा गांव स्थित कृष्णा नगर टोले में हमला किया था। आरोपियों ने महादलित परिवार के घरों को आग के हवाले कर दिया। उस वक्त घरों के बाहर बैठकर खाना खा रहे थे।जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने इस कांड को अंजाम दिया। जिस जगह पर आगजनी की गई, वहां की जमीन का कोर्ट में केस चल रहा है। डीएम और एसपी की रिलीज के अनुसार कृष्णा नगर के संजय माझी के बेटे व्यास मुनी ने मौके पर बताया कि उक्त जमीन पर वर्तमान में नवादा कोर्ट में टाइटल



सूट संख्या 22/1995 चल रहा है। इस कांड का मास्टरमाइंड 70 साल का नंदू पासवान बताया जा रहा है। वह बिहार पुलिस में सिपाही था और 2014 में रिटायर्ड हो चुका है। उसका बेटा नागेश्वर पासवान भदोखरा वार्ड नंबर 16 (कृष्णा नगर) का वार्ड सदस्य है। वहीं, नंदू की बहू सरिता भारती आंगनबाड़ी सेविका का काम करती है। बता दें कि घटना भयावहता को देख महिलाएं एवं पुरुष अपने बच्चों को लेकर घर छोड़कर भागने लगे। घरों के अंदर बंधी बकरियां और मुर्गियां आग की भेंट चढ़ गईं। हमलावरों ने आग लगाने के साथ ही कुछ घरों में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने 28 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

## लालू के करीबी माना जाने वाला रेत माफिया गिरफ्तार

पटना(ईएमएस)। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने बिहार से लेकर झारखंड तक बेहद चर्चित रेत माफिया और कोल माफिया पूंज कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले बिहार में मार्च महीने में कई रेत और कोल माफियाओं के यहां सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई को अंजाम दिया गया था। उसी सर्च ऑपरेशन के दौरान आरजेडी के बेहद चर्चित नेता सुभाष यादव के यहां भी सर्च ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। सुभाष यादव के बारे में बिहार के राजनीतिक गलियारों से जुड़े लोग कहते हैं की ये बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिजनों के साथ इनका करीबी संबंध है। जांच एजेंसी के द्वारा उस सर्च ऑपरेशन के दौरान काफी दस्तावेजों, चल-अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, संदिग्ध बैंकिंग लेनदेन सहित कई अन्य रेत और कोल माफियाओं से जुड़े कनेक्शन को खंगाला और जब्त किया गया था। सुभाष यादव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पार्टी की तरफ से पिछली बार झारखंड के चतरा लोकसभा से उम्मीदवार भी रह चुके हैं, हालांकि उस चुनाव में वो हार गए थे। बिहार के राजनीतिक गलियारों के सूत्र तो ये भी बताते हैं की सुभाष यादव को आरजेडी पार्टी में एक बड़ा फाइनेंसर के तौर पर देखा जाता है। इनकी खुद की काफी चल-अचल संपत्ति है।

# निगरानी टीम ने दारोगा और चौकीदार को रंगे हाथ दबोचा, पिता का नाम हटाने के लिए मांगी थी रिश्वत

मोतिहारी : निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने शुक्रवार को एक केस में मैनेज करने के लिए अठारह हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी रक्सौल थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक संजीवन पासवान और चौकीदार रोहित पासवान हैं। इनकी गिरफ्तारी नागा रोड, वार्ड नं0-22 स्थित बच्चा गिरी के घर के द्वितीय तल के किराये के एक मकान से रंगे हाथ की गई है।



### केस में पिता का नाम हटाने के लिए माँगा था अठारह हजार

इस मामले में विशेष रूप से जानकारी देते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारी ने बताया कि पश्चिम चम्पारण जिला के गौनाहा थाना क्षेत्र के माधोपुर बैरिया निवासी मनोज सिंह के पुत्र विपुल सिंह परिवादी हैं। उन्होंने 31 जुलाई को शिकायत दर्ज कराया था कि आरोपी दारोगा संजीवन पासवान और चौकीदार रोहित कुमार दोनों रक्सौल थाना में 3 अप्रैल 2024 को दर्ज किये गये कांड सं0-113/24 में से परिवादी के पिताजी का नाम कटवाने और केस डायरी में मदद करने के लिए बीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की गई, जिसमें परिवादी की शिकायत का सत्यापन कराया गया।

### टीम ने रंगे हाथ दबोचा

सत्यापन के क्रम में आरोपियों द्वारा 18,000/- (अठारह हजार) रुपये रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण पाया गया। आरोप सही पाये जाने के बाद उपरोक्त कांड अंकित कर अनुसंधानकर्ता पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त दारोगा संजीवन पासवान और चौकीदार रोहित पासवान कोअठारह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

# फर्जी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई तेज, राज्य स्वास्थ्य विभाग की टीम के औचक निरीक्षण से हड़कंप

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले के सरैया अनुमंडल क्षेत्र में फर्जी और अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ राज्य स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। सरैया बाजार में एक निजी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें भारी खामियां पाई गईं। अस्पताल में नर्सिंग एक्ट का पालन नहीं हो रहा था, डॉक्टरों के पास एमबीबीएस की डिग्री नहीं थी, और कई अन्य अनियमितताएं थीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिविल सर्जन को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के प्रधान सचिव डॉ. एलबी सिंह द्वारा सरैया और पारू प्रखंड के निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 2011 के तहत सूचना पट्ट लगाने में लापरवाही और अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, साथ ही बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल चलाए जाने जैसी खामियां सामने आईं। मझौलिया के एक अस्पताल में फर्जी डॉक्टर रवि कुमार द्वारा एमबीबीएस जनरल फिजीशियन और सर्जन के नाम पर अवैध रूप से संचालन किया जा रहा था। इससे पहले भी फर्जी अस्पतालों और डॉक्टरों के खिलाफ शिकायतें मिली थीं, लेकिन कार्रवाई के डर से ये लोग फरार हो जाते हैं। वैशाली जिले से कार्रवाई के बाद ये लोग मुजफ्फरपुर जिले के पारू प्रखंड में अपना अवैध धंधा चला रहे थे। प्रधान सचिव डॉ. एलबी सिंह ने सिविल सर्जन को इस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करने की सिफारिश की है।

# पुलिस वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति की इलाज के समय मौत

मुंगेर में सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान सुबह को मौत हो गई। उसके बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे, जहां उन्होंने मां अंबे चौक के पास शव को सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर कोतवाली कासिम बाजार और पूरबसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और गुस्साए परिजनों को समझाने में जुट गई। मृतक की पहचान कासिम बाजार थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर रोड नंबर एक निवासी प्रकाश यादव के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रकाश यादव गुरुवार की देर शाम सब्जी खरीदने के लिए कौड़ा मैदान गया था। इसी दौरान मां अंबे चौक पर सामने



से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके कारण वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल अवस्था में देख वाहन पर बैठे पुलिसकर्मियों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने कहा कि जब हम लोगो को जानकारी मिली तो हम लोग सदर अस्पताल पहुंचे, जहां प्रकाश यादव की स्थिति गंभीर थी। डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया, लेकिन एंबुलेंस नहीं रहने के कारण हम लोगों ने सदर अस्पताल में इलाज करवाया। लेकिन आज सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस वाहन की टक्कर से प्रकाश यादव की मौत हो गई है। वहीं, सड़क जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची तीन थानों की पुलिस परिजनों को समझाने में जुट गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।


झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो।

ई– अति–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा संख्या :- 17/RI/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक – 19.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/BOKARO/ 32/2024-25 | आर0ई0ओ0 रोड जोशी से आर0ई0ओ0 स्टेशन रोड भाया बड़ गाछ तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.020 कि0मी0)। | 81,12,800.00 | इक्यासी लाख बारह हजार आठ सौ रू0 मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 23.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.09.2024 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, बोकारो।

PR 336333 (Rural Work Department) 24-25 (D)



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड– 815301

ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0:– 26/2024-25/RWD/EE/GIRIDIH दिनांकः– 18.09.2024 ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/GIRIDIH/STPKG/40/ 2024-25 | (i) पीपरा मोड़ (खवासटॉड़) से बिरगडी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.100 कि0मी0)<br>(ii) एल048–टी03 से केन्दुआडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.500 कि0मी0)<br>(iii) महेशलिट्टी से लुकुरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.600 कि0मी0)<br>(iv) एल052–एल021 से चंपानगर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.400 कि0मी0)<br>(v) एल050–एल022 से पथलजोर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.200 कि0मी0)<br>(vi) एल051–एल021 से घोरचांची तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–0.750 कि0मी0)<br>(vii) एल045–टी01 से देवानडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.360 कि0मी0) | 11,24,99,500.00 | ग्यारह करोड़ चौबीस लाख निन्यानवे हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 23.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 30.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 04.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड– 815301
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह

PR 336058 (Rural Development)24-25*D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/30/2024-25/RE

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के जरीडीह प्रखण्ड अंतर्गत बनचास एवं बहादुरपुर के बीच उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 38646700.00 | 773000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.09.2024 से दिनांक 28.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,बोकारो

PR 336339 Rural Development(24-25).D

# संक्षिप्त खबरें

## यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 21 सितंबर को झुमरी तिलैया और गढ़वा में करेंगे सभा

कोडरमा(ईएमएस)।उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 21 सितंबर को हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत 11 बजे से झुमरी तिलैया के ब्लॉक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर राकेश प्रसाद, शिवेंद्र नारायण सिंह और अनूप जोशी भी मौजूद रहेंगे।श्री मौर्य पलामू प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत रंका के हाई स्कूल मैदान में दोपहर ढाई बजे से आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। रंका में पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक भानु प्रताप शाही, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो भी मौजूद रहेंगे।

## लोहरदगा में नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार, जेल

लोहरदगा(ईएमएस)।नाबालिग लड़की को सेन्हा थाना क्षेत्र से शादी का झांसा देकर भागने तथा प्रलोभन देने के आरोप पर सेन्हा पुलिस ने संज्ञान लिया।पुलिस ने मामला को संज्ञान में लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।आरोप है कि सेन्हा थाना क्षेत्र निवासी सुरेंद्र महली के पुत्र सूरज महली ने एक नाबालिग लड़की को प्रेम के जाल में फंसाकर उसे शादी एवं विभिन्न प्रकार का प्रलोभन दिखाकर भगा ले गया था। बताया जाता है कि नाबालिग बच्ची अपने घर से विद्यालय के लिए निकली थी, जो समय से घर नहीं पहुंची।जब परिजनों को चिंता होने लगा तो उन्होंने अपने स्तर से खोजबीन आरम्भ कर दिया।कहीं किसी प्रकार से पता नहीं चला।जिसकी सूचना सेन्हा थाना को देते हुए परिजनों ने नाबालिग बच्ची को सकुशल बरामद करने का प्रशासन से अपील किया था।सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार ने नाबालिग बच्ची लापता मामला को संज्ञान में लेते हुए गहनता से जांच पड़ताल आरम्भ कर दिया। इसी क्रम में थाना प्रभारी सूत्र के माध्यम से नाबालिग को मुर्की निवासी सुजीत लोहरा के घर से बरामद करते हुए आरोपी सूरज को गिरफ्तार कर लिया।वहीं आरोपी की जांचोपरांत न्यायालय में प्रस्तुत कर लोहरदगा जेल भेज दिया।

## हाईकोर्ट ने कहा:गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए ये सुनिश्चित करे निगम

रांची(ईएमएस)।जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शुक्रवार को हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने नगर निगम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि किसी भी भवन का गंदा पानी सीधे बड़ा तालाब में न जाए।इसके साथ ही अदालत को निगम ने यह जानकारी दी कि हिनू नदी के किनारों से अतिक्रमण हटाने की दिशा में सिंगल बेंच से आदेश आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि रांची के बड़ा तालाब व जिले के आसपास के जल स्त्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम एवं धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों द्वारा हड़प ली गई है और वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है।जिसका बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है।

## बांग्लादेशी घुसपैठ मामले पर झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई पूरी, कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

रांची(ईएमएस)।संथाल में बांग्लादेशी घसुपैठ की वजह से आदिवासियों की घटती आबादी और डेमोग्राफी में बदलाव से जुड़ी दानयल दानिश की जनहित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई पूरी हो गई है। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अपना पक्ष रखा।फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को लेकर दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।यह जानकारी हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दुमका और खूंटी में जागरूकता कार्यक्रम

रांची(ईएमएस)।स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वयं,अपने परिवेश व देश को साफ सुथरा व स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने के लिए शुक्रवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय रांची के ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राज्य कृत सर्वेश्वर यादव उच्च विद्यालय दलाही प्रखंड मसलिया,जिला दुमका में गीत एवं नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम,स्वच्छता शपथ व एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।गीत एवं नाटक के कलाकारों के द्वारा नाटक के माध्यम से स्वच्छता व स्वस्थ जीवन शैली पर प्रकाश डाला गया।विद्यालय के प्राचार्य महोदय अमितेश प्रकाश ने कहा की स्वच्छ परिवेश एक पढ़े लिखे अनुशासित समाज को दर्शाती है। यह व्यक्ति के विकास और देश के विकास में बहुत लाभकारी होता है।प्रादेशिक कार्यालय रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने अपने विशेष संदेश में कहा कि इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान का थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है।अपने संबोधन में श्री रहमान ने आगे कहा की अपने जीवन में स्वच्छता अपनाने के साथ-साथ दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें, ना तो गंदगी करें और ना ही दूसरों को गंदगी करने दें।आज ही गीत नाटक के एक अन्य कार्यक्रम में खुंटी जिला के कलामाटी स्थित कस्तूरबा स्कूल में गीत एवं नाटक के कलाकार ने अपनी प्रस्तुति से स्वच्छ भारत के संदेश को छात्राओं तक पहुंचाया।कस्तूरबा के छात्राओं ने यह प्रण लिया कि वे अपने परिवेश को साफ रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए मोटिवेट करेंगे।

## संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दुमका और गोड्डा में हुए शामिल

रांची(ईएमएस)। संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दुमका एवं गोड्डा जिला के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।इससे पूर्व कमलेश ने जरमुंडी प्रखंड के सिमरिया दीयालपुर पंचायत में मृतक प्रवासी मजदूर मनोज मांझी के परिवार जनों से मिलकर उन्हें दिलासा दिया और आर्थिक मदद की। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मौके पर ही दूरभाष से बात कर मृतक के परिवार जनों को सरकारी सहायता अविलंब उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।संवाद कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर देश के औद्योगिक और आर्थिक तरक्की के विस्तार में कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश की एकता और अखंडता ही कांग्रेस का मूल मंत्र है और इसके लिए कांग्रेस नेतृत्व शहीद हो गया। कांग्रेस लोकतंत्र, समाजवाद,धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखती है कांग्रेस के कार्यकर्ताओं-नेताओं में पदलोलुपता नहीं होती है इसका उदाहरण है कि एक क्षण में सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री का पद भी अस्वीकार कर दिया। प्रखंड अध्यक्ष,जिला पदाधिकारीयों से संगठन के लिए सकारात्मक विचार आए हैं उस पर निश्चित रूप से विचार किया जाएगा।आगामी विधानसभा चुनाव में आपके क्षेत्र से जो भी उम्मीदवार हो उसे विजयी बनाकर अपनी मजबूती दिखाना है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को साथ बैठकर घुसपैठ पर विचार करना चाहिए क्योंकि सीमाओं की सुरक्षा केंद्र का मसला है राज्य सरकार इसके लिए उत्तरदायी नहीं है।भाजपा द्वारा विषाक्त वातावरण बनाने की तैयारी चल रही है,भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी को धमकियां दी जा रही है और केंद्र इस पर मौन है। राजनीतिक मूल्य और मर्यादाओं को तोड़कर राहुल गांधी के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी एक सुनियोजित षडयंत्र का हिस्सा है,कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सचेत होकर ऐसे फिरकापरस्त ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है।

# अभिषेक कुमार के संदिग्ध मौत की सीबीआई जांच कराए उड़ीसा सरकार : सुबोधकांत सहाय

रांची(ईएमएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, विनय सिन्हा दीपू, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉक्टर राजेश गुप्ता, विनोद सिंह एवं राजू राम के नेतृत्व में अभिषेक कुमार रवि की सीबीआई जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को रांची के अम्बेडकर चौंक डोरण्डा में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया एवं उड़ीसा सरकार का पुतला दहन किया। रोषपूर्ण प्रदर्शन एवं पुतला दहन में अभिषेक रवि की माता मंजू देवी,बहन रिया कुमारी, खुशी कुमारी, भाई मुकेश कुमार,बड़े पिता हेमचंद राम, बड़ी मां सरस्वती देवी,चाचा सुभाष कुमार भी इस मौके पर मौजूद रहे।नौजवान छात्र अभिषेक कुमार रवि की संदिग्ध मौत को लेकर कांग्रेस जनों द्वारा आज भीमराव अंबेडकर चौक डोरण्डा में रोषपूर्ण प्रदर्शन एवं उड़ीसा सरकार का पुतला दहन किया गया।ज्ञात हो कि झारखंड के पड़ोसी राज्य उड़ीसा में पिछले 13 सितंबर को रांची निवासी अभिषेक कुमार रवि जो आईटीईआर इंजीनियरिंग कॉलेज भुवनेश्वर में नामांकन लिया था की संदिग्ध अवस्था में
10 सितंबर को अभिषेक ने आईटीईआर इंजीनियरिंग कॉलेज भुवनेश्वर में नामांकन लिया था और 11 सितंबर को अंतिम बार उसकी अभिभावकों से बात हुई और नामांकन के दो दिनों के अंदर 13 सितंबर को उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई।पिछले 11 सितंबर को अंतिम बार अभिषेक की अपने अभिभावकों से बात हुई थी। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला और संदिग्ध अवस्था में 13 सितंबर को उसकी लाश मिली।नौजवान छात्र अभिषेक कुमार रवि एक परिजनों को न्याय दिलवाने और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी एवम मामले की सीबीआई जांच करने की मांग को लेकर आज अंबेडकर चौक डोरंडा में रोष पूर्ण प्रदर्शन करते हुए उड़ीसा सरकार का पुतला दहन किया गया।रोषपूर्ण प्रदर्शन एवं पुतला दहन के उपरांत अम्बेडकर चौंक के समक्ष सभा भी आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा दलित परिवार का एक बच्चा भुवनेश्वर में इंजीनियरिंग पढ़ने के लिए नामांकन लेता है, और कहानी घड़ी जाती है कि आत्महत्या कर लिया है,यह पूरी तरह से हत्या का केस नजर आ रहा है। हम उड़ीसा सरकार से अपेक्षा करते हैं कि सीबीआई जांच करें और एक दलित परिवार के साथ न्याय करें अन्यथा हम अपने तरीके से इसकी मुखालफत करेंगे।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने मांग किया कि यदि जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सड़क पर उतरेगी रांची की जनता।उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार मामले के लीपापोती करने की कोशिश करती है तो आवश्यकता पड़ने पर रांची बंद का आवाहन करेंगे कॉन्ग्रेस जन।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने उड़ीसा की भाजपा सरकार को चेतावनी भरे शब्दों में कहा है कि तत्काल दोषियों को गिरफ्तार करें सरकार वरना भाजपा के खिलाफ उग्र प्रदर्शन होगा,मासूम की मौत से पूरा देश मर्माहत है।लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि नामांकन होने के 2 से 3 दिनों के अंदर अबोध बालक की निर्मम मौत साधारण घटना नहीं है, तीन बड़ी बहनों की जिम्मेदारी को लेकर भविष्य गढ़ने निकला 19 वर्ष के भाई के परिजनों की हालत को समझने की कोशिश करें भारतीय जनता पार्टी की सरकार।डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने उड़ीसा सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि मामले की लीपा पोती करने में जुटे हुए हैं बहुत सारे सफेद पोश।दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करे सरकार अन्यथा रांची में एक बहुत बड़े आंदोलन करने पर विवश होगी राज्य की जनता।मासूम की मौत को नहीं भूलेगी झारखंड की जनता।
रांची जिला एससी सेल के अध्यक्ष राजू राम ने कहा एक दलित छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत होती है, और ना कोई जांच कमेटी है, ना कोई प्राथमिकी दर्ज है और ना ही कोई स्पष्ट कारण पता चल रहा है,आखिर ये कहां का इंसाफ है।
अभिषेक कुमार रवि की मां मंजू देवी ने कहा कि मेरे बेटे की हत्या हुई है,कॉलेज में रैगिंग हुआ और उसे मार दिया गया, उसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए, प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए और जिन लोगों ने भी इस घटना को अंजाम दिया उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



## आईटीआई हेहल में कारीगरों ने सुना प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन

रांची(ईएमएस)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने 'आचार्य चाणक्य कौशल विकास' योजना और 'पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर महिला स्टार्ट-अप योजना' की शुरुआत की। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और ऋण वितरित किए और पीएम विश्वकर्मा के तहत एक वर्ष की प्रगति को चिह्नित करने के लिए एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। श्री मोदी ने महाराष्ट्र के अमरावती में पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क की आधारशिला रखी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद**

**अति–अल्पकालीन**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)**

ई–निविदा प्रसंग संख्या - **RCD/DHANBAD/1586/2024-25 (1st Call)**

दिनांक – **19.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | "गैर योजना मद अन्तर्गत गोविन्दपुर चौक NH-2 से महुदा मोड़ NH-32 Old भाया श्रमिक चौक, बैंक मोड़, धनबाद पथ (कुल लं0– 33.850 कि0मी0) तक का साधारण मरम्मति कार्य, वर्ष 2024–25" |
| 2.. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये 1,90,00,000/– रूपये मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 3 माह। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2024 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 26.09..2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | **06432-275640** |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

**कार्यपालक अभियंता,**
**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, धनबाद**

**PR 336472 Road(24-25).D**


# झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन परीक्षा को लेकर रांची रेल मंडल से चार जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

रांची : झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन परीक्षा के मद्देनज़र और ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है. 21 से 23 सितंबर तक यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए, रांची रेल मंडल से चार जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा. बता दें झारखंड में 813 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी, जिसमे 6 लाख 39 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे.
ट्रेन संख्या 08601 रांची–भागलपुर परीक्षा स्पेशल, 21 सितंबर (शनिवार) को रांची से प्रस्थान करेगी. (केवल 01 ट्रिप) ट्रेन का रांची से प्रस्थान (शनिवार) शाम 18 बजे होगा. ट्रेन का मुरी आगमन 19:30 बजे व प्रस्थान 19:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 20:28 बजे, प्रस्थान 20:30 बजे, धनबाद आगमन 22:30 बजे, प्रस्थान 22:35 बजे, जसीडीह आगमन 01:40 बजे प्रस्थान 01:45 बजे, किउल आगमन 03:25 बजे प्रस्थान 04:00 बजे एवं भागलपुर आगमन (रविवार) 06:15 बजे होगा.
ट्रेन संख्या 08602 भागलपुर – रांची परीक्षा स्पेशल, 22 सितंबर (रविवार) को भागलपुर से प्रस्थान करेगी, (केवल 01 ट्रिप) इस ट्रेन का भागलपुर से प्रस्थान (रविवार) 17:35 बजे, किउल आगमन 20:00 बजे प्रस्थान 20:20 बजे, जसीडीह आगमन 22:38 बजे प्रस्थान 22:40 बजे, धनबाद आगमन 00:50 बजे प्रस्थान 00:55 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:45 बजे प्रस्थान 02:50 बजे, मूरी आगमन 03:50 बजे प्रस्थान 03:55 बजे एवं रांची आगमन (सोमवार) 05:20 बजे होगा. इस ट्रेन में जनरेटर यान का 01 कोच, एसएलआरडी का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 05 कोच, वातानुकूलित 3-टियर का 01 कोच, वातानुकूलित 2-टियर सह प्रथम श्रेणी संयुक्त कोच का 01 कोच एवं द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 04 कोच होगा. ट्रेन संख्या 08603 रांची – भागलपुर परीक्षा स्पेशल 22 सितंबर (रविवार) को रांची से प्रस्थान करेगी. (केवल 01 ट्रिप) इस ट्रेन का रांची से प्रस्थान (रविवार) 18:00 बजे, मुरी आगमन 19:30 बजे प्रस्थान 19:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 20:28 बजे प्रस्थान 20:30 बजे, धनबाद आगमन 22:30 बजे प्रस्थान 22:35 बजे, जसीडीह आगमन 01:40 बजे प्रस्थान 01:45 बजे, किउल आगमन 03:25 बजे प्रस्थान 04:00 बजे एवं भागलपुर आगमन (सोमवार) 06:15 बजे होगा.
ट्रेन संख्या 08604 भागलपुर – रांची परीक्षा स्पेशल, 23 सितंबर (सोमवार) को भागलपुर से प्रस्थान करेगी. (केवल 01 ट्रिप) इस ट्रेन का भागलपुर से प्रस्थान (सोमवार) 17:35 बजे, किउल आगमन 20:00 बजे प्रस्थान 20:20 बजे, जसीडीह आगमन 22:38 बजे प्रस्थान 22:40 बजे, धनबाद आगमन 00:50 बजे प्रस्थान 00:55 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:45 बजे प्रस्थान 02:50 बजे, मुरी आगमन 03:50 बजे प्रस्थान 03:55 बजे एवं रांची आगमन (मंगलवार) 05:20 बजे होगा.


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो**

**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**

**(एस0बी0डी0 आधारित अल्पकालीन ई–निविदा)**

ई–निविदा प्रसंग संख्या– RCD/BOKARO/1164/F.Y. 2024-25दिनांक–18.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, बोकारो अन्तर्गत "भण्डारीडीह (चन्द्रपुरा भण्डारीडीह फुसरो रेलवे क्रॉसिंग गोमिया पथ, ODR पर) से गोमो रेलवे स्टेशन भाया बंदियो, कंचनपुर, पारसबनी, दाहियारी पथ(कुल लम्बाई 19.450 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (पुलों के निर्माण सहित)" वर्ष 2024–25. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू0 57,00,86,528.00 (संतावन करोड़ छियासी हजार पाँच सौ अठाईस रुपये) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | 15(पन्द्रह) माह। |
| 4. | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14.10.2024, 12.00 बजे दोपहर तक। |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन होने की तिथि एवं समय | 27.09.2024, 12.00 बजे दोपहर। |
| 6. | प्री बिड बैठक की तिथि एवं समय | 07.10.2024, 03.00 बजे अपराहन्। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो |
| 8. | प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | **06542–265569** |
| 9. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | **0651–2401010** |

**नोट :– प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।**

विस्तृत ब्यौरा के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमण्डल, बोकारो।**

PR 336030 (Road) 24-25 (D)


## हाईकोर्ट ने पूछा : मोरहाबादी से जिन्हें हटाया गया, उन्हें दुकान कब तक देंगे

रांची : मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने नगर निगम से पूछा कि फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए अब तक क्या किया गया. जिसपर नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिस जगह पर दुकानदारों को बसाया जाना था, वहां पर टाना भगतों का कब्जा है. इसपर कोर्ट ने यह जानना चाहा कि जिनका कब्जा है उसे हटाने के लिए निगम ने अब तक क्या किया. अदालत ने इन बिन्दुओं पर नगर निगम से 18 अक्टूबर तक जवाब मांगा है. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत की अदालत में हुई. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की.

## 15 सूत्री मांगों को लेकर रसोईया संघ ने दिया धरना

रांची : झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संघ ने मोरहाबादी के बापू वाटिका के सामने एक दिवसीय धरना दिया. संघ की महिलाओं ने 10 हजार मासिक वेतन सहित 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया. धरने पर बैठी अनिता देवी, रीना देवी, भुंडा बासकी ने कहा कि झारखंड में लगभग 80 हजार रसोईया काम कर रही हैं.


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/40/2024-25

**1. कार्य की विस्तृत विवरणी:**

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के चास प्रखण्ड के सेक्टर–1/बी० और संत जेवियर्स कॉलोनी सुभाष कॉपरेटिव के बीच गरगा नदी पर पुल निर्माण। (लम्बाई 119.70 मी०) | 54312800.00 | 1086500.00 | 10000.00 | 24 माह |
| 2 | बोकारो जिला के चास प्रखण्ड के पंचायत–चाकुलिया एवं कुड़मा के बीच ईजरी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। (लम्बाई 77.48 मी०) | 37125300.00 | 743000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.09.2024 से दिनांक 30.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 01.10.2024 अपराह्न 05:30 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।**

**PR.NO.336426 Rural Development(24-25):D**


# परिवर्तन यात्रा के जवाब में कल्पना निकालेंगी मंईयां सम्मान यात्रा

### झामुमो ने सोहराय भवन में कोल्हान प्रमंडल व जिले के पदाधिकारियों के साथ की बैठक




रांचीः विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो भी अपनी सक्रियता बढ़ाने जा रहा है. भाजपा की परिवर्तन यात्रा के जवाब में झामुमो अगले सप्ताह से मंईयां सम्मान यात्रा निकालेगा. इसका नेतृत्व हेमंत सोरेन की पत्नी और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन करेंगी. इसमें झामुमो महिला मोर्चा की कार्यकर्ता विधानसभावार जाकर मंईयां सम्मान यात्र निकालेंगी. यह जानकारी सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी ने पत्रकारों को दी. वह रांची के सोहराय भवन में आयोजित झामुमो कोल्हान प्रमंडल व पलामू प्रमंडल के जिला पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में आई हुई थीं. उन्होंने कहा कि बैठक में इस यात्रा पर सहमति बनी है.

### भाजपा को देना है करारा जवाब : हेमंत

बैठक में हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा. उन्होंने चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा कि झारखंड वीर और क्रांतिकारी माटी में भाजपा के राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं. हमें मिलकर भाजपा के दुष्प्रचार का करारा जवाब देना है. भाजपा के झूठ और फरेब तथा समाज तोड़ने के षड्यंत्र का मुंह तोड़ जवाब देना है. इन्हें याद दिलाना है कि जब-जब झारखंड को झुकाने का प्रयास किया गया है, तब-तब अपने वीर पुरखों की शहादत एवं दिशोम गुरुजी और उनके असंख्य क्रांतिकारी साथियों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर झामुमो ने षड्यंत्रकारियों को करारा जवाब दिया है. सीएम ने कहा कि विगत साढ़े चार वर्ष में अबुआ सरकार ने भाजपा के हर षड्यंत्र का जवाब देते हुए, एजेंसियों से लड़ते हुए, हर वर्ग को अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया है. सीएम ने कहा कि आप सभी से अपील है कि भाजपा के इन षड्यंत्रकारियों को जवाब देने के लिए कमर की पेटी बांध लीजिए. वक्त आ गया है.

### जल्द ही पार्टी 81 विधानसभा में शुरू करेगा कार्यक्रम

पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि बैठक में पार्टी का कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं. उनकी राय ली जा रही है. कार्यक्रम का नाम क्या होगा. कहां तक होगा. इस पर राय ली गयी है. अच्छे सुझाव आये हैं. पार्टी बहुत जल्द ही कार्यक्रम राज्य के 24 जिले और 81 विधानसभा क्षेत्रों में शुरु होगा. भाजपा को बहुत जल्द ही राज्य की जनता ही निपटा देगी. भाजपा को गुमान है तो विकास के नाम पर चुनाव लड़के दिखाये. उन्हें समझ आ जाएगा कितने पानी में हैं वो. बैठक में मंत्री दीपक बिरुवा, कोल्हान व पलामू प्रमंडल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के विधायक व जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे.


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।

**Email Id:rdsdjmt@gmail.com**

अति–अल्पकालीन पुर्ननिविदा ई0–निविदा आमंत्रण संख्या–**RDD/SD/JAMTARA/RE/09/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप नं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | जामताड़ा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नारायणपुर के पंचायत–सबनपुर में मंझलाडीह दाडंगडीह और आहारडीह के बीच जोरिया में पुल निर्माण। | 21687200.00 | 434000.00 | 10000.00 | 15 माह |
| 5 | जामताड़ा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड करमाटॉड़ में खुटाबाँध और डुमरिया के बीच जोरिया पर पुल निर्माण। | 19098200.00 | 382000.00 | 10000.00 | 15 माह |
| 6 | जामताड़ा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नारायणपुर में पंचायत–पोस्ता में अर्जुनडीह और लोहरंगी के बीच जोरिया में पुल निर्माण। | 23549600.00 | 471000.00 | 10000.00 | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक–23.09.2024
3. ई0–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–23.09.2024 से दिनांक–28.09.2024 (अपराह्न 5:00 बजे)
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा की स्वीकार्य होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
6. निविदा खोलने का स्थान :– e-Procurement Cell, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।
7. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–01.10.2024 (अपराह्न 2:00 बजे)
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।
9. ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 9973957543
10. अधोहस्ताक्षरी/सक्षम पदाधिकारी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेंगा तथा निविदादाता को कारण पृच्छा का अधिकार मान्य नहीं होगा।
11. B.O.Q की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।

PR 336453 Rural Development(24-25)D

# संपादकीय

कोयलांचल संवाद

## सारी दुनिया,इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों से भयभीत

सारी दुनिया के देशों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार व्यवस्था को लेकर एक अज्ञात भय समा गया है। लेबनान में जिस तरह से हजारों पेजरों,इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, वॉयरलैस आधारित वॉकी-टॉकी इत्यादि के माध्यम से सामूहिक विस्फोट किए गए हैं। इन विस्फोटों में हजारों लोगों घायल हुए हैं। सैकड़ो लोग मौत का शिकार हो गए हैं। कई स्थानों पर मोबाइल डिवाइस पर भी इसी तरह के धमाके किए गए हैं। सेना के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सों के पेजर और मोबाइल फोन पर भी हुए हैं। जिसके बड़ी संख्या में डॉक्टर नर्स और मरीज घायल हुए हैं। उसके कारण अब लोगों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार माध्यमों के उपयोग को लेकर भय फैल गया है। पिछले तीन दशक में दुनिया के सभी देशों में इंटरनेट का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है। पिछले दो दशक में ऑनलाइन सेवाओं का जाल बिछाया गया है। कम्युनिकेशन के सभी संसाधन इंटरनेट के माध्यम से आपस में जुड़ गए हैं। टेलीविजन भी अब इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इंटरनेट के माध्यम से सारी दुनिया में सेवाएं दे रहे हैं। मोबाइल फोन गरीब से गरीब के व्यक्ति के पास उपलब्ध है। घरों में जो टीवी लगी हैं। वह भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं इंटरनेट के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारित किया जा रहे हैं। सभी माध्यमों में कुछ ही लोगों का एकाधिकार है। विशेष रूप से सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर तैयार करने वाली संस्थाओं कुछ ही कंपनियों पर एकाधिकार है। इस तकनीकी पर घुसपैठ करने वालों की संख्या भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। हैकिंग सिस्टम के माध्यम से हैकर तकनीकी को ध्वस्त करते हुए कमाई के नए-नए आयाम खोजने में लगे हैं। युद्ध लड़ने के जो नए तरीके अब विकसित हो रहे हैं। वह बहुत विनाशकारी हैं। पहले जो युद्ध हुए हैं, उसमें उतना बड़ा नुकसान नहीं हुआ। जितना बड़ा नुकसान अब सारी दुनिया के देशों को हो सकता है। पहले रासायनिक हथियारों का एक भय था। अब जिस तरह से व्यक्ति को लक्ष्य करके हमले किए जा रहे हैं। उसने सारी दुनिया को हैरानी और परेशानी में डाल दिया है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट की आशंका को देखते हुए, सभी देशों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की विश्वसनीयता और उपयोग को लेकर बड़ा संशय पैदा हो गया है। सारी दुनिया एक ही नेटवर्क से जुड़ी हुई है। सभी संचार माध्यम आपस में जुड़े हुए होने के कारण कम समय में सारी दुनिया के देशों को लक्ष्य किया जा सकता है। यह आशंका अब बलवती होने लगी है। पिछले एक दशक में जिस तरह से इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन नेटवर्किंग से दुनिया की 70 फ़ीसदी से ज्यादा आबादी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नेटवर्क के माध्यम से जुड़ चुके है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग युद्ध मैं हथियार के रूप में किया गया है। उसके कारण लोगों के बीच में यह चर्चा होने लगी है। पेजर तकनीकी जो वायरलेस के माध्यम से एक सीमित क्षेत्र में वन वे कम्युनिकेशन के रूप में काम करती है। यदि वह सुरक्षित नहीं है। ऐसी स्थिति में लोगों की सुरक्षा किस तरह संभव होगी, यह समझना मुश्किल हो गया है। भारत सहित दुनिया के अन्य देशों के संचार माध्यम इंटरनेट से संचालित हो रहे हैं। घरों की टीवी मैं जो प्रसारण आ रहा है। वह भी इंटरनेट के माध्यम से आ रहा है। एंड्राइड तकनीकी के टेलीविजन दुनिया भर के अरबों टेलीविजन और मोबाइल एक ही सिस्टम से संचालित हो रहे हैं। सारे सिस्टम एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कब इस सिस्टम के अंदर कौन घुसकर क्या करके निकल जाएगा, कहना मुश्किल है। इजराइल ने जिस तरह से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार माध्यमों से घातक तकनीकी विकसित करते हुए इस तकनीकी का इस्तेमाल युद्ध के लिए किया है। इजरायल के अलावा आतंकी संगठनों के पास इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा युद्ध में काम आने वाले हथियार जिस तरीके से विकसित किए गए हैं। वह पूरी दुनिया की मानव आबादी को कुछ ही क्षणों में तबाह करने की क्षमता रखते हैं। अभी मिसाइल से किसी स्थान पर लक्ष्य पर निशाना साधा जाता था। अब निशाने पर वह हर व्यक्ति आ गया है। जो व्यक्ति मोबाइल ,पेजर ,टेलीविजन एवं उन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कर रहा है। वह नेटवर्किंग में जुड़े हुए नहीं हैं।उसके बाद भी जिस तरह से हाल ही में इजरायली लडाकूओं ने पेजर और वाकी-टाकी के माध्यम से हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया है। जिनके पास इलेक्ट्रॉनिक उपकरण थे। वह बुरी तरह से घायल हुए, या मारे गए। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि इस हमले में अस्पतालों, नसों और डॉक्टरों को भी निशाना बनाया गया है। इजरायल ने जिस तरह से पेजर और वाकी टाकी में विस्फोटक पदार्थ का उपयोग करते हुए विभिन्न माध्यमों से दुश्मन देश के पास उन उपकरणों की सप्लाई कराई। उसने दुनिया में एक नए अविश्वास को जन्म दिया है। अब किसी भी देश को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को लेकर एक दूसरे के ऊपर वह विश्वास नहीं होगा। सारी दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में चीन का बोलबाला है। पिछले दो दशक में दुनिया के प्रत्येक देश के अधिकांश नागरिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के ऊपर आश्रित होकर रह गए हैं। चीन, अमेरिका, इजरायल जैसे देश इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर को लेकर विशेष तकनीकी दक्षता रखते हैं। विशेष रूप से मोबाइल फोन और टीवी के रूप में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस हर घर में और हर व्यक्ति के द्वारा उपयोग में लाई जा रही है। अभी तक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग जासूसी एवं अन्य जानकारी को एकत्रित करने के लिए किया जाता था। अब एक बड़े विध्वंश के रूप में नया स्वरूप सामने आया है। जिसका मुकाबला कर पाना शायद ही किसी के लिए संभव हो। पहली बार दुनिया की सोच इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग को लेकर, चिंता में बदलना शुरू हो गई है। इजराइल के साथ-साथ इस तरह की तकनीकी अन्य देशों और आतंकी संगठनों के पास भी उपलब्ध है। जो कम या ज्यादा नुकसान करने में सक्षम है। विभिन्न देशों द्वारा यदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से युद्ध लड़ना शुरू कर दिया, तो बहुत बड़े विनाशकारी परिणाम सारी दुनिया में देखने को मिल सकते हैं। पहली बार दुनिया के देशों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और संचार माध्यमों को लेकर चिंता और भय देखने को मिल रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में विस्फोट ने गुप्त तरीके से युद्ध लड़ने का नया रास्ता बनाया है। जिसके कारण भविष्य को लेकर चिंताएं देखने को मिलने लगी हैं।

## विचार-निर्विचार, चिंतन-अचिंतन

पूरा विश्व, विचारों पर चलता है, सारे आविष्कार, युध्द, आतंकवाद, साहित्य सृजन, भाषण, प्रवचन, तू-तू, मैं-मैं सब विचारों की देन है। विचार ही सब कार्यों को अंजाम देता है। भक्ति, प्रार्थना, व्यवहार, सेवा सब विचारों की देन है। हम सोचते हैं तो करते हैं होता है। अब प्रश्न यह है कि विचार कैसे हो, दो श्रेणियों में बांटा गया है उन्हें, सकारात्मक, नकारात्मक, सकारात्मकता निर्माण करती है, नकारात्मकता विध्वंस, मनुष्य ने सभ्यता को ऊंचाई तक पहुंचाया है एक तरफ तो दूसरी तरफ नृशंसता के गर्त में भी। जैसे विचार वैसा वातावरण और वृत्त। विचार करना सुविचार करना कोई किसी को जबरदस्ती नहीं सीखा सकता क्योंकि संस्कार, लालन-पालन, शिक्षा, मनन-चिंतन, संगति, वातावरण से विचारों में परिवर्तन होता है। पता नहीं यह दुनिया कब से बनी है, मनुष्य ने सोचना कब से शुरू किया, उसमें कैसे-कैसे परिवर्तन होते गया यह एक बड़ा गूढ़ विषय है। इस पर शास्त्र रचे जा सकते हैं। विचारों ने ही तो इतना ज्ञान इस विश्व को दिया है विज्ञान, साहित्य, शिक्षा, राजनीति, धर्म, कानून, जैसे-जैसे आवश्यकताएं होती गई या बढ़ती गई सब आविष्कार या रचना होती गई। आतंकवाद, विस्तारवाद, युध्द भी विचारों का खेल है। नेतृत्व के गलत विचारों का खामियाजा पूरे देश को देना होता है, कौम हो देना होता है। धार्मिक उन्माद भी कुछ गलत विचारों की देन है। बुध्दिहीन या कम बुध्दि वाले लोगों को बुध्दिमान चालाक लोग भेड़ों की तरह हांक कर अपने ढंग से उपयोग या दुरुपयोग करते हैं। इन्सान का अपना वजूद जब कमजोर होता है तो वह हिप्मोटाइज हो जाता है दूसरों से और पीछे-पीछे चलने लगता है, उसे पता नहीं होता कि वह कुएं में जाएगा या खाई में। हर कर्म के पीछे विचार होता है। सत्कर्म और बुरे कर्म। बिना विचारे कोई कुछ नहीं करता, यह अलग बात है कि कितनी गहराई और गंभीरता से विचार किया जाता है। आदमी हमेशा विचारों के हिंडोले में हिचकोले खाता रहता है, कभी आनंददायक कभी दुख देने वाले विचारों से स्वास्थ्य, विचार से रोग, वीरोचित कार्य कायराना कार्य। इसलिए विचारों को सुधार लीजिए सब कुछ ठीक हो जाएगा। मेडिकल इंसान और रिसर्च में भी यही पाया गया है कि रोग विचारों की देन है नकारात्मक विचारों की। सकारात्मक विचारों से, आशा, विश्वास से लोग निरोग होते देखे गए हैं। गीता में कहा गया है चित्त वृध्दि निरोध की स्थिति में आना याने सब दृष्टि से संतुलन, शांति, आनंद, निर्भयता में जीना। अति प्रसन्न और अति दुखी होना भी गलत है।

# वर्ल्ड फूड इंडिया 2024: भव्यता की पृष्ठभूमि



चिराग पासवान

भारत में खाद्य प्रसंस्करण की यात्रा, देश की सदियों पुरानी बुद्धिमत्ता और प्रगति को अपनाने की क्षमता को दर्शाती है। अचार बनाने और खाद्य पदार्थ सुखाने की प्राचीन परंपराओं से लेकर आज की परिष्कृत तकनीकों तक, भारत ने अपनी समृद्ध पाक-कला विरासत को आधुनिक प्रगति के साथ सहजता से मिश्रित किया है। यह यात्रासिर्फ लोगों को खाना खिलाने के बारे में नहीं है, बल्कि भारत की पाक-कला पहचान को परिभाषित करने वाले विविध और जटिल स्वादों का उत्सव मनाने से भी गहराई से जुड़ी हुई है। भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, जिस परदेश की कृषि-अर्थव्यवस्था केंद्रित है, परंपरा और आधुनिकता के संगम-बिंदु पर स्थित परिवर्तनकारी क्षमता का प्रतीक है। कटाई, छंटाई और श्रेणी-निर्धारण से लेकर पैकेजिंग, संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन तक की गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करते हुए, खाद्य प्रसंस्करण कृषि और वैश्विक बाजार के बीच की खाई को पाटने में उत्प्रेरक का काम करता है। खाद्य प्रसंस्करण की प्रक्रिया में हमारे खेतों की कच्ची उपज को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उत्पादों में बदला जाता है, जिससे भारत आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने इस क्षेत्र की क्षमता को पहचाना है, जिससे देश आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने समय-समय पर कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच सहजीवी संबंध को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है तथा मूल्य संवर्धन और तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया है। उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक बाजारों की खोज करने के उनके आह्वान की प्रतिध्वनि मंत्रालय द्वारा की गई पहलों में परिलक्षित होती है। किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि-खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने का मिशन, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की सफलता से आंतरिक रूप से जुड़ा हुआ है, जो भारत की कृषि संपदा को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के साथ जोड़ने का माध्यम है। 2047 तक विकसित भारत के आह्वान में, एक ऐसे भारत की परिकल्पना की गई है, जो समृद्धि, नवाचार और सतत विकास के प्रकाश-पुंज के रूप में उभरने के लिए अपनी चुनौतियों से पार पा चुका है। इस विजन के केंद्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र है, जो खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, रोजगार सृजन करने और निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। चूंकि हम एक नए युग की दहलीज पर खड़े हैं, जो 2047 तक विकसित भारत के कालखंड में प्रवेश करेगा, इसलिए भारत के कृषि कौशल को वैश्विक महाशक्ति बनाने से संबंधित हमारे प्रधानमंत्री का विजन, आगामी वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024 में स्पष्ट रूप से व्यक्त होगा, जिसे मेरा मंत्रालय 19 से 22 सितंबर 2024 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित कर रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन, नवाचार, उद्यमिता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का एक वास्तविक संगम है, जो एक पुनरुत्थानशील और समृद्ध भारत की दिशा में आगे बढ़ने के मार्ग को रोशन करने वाले एक प्रकाश-पुंज के रूप में कार्य करता है और अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरी तरह से साकार करता है। वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2023 की शानदार सफलता वैश्विक खाद्य परिदृश्य में भारत के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। यह एक ऐसा आयोजन था, जिसमें वैश्विक विचारक, उद्योग जगत के दिग्गज और नीति निर्माता एक मंच पर आये। यह आयोजन नवाचार का वास्तविक भंडार था, जिसमें खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, पैकेजिंग समाधान और सतत विकास से जुड़े तौर-तरीकों की नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भारत की पूरी क्षमता का प्रदर्शन किया गया, जिसने निवेश आकर्षित किया और साझेदारी बनाई। इसने 2024 में और भी भव्य आयोजन के लिए मंच तैयार किया। वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024 खाद्य प्रसंस्करण इकोसिस्टम के सभी घटकों को शामिल करने के लिए अपने दायरे का विस्तार करने के साथ, इस विरासत को आगे बढ़ाने का वादा करता है। बीज से लेकर दुकानों तक, उद्योग के हर पहलू को सावधानीपूर्वक तैयार और प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागियों को अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, सहयोग बनाने और नए बाजारों को तलाशने का एक अनूठा अवसर मिलेगा।

यह आयोजन भारत के लिए गुणवत्ता, नवाचार और सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिससे खाद्य प्रसंस्करण के वैश्विक केंद्र के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में व्यवसायों, उद्यमियों और हितधारकों के लिए, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में भागीदारी केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। यह आयोजन उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों से जुड़ने, नवीनतम तकनीकी प्रगति का पता लगाने और खाद्य उद्योग के भविष्य को आकार देने वाली उपभोक्ता की उभरती प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अवसरों का एक अनूठा संगम प्रदान करता है। इसके अलावा, वर्ल्डफूड इंडिया 2024 नेटवर्किंग और साझेदारी-निर्माण का अवसर प्रदान करेगा, जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक संगम-स्थल के रूप में काम करेगा, जिससे कारोबार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम का विस्तृत प्रदर्शनी स्थल, विषयगत सत्र और आपसी-संवाद मंच प्रतिभागियों को जटिल वैश्विक खाद्य परिदृश्य को समझने के लिए आवश्यक उपकरण एवं ज्ञान प्रदान करता है, साथ ही प्रतिभागियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को सम्मानित वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करता है। स्टार्ट-अप्स के उत्साह और सरलता से प्रेरित होकर, मेरे मंत्रालय ने स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण का अनावरण किया है। यह शानदार पहल भारत के कृषि-खाद्य और संबद्ध क्षेत्रों में आमूल-चूल बदलाव को उत्प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कचरे के मूल्य निर्धारण, पौष्टिक और अमृतमय खाद्य उत्पादों के निर्माण एवं जल उपयोग दक्षता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करके, यह चैलेंज नवाचार की क्रांति को शुरू करने का लक्ष्य रखता है, जिससे इस क्षेत्र को परिवर्तनकारी क्षमता से भरे भविष्य की ओर आगे बढ़ने में गति मिलेगी। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन, वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024 के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। दूरदर्शी दिग्गजों का यह समागम एक सुरक्षित, सुदृढ़ खाद्य प्रणाली बनाने के हमारे सामूहिक संकल्प के लिए एक अदम्य प्रमाण के रूप में कार्य करेगा, जहां प्रत्येक हिस्सा सतर्कता से अटूट समर्पण के साथ संरक्षित होगा।

इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से, हम खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों पर विजय पाने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए अपनी साझी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जहां भोजन न केवल सुरक्षित हो, बल्कि सभी के लिए विश्वास और पोषण का आदर्श हो। यह वैश्विक सहयोग और प्रगति के सार को दर्शाता है, जो हमारे सबसे गहन मूल्यों और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024 के भव्य ताने-बाने में, विशेष ध्यान के केंद्र-बिंदु परिवर्तनकारी बदलाव के वास्तविक प्रकाश-पुंज के रूप में खड़े हैं, जो देश के खाद्य क्षेत्र को एक शानदार भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। खाद्य विकिरण;खाद्य-उत्पादों की सुरक्षा और शेल्फ लाइफ की दोहरी पवित्रता सुनिश्चित करता है और हमारे भोजन को दूषित होने से बचाता है। पादप-आधारित प्रोटीन नवाचार के अगुआ हैं, जो गहन प्रभाव के साथ सतत पोषण प्रदान करते हैं। न्यूनतम अपशिष्ट, अधिकतम मूल्य का दर्शन, दक्षता का प्रतीक है, जो उत्पादन के प्रत्येक अंश को अमूल्य संसाधनों में बदल देता है।

टिकाऊ पैकेजिंग, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती है और हमारे पर्यावरणीय दुष्प्रभाव को कम करती है। अंत में, खेत से लेकर खाने तक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा हर थाली तक शुद्ध, सुरक्षित पोषण पहुंचाना; हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र इस महत्वाकांक्षी प्रयास का समर्थन करने वाले प्रमुख स्तंभों में से एक है। इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेकर, व्यवसाय जगत भारत को खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश बनाने के सरकार के मिशन के साथ खुद को जोड़ सकता है एवं तेजी से बढ़ते बाजार और सहायक नीतिगत माहौल का लाभ उठा सकता है। हम एक नए युग की दहलीज पर खड़े हैं, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 बदलाव का अग्रदूत, वैश्विक मंच पर भारत के उत्थान का प्रतीक और इस क्षेत्र की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण बनकर उभर रहा है। आइए हम सब मिलकर, उद्देश्य और दृष्टि में एकजुट होकर, वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 को शानदार तरीके से सफल बनाएं और एक नए भारत की सुबह की शुरुआत करें- एक ऐसा राष्ट्र, जो न केवल आत्मनिर्भर हो, बल्कि दुनिया के लिए समृद्धि, नवाचार और सतत विकास का प्रतीक भी हो।

# चाय अर्थव्यवस्था, संबंधों और स्वास्थ्य की कुंजी

### अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस पर विशेष

चाय एक ऐसा पेय पदार्थ है जो अर्थव्यवस्था और संबंधों को मजबूत करने और बेहतर स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभाती है। इससे हजारों लोगों की रोजी रोटी जुडी होती है। दुनियाभर में करोड़ों लोगों की सुबह चाय की पहली चुस्की से होती है। चाय रिश्तों की प्रगाढ़ता में अपना अहम महत्व रखती है। चाय के महत्व और इसके उत्पादकों को सम्मानित करने, चाय उद्योग में काम करने वाले लोगों के योगदान को पहचानने और चाय की सांस्कृतिक और आर्थिक महत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र महासभा 21 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। यह दिवस दुनिया भर में चाय की खपत को बढ़ाने और इसे पीने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करना के लिए भी जाना जाता है। चाय व्यापार से जुड़े लोगों को चाय उत्पादन के बारे में जानकारी देने के लिए विशेष महत्व रखता है। चाय हमारे देश भारत में पानी के बाद सबसे अधिक पिया जाने वाला पेय पदार्थ है, और इसका महत्व सिर्फ स्वाद तक ही सीमित नहीं है। चाय की शुरुआत भारत के पूर्वोत्तर इलाकों, म्यांमार के उत्तरी क्षेत्र और चीन के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में हुई थी, और इसका पौधा केमेलिया सिनेसिस नामक पौधे से तैयार किया जाता है।

### हजारों वर्ष और चाय का लंबा सफर

चाय ने हजारों साल के अपने लम्बे सफर में, आम जीवन, स्वास्थ्य, संस्कृति, विरासत और सामाजिक-आर्थिक विकास में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखी है। यहां तक कि चाय बागानों से विश्व भर में करीब सवा करोड़ लोगों को वित्तीय सहारा मिलता है, जिनमें लघु किसान, उनके घर-परिवार भी हैं, जो अपनी आजीविका के लिए चाय सैक्टर पर निर्भर हैं।

### चाय उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देश

दुनिया में चीन चाय का सबसे बड़ा उत्पादक देश, जो विश्व की कुल चाय उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करता है। भारत दुनिया में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश, जो विश्व की कुल चाय उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करता है। श्रीलंका चाय का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश, जो विश्व की कुल चाय उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा प्रदान करता है और सबसे ज्यादा निर्यात करने वाला देश भी है। जापान में भी चाय का उत्पादन किया जाता है, यहा खासकर हरी चाय का उत्पादन होता है। दुनिया में कई अन्य देश भी चाय का उत्पादन करते हैं, जिनमें केन्या, तुर्की, वियतनाम, अर्जेंटीना, मलावी, तंजानिया, यूगांडा, और इंडोनेशिया प्रमुख हैं। भारत में चाय की खेती मुख्य रूप से असम, दार्जिलिंग, और नीलगिरि जैसे क्षेत्रों में की जाती है, जहां समुद्र तल से 610 से 1,830 मीटर ऊंचे पहाड़ी ढ़ालों पर चाय के उद्यान हैं। भारत में चाय उत्पादन का इतिहास 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासनकाल में शुरू हुआ, जब अंग्रेजों ने असम में चाय के बाग लगाए।

### चाय और अर्थव्यवस्था का गहरा संबंध

भारत चाय लगभग 27 प्रतिशत चाय उत्पादन करते हुए विश्व उत्पादन में महत्वपूर्ण भागीदारी करता है। भारत से चाय का निर्यात विश्व के विभिन्न देशों में किया जाता है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करता है। चाय उद्योग भारत में लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है। चाय और अर्थव्यवस्था के बीच गहरा संबंध है। भारत में चाय उद्योग लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जिसमें चाय बागानों में काम करने वाले श्रमिकों से लेकर चाय उत्पादन और विपणन में शामिल लोग प्रमुख हैं। चाय उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देता है, जहां चाय बागान स्थित हैं। चाय उद्योग से सरकार को महत्वपूर्ण कर राजस्व प्राप्त होता है। वहीं चाय पेय पदार्थ के रूप में देशभर में हजारों दुकानों के माध्यम से रोजगार का सस्ता और सुलभ तथा सशक्त माध्यम है।

### चाय उद्योग की आर्थिक चुनौतियाँ

चाय उद्योग जहां अर्थ व्यवस्था को मजबूत करता है, वहीं बाजार में चाय की कीमतों में उतार-चढ़ाव से उद्योग की आय प्रभावित होती है। चाय उत्पादन की लागत बढ़ने से उद्योग की लाभप्रदता प्रभावित होती है। विश्व बाजार में चाय की प्रतिस्पर्धा बढ़ने से भारतीय चाय उद्योग की स्थिति प्रभावित होती है। मौसम की समस्याएं जैसे कि सूखा या बाढ़ से चाय उत्पादन प्रभावित होता है।

### चाय उद्योग के विकास के लिए सरकारी पहल

भारत सरकार ने चाय उद्योग को सशक्त करने के लिए कई प्रयास किये है। भारत सरकार ने चाय बोर्ड की स्थापना की है, जो चाय उद्योग के विकास के लिए काम करता है। सरकार चाय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान करती है। सरकार चाय की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देती है।

### चाय में एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्व होते हैं

चाय की पेय महत्ता और अर्थव्यवस्था का संबंध बहुत गहरा है। चाय न केवल एक पेय पदार्थ है, बल्कि यह विश्व अर्थव्यवस्था और संबंधों की व्यवस्था को भी प्रगाढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो विभिन्न संस्कृतियों और समाजों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। चाय में एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। चाय सामाजिक समारोहों और मुलाकातों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चाय विभिन्न संस्कृतियों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है, जैसे कि जापानी का चाय समारोह।

# पितृ पक्ष में नागबलि एवं त्रिपिंडी श्राद्ध करने से मृत आत्मा को मिलती है शांति

आर एन चौरसिया

पितृ पक्ष में नारायणबली, नागबलि व त्रिपिंडी श्राद्ध' करने से मृत आत्मा को मिलती है अद्भुत शांति। इस संदर्भ में अध्यात्मशास्त्रीय विवेचना भी की गई है। जिसमें मुख्य रुप से इन विधियों के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण सूचनाएं, विधि का उद्देश्य, योग्य काल, योग्य स्थान, विधि करने की पद्धति एवं विधि करने से अनुभूतियों का अहसास भी होता हैं। नारायणबलि, नागबलि एवं त्रिपिंडी श्राद्ध करने से अपने पितरों को उच्च लोकों में जाने हेतु गति मिलता हैं। इस संदर्भ में शास्त्र में भी कहा गया हैं की कि उनके लिए 'प्रत्येक व्यक्ति अपनी वार्षिक आय का (एक दशांश) खर्च करे । यथाशक्ति भी खर्च किया जा सकता है। ये काम्य अनुष्ठान हैं । यह कोई भी कर सकता है । जिसके माता-पिता जीवित हैं, वह भी कर सकते हैं । जो अविवाहित हैं वे अकेले यह अनुष्ठान कर सकते हैं । विवाहित होने पर पति-पत्नी बैठकर यह अनुष्ठान करें । स्त्रियों के लिए माहवारी की अवधि में ये अनुष्ठान करना वर्जित माना गया है । स्त्री गर्भावस्था में पांचवे मास के पश्चात यह अनुष्ठान न करे । घर में विवाह, यज्ञोपवीत इत्यादि शुभ कार्य हो अथवा घर में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाए, तो यह अनुष्ठान एक वर्ष तक नहीं करना चाहिए।इस अनुष्ठान को करने के लिए पुरुषों के लिए धोती, उपरना, बनियान तथा महिलाओं के लिए साडी, चोली तथा घाघरा इत्यादि नए वस्त्र, काला अथवा हरा रंग न हो, लगते हैं । ये नए वस्त्र पहनकर अनुष्ठान करना पड़ता है। तत्पश्चात इस वस्त्र को अनुष्ठान के तत्पश्चात दान कर दिया जाता हैं। तीसरे दिन सोने के नाग की सवा ग्राम की एक प्रतिमा की पूजा कर दान किया जाता है। अनुष्ठान में लगनेवाली अवधि, उपरोक्त तीनों अनुष्ठान पृथक-पृथक हैं। नारायण-नागबलि अनुष्ठान तीन दिनों का होता है तथा त्रिपिंडी श्राद्ध अनुष्ठान एक दिन का होता है। उपरोक्त तीनों अनुष्ठान करने हों, तो तीन दिन में संभव है। स्वतंत्र रूप से एक दिन का अनुष्ठान करना हो, तो वैसा भी हो सकता है। नारायणबलि इसमें 'दुर्घटना में मृत अथवा आत्महत्या किए हुए मनुष्य का क्रिया कर्म न होने से उसका लिंगदेह, सूक्ष्म शरीर प्रेत बनकर भटकता रहता है और कुल में संतान की उत्पत्ति नहीं होने देता । उसी प्रकार, वंशजों को अनेक प्रकार के कष्ट देता है । ऐसे लिंगदेहों को प्रेतयोनि से मुक्त कराने के लिए नारायण बलि करनी पड़ती है। नारायण बलि का अनुष्ठान करने के लिए किसी भी मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तथा द्वादशी उचित होती है। एकादशी को अधिवास,देवता की स्थापना कर द्वादशी को श्राद्ध करें । वर्तमान में अधिकतर लोग एक ही दिन अनुष्ठान करते हैं। संतति की प्राप्ति हेतु यह अनुष्ठान करना हो, तो उस दंपति को स्वयं यह अनुष्ठान करना चाहिए । यह अनुष्ठान श्रवण नक्षत्र, पंचमी अथवा पुत्रदा एकादशी में से किसी एक तिथि पर करने से अधिक लाभ प्रद होता है ।अनुष्ठान करने के लिए उचित स्थान, नदी तीर जैसे पवित्र स्थान पर यह अनुष्ठान करें । इसकी पद्धति हैं की पहला दिन प्रथम तीर्थ में स्नान कर नारायणबलि संकल्प करें । दो कलशों पर श्री विष्णु एवं वैवस्वत यम की स्वर्ण प्रतिमा स्थापित कर उनकी षोडशोपचार पद्धति से पूजा करें । तत्पश्चात, उन कलशों की पूर्व दिशा में दर्भ,कुश से एक रेखा खींचकर उस पर कुश को उत्तर-दक्षिण बिछा दें और 'शुन्धन्तां विष्णुरूपी प्रेतः' यह मंत्र पढ़कर दस बार जल छोड़ें । तत्पश्चात दक्षिण दिशा में मुख कर अपसव्य यज्ञोपवीत दाहिने कँधे पर होकर विष्णुरूपी प्रेत का ध्यान करें । उन फैलाए हुए कुशों पर मधु, घी तथा तिल से युक्त दस पिंड 'काश्यपगोत्र अमुकप्रेत विष्णुदैवत अयं ते पिण्डः' कहते हुए दें । पिंडों की गंधादि से पूजा कर, उन्हें नदी अथवा जलाशय में प्रवाहित कर दें । इस प्रकार प्रथम दिन का अनुष्ठान पूरा होता हैं। दूसरा दिन, मध्याह्न में श्रीविष्णु की पूजा करें । पश्चात 1, 3 अथवा 5 ऐसी विषम संख्या में ब्राह्मणों को निमंत्रित कर एकोद्दिष्ट विधि से उस विष्णु रूपी प्रेत का श्राद्ध करें । यह श्राद्ध ब्राह्मणों के पाद प्रक्षालन से आरंभ कर तृप्ति-प्रश्न, हे ब्राह्मणों, आप लोग तृप्त हुए क्या ?, ऐसे पूछना तक मंत्र रहित करें । श्री विष्णु, ब्रह्मा, शिव एवं सपरिवार यम को नाम मंत्रों से चार पिंड दें । विष्णु रूपी प्रेत के लिए पांचवां पिंड दें । पिंड पूजा कर उन्हें प्रवाहित करने के पश्चात ब्राह्मणों को दक्षिणा दें । एक ब्राह्मण को वस्त्रालंकार, गाय एवं स्वर्ण दें । तत्पश्चात प्रेत को तिलांजलि देने हेतु ब्राह्मणों से प्रार्थना करें । ब्राह्मण कुश, तिल तथा तुलसी पत्रों से युक्त जल अंजुलि में लेकर वह जल प्रेत को दें । पश्चात श्राद्ध कर्ता स्नान कर भोजन करे । धर्मशास्त्रों में लिखा है कि इस अनुष्ठान से प्रेतात्मा को स्वर्ग की प्राप्ति होती है । स्मृतिग्रंथों के अनुसार नारायणबलि एवं नागबलि एक ही कामना की पूर्ति करते हैं, इसलिए दोनों अनुष्ठान साथ-साथ करने की प्रथा है । इस अनुष्ठान का संयुक्त नाम 'नारायण-नागबलि' पड़ा।नागबलि, पहले के किसी वंशज से नाग की हत्या हुई हो, तो उस नाग को गति न मिलने से वह वंश में संतति के जन्म को प्रतिबंधित करता है । वह किसी अन्य प्रकार से भी वंशजों को कष्ट देता है । इस दोष के निवारणार्थ यह अनुष्ठान किया जाता है । इसकी अनुष्ठान,विधि , संतति की प्राप्ति के लिए यह अनुष्ठान करना हो, तो उस दंपति को अपने हाथों से ही यह अनुष्ठान करना चाहिए । अनुष्ठान पुत्र प्राप्ति के लिए करना हो, तो श्रवण नक्षत्र, पंचमी अथवा पुत्रदा एकादशी, इनमें से किसी एक तिथि पर करने से अधिक लाभ होता है । नारायण-नागबालि विधि करते समय हुई अनुभूतियां, नारायण-नागबलि अनुष्ठान करते समय वास्तविक प्रेत पर अभिषेक करने का दृश्य दिखाई देना तथा कर्पूर लगाने पर प्रेत से प्राणज्योति बाहर निकलती दिखाई देना। नारायण-नागबलि अनुष्ठान में नारायण की प्रतिमा की पूजा करते समय लगता हैं कि 'इस अनुष्ठान से वास्तव में पूर्वजों को गति मिलने वाली है । उसी प्रकार, आटे की प्रेत प्रतिमा पर अभिषेक करते समय लगता हैं की जैसे वास्तविक प्रेत पर ही अनुष्ठान किया जा रहा हैं। अंत में प्रतिमा की छाती पर कर्पूर लगाने पर प्रेत से प्राण ज्योति बाहर जाती दिखाई पड़ती हैं, शरीर पर रोमांच उभर जाता हैं। त्रिपिंडी श्राद्ध, तीर्थ स्थल पर पितरों को संबोधित कर जो श्राद्ध किया जाता है, उसे त्रिपिंडी श्राद्ध कहा जाता हैं।इसका उद्देश्य, हमारे लिए अज्ञात, सद्गति को प्राप्त न हुए अथवा दुर्गति को प्राप्त तथा कुल के लोगों को कष्ट देनेवाले पितरों को, उनका प्रेतत्व दूर होकर सद्गति मिलने के लिए अर्थात भूमि, अंतरिक्ष एवं आकाश, तीनों स्थानों में स्थित आत्माओं को मुक्ति देने हेतु त्रिपिंडी करने की पद्धति है । श्राद्ध साधारणतः एक पितर अथवा पिता-पितामह (दादा)-प्रपितामह (परदादा) के लिए किया जाता है । अर्थात, यह तीन पीढ़ियों तक ही सीमित होता है । परंतु त्रिपिंडी श्राद्ध से उसके पूर्व की पीढियों के पितरों को भी तृप्ति मिलती है । प्रत्येक परिवार में यह विधि प्रति बारह वर्ष करें, परंतु जिस परिवार में पितृदोष अथवा पितरों द्वारा होने वाले कष्ट हों, वे यह विधि दोष निवारण हेतु करें । इस विधि के लिए उचित काल त्रिपिंडी श्राद्ध के लिए अष्टमी, एकादशी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा – ये तिथियां एवं संपूर्ण पितृपक्ष उचित होता है । गुरु शुक्रास्त, गणेशोत्सव एवं शारदीय नवरात्र की कालावधि में यह विधि न करें । उसी प्रकार, परिवार में मंगलकार्य के उपरांत अथवा अशुभ घटना के उपरांत एक वर्ष तक त्रिपिंडी श्राद्ध न करें । अत्यंत अपरिहार्य हो, जैसे एक मंगलकार्य के उपरांत पुनः कुछ माह के अंतराल पर दूसरा मंगलकार्य नियोजित हो, तो दोनों के मध्यकाल में त्रिपिंडी श्राद्ध करें । विधि हेतु उचित स्थान, त्र्यंबकेश्वर, गोकर्ण, महाबलेश्वर, गरुडेश्वर, हरिहरेश्वर (दक्षिण काशी), काशी (वाराणसी) ये स्थान त्रिपिंडी श्राद्ध करने के लिए महत्वपूर्ण हैं । इसके लिए 'प्रथम तीर्थ में स्नान कर श्राद्ध का संकल्प करें । तदुपरांत महाविष्णु की एवं श्राद्ध के लिए बुलाए गए ब्राह्मणों की पूजा श्राद्ध विधि के अनुसार करें। तत्पश्चात यव,जौ, व्रीहि, कीटक न लगे चावल एवं तिल के आटे का एक-एक पिंड बनाएं । दर्भ फैलाकर उस पर तिलोदक छिड़क कर पिंडदान करें । यवपिंड, धर्मपिंड, पितृवंश के एवं मातृवंश के जिन मृत व्याक्तियों की उत्तरक्रिया न हुई हो, संतान न होने के कारण जिनका पिंडदान न किया गया हो अथवा जो जन्म से ही अंधे-लूले थे, नेत्रहीन-अपंग होने के कारण जिनका विवाह न हुआ हो इसलिए संतान रहित, ऐसे पितरों का प्रेतत्व नष्ट हो एवं उन्हें सद्गति प्राप्त हो, इसलिए यव पिंड प्रदान किया जाता है। इसे धर्म पिंड की संज्ञा दी गई है । मधुरत्रययुक्त व्रीहीपिंड, पिंड पर चीनी, मधु एवं घी मिलाकर चढाया जाता हैं, इसे मधुरत्रय कहते हैं । इससे अंतरिक्ष में स्थित पितरों को सद्गति प्राप्त होता है । तिलपिंड, पृथ्वी पर क्षुद्र योनि में रहकर अन्यों को कष्ट देने वाले पितरों को तिलपिंड से सद्गति प्राप्त होती है। इन तीनों पिंडों पर तिलोदक अर्पित करें । तदुपरांत पिंडों की पूजा कर अघ्र्य दें । श्री विष्णु के लिए तर्पण करें। ब्राह्मणों को भोजन करवाकर उन्हें दक्षिणा के रूप में वस्त्र, पात्र, पंखा, पादत्राण इत्यादि वस्तुएं दें ।पितृदोष हो, तो माता-पिता के जीवित होते हुए भी पुत्र का विधि करना उचित होता हैं। श्राद्धकर्ता की कुंडली में पितृदोष हो, तो दोष दूर करने हेतु माता-पिता के जीवित होते हुए भी इस विधि को किया जा सकता हैं। श्राद्धकर्ता के पिता जीवित न हों, तो उसे विधि करते समय केश मुंडवाने चाहिए । जिसके पिता जीवित हैं, उस श्राद्धकर्ता को केश मुंडवाने की आवश्यकता नहीं होती है।घर का कोई सदस्य विधि कर रहा हो, तब अन्य सदस्यों द्वारा पूजा इत्यादि होना उचित है। त्रिपिंडी श्राद्ध में श्राद्धकर्ता के लिए ही अशौच होता है, अन्य परिजनों के लिए नहीं । इसलिए घर का कोई सदस्य विधि कर रहा हो, तो अन्यों के लिए पूजा इत्यादि बंद करना जरुरी नहीं हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य के विरुद्ध सुनवाई

जबलपुर,( ईएमएस)। जबलपुर : हाई कोर्ट में शनिवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह के विरुद्ध आपराधिक अवमानना प्रकरण की सुनवाई होगी। पूर्व में इन तीनों के विरुद्ध एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट द्वारा जारी जमानती वारंट जारी किया था। जिसे चुनौती देते हुए शिवराज सिंह व अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने वारंट पर अंतरिम रोक लगा दी थी। दरअसल, राज्यसभा सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने मध्य प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव मामले में परिसीमन और रोटेशन की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर रोक लगा दी थी। तन्खा का आरोप है कि भाजपा नेताओं ने साजिश करते हुए इसे गलत ढंग से पेश किया। सीएम शिवराज सिंह, वीडी शर्मा और भूपेंद्र सिंह ने गलत बयान देकर ओबीसी आरक्षण पर रोक का ठीकरा उनके सिर फोड़ दिया। जिससे उनकी छवि व अदालत की गरिमा को ठेस पहुंची है।

### गणेश उत्सव से एकत्रित निर्माल्य सामग्री से बनाई जा रही है जैविक खाद

भोपाल (ईएमएस)। नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर को साफ, स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2024 के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कचरे का पृथक्कीकरण एवं उसके पुनः उपयोग की दिशा में किये जा रहे कार्यों के अंतर्गत विगत दिनों संपन्न भगवान श्री गणेश उत्सव के दौरान एकत्रित निर्माल्य सामग्री से जैविक खाद बनाने का कार्य जारी है। अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान ने एम्स स्थित निष्पादन केन्द्र का निरीक्षण किया और केन्द्र पर निर्माल्य सामग्री एवं ग्रीन वेस्ट से बनाई जा रही जैविक खाद निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### सड़कों को जल्द से जल्द मरम्मत कराने अधिकारियों को निर्देश

जबलपुर,( ईएमएस)।जबलपुर। नवरात्रि पर्व पर सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहे और सड़कें आवागमन के लिए सुगम हो इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सड़कों की गुणवत्ता को चेक करने तथा बारिश हुई क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने के लिए इंजीनियरों के साथ खुद सड़क पर उतरीं और ताबड़तोड़ 7 संभागों की सड़कों का लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने कहा कि उनके द्वारा संभाग क्रमांक 1, 2, 4, 6, 8, 13, एवं 14 के अंतर्गत आने वाले सभी मुख्य मार्गो एवं जुलूस मार्गो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोककर्म विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर हाल में नवरात्रि पर्व के पूर्व बारिश से हुई क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए। उन्होंने बताया कि जिन मार्गो पर सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए पेंचवर्क के कार्य कराये जाना है उन सभी मार्गो पर पेंचवर्क के कार्य अविलंब कराएँ और जहाँ नए सिरे से गारंटी वाली सड़कों के निर्माण कराये जाना है उन सड़कों का नए सिरे से निर्माण कार्य कराया जाये, ताकि नवरात्रि पर्व के समय आम नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन करने में कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के मौके पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक यंत्री वीरेन्द्र पाण्डे, आशीष पाठकर तथा संबंधित सभी संभागों के उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

### नर्मदा महोत्सव की तैयारियों पर बैठक

जबलपुर,( ईएमएस)। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शरद पूर्णिमा पर भेड़ाघाट में इस वर्ष आयोजित किये जाने नर्मदा महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा करने कल शनिवार 21 सितंबर की सुबह 11 बजे सर्किट हाउस क्रमांक-एक में अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक में सभी संबधित विभागों के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से मौजूद रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# साडा क्षेत्र की 271 हैक्टेयर भूमि एमपीआईडीसी को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव तैयार

### संभाग आयुक्त खत्री ने की साडा की योजनाओं की समीक्षा

ग्वालियर ( ईएमएस ) | विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की 271 हैक्टेयर भूमि मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) को हस्तांतरित होगी। इस दिशा में साडा द्वारा जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा यह प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। हाल ही में ग्वालियर में आयोजित हुई रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिये जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में दिए गए निर्देशों के पालन में संभाग आयुक्त एवं साडा अध्यक्ष श्री मनोज खत्री ने इस कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाया है। औद्योगिक गतिविधियाँ शुरू होने पर साडा क्षेत्र के विकास में तेजी आयेगी। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।संभाग आयुक्त श्री खत्री ने शुक्रवार को साडा सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर साडा क्षेत्र की विकास योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि साडा की पुरानी आवासीय योजनाओं में बसाहट के लिए कारगर कदम उठाने के साथ-साथ ऐसी नई योजनाओं के लिए स्थल चिन्हित करें, जिससे साडा क्षेत्र का तेजी से विकास हो सके। साथ ही साडा की आय भी बढ़े। उन्होंने साडा क्षेत्र की आय बढ़ाने के लिये यहाँ के शेष कॉमर्शियल भूखण्डों को विक्रय करने के लिये जल्द से जल्द निविदाएँ जारी कराने के निर्देश साडा के सीईओ को दिए। बैठक में साडा के सीईओ एवं एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक प्रतुल चंद सिन्हा, कार्यपालन यंत्री श्री संजय शर्मा एवं वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। संभाग आयुक्त श्री खत्री ने निर्देश दिए कि साडा क्षेत्र की पुरानी आवासीय योजनाओं अर्थात नीलकमल, सौजना व बरा आवासीय योजना के अंतर्गत खराब हो रही अधोसंरचना और आवासों की मरम्मत कराएँ। साथ ही सभी बुनियादी सुविधायें जुटाएँ। प्रयास ऐसे हों जिससे जिन लोगों को साडा की आवासीय योजनाओं में एमआईजी व एलआईजी आवास आवंटित हुए हैं वे जल्द से जल्द रहने आने लगें। साडा के सीईओ श्री प्रतुलचंद सिन्हा ने बैठक में जानकारी दी कि साडा क्षेत्र में प्रस्तावित वेस्टर्न रिंग रोड़ के निर्माण से साडा क्षेत्र के विकास के नए दरवाजे खुलेंगे। वेस्टर्न बायपास बनने पर पनिहार से लेकर आगरा तक की दूरी सवा से डेढ़ घंटे के भीतर तय हो जायेगी। साथ ही साडा क्षेत्र में आवासीय व औद्योगिक गतिविधियाँ बढ़ेंगीं। जाहिर है साडा के विकास में नए आयाम जुड़ेंगे।

### पौधे भी रोपे

संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने साडा कार्यालय में आयोजित हुई बैठक के बाद साडा क्षेत्र में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधे भी रोपे। उन्होंने पौधों का संरक्षण करने के निर्देश इस अवसर पर साडा के अधिकारियों को दिए।

### 30 वर्षीय युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन डायल-100 जवानों ने पहुँचाया अस्पताल

बैतूल(ईएमएस)। बैतूल के थाना रानीपुर क्षेत्र के घोड़ावाड़ी में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 19-09-2024 को रात्रि 09 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल रानीपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। स्टाफ आरक्षक गौरव साहु पायलेट मनोज डोंगरे ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 30 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जवानों ने पीड़ित युवक को एफ आर व्ही वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ा डोंगरी पहुँचाया।

### एसकेएमयू ने जारी किया एक परीक्षा का रिजल्ट और तीन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि

दुमकाःसिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने एक परीक्षा का रिजल्ट और तीन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि प्रकाशित कर दी है। जिन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित की गई है, उनमें एमए इन संथाल कल्चर स्टडी सेमेस्टर-2, एम. लीस. सेमेस्टर-2 और बी. लीस. सेमेस्टर-2 की परीक्षाएं शामिल हैं। छात्र उक्त परीक्षाओं के लिए 25 सितंबर से 3 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और 4 से 5 अक्टूबर तक संबंधित कॉलेज में ऑनलाइन फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा कर सकते हैं।

# रिसालदार बाबा के दर पर पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन, की चादरपोशी

रांचीः डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के दरगाह पर उर्स के दूसरे दिन आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाबा के दर पर शाम 7.15 बजे हाजिरी देने पहुंचे. उन्होंने रिसालदार बाबा के दर पर चादरपोशी की. इस अवसर पर उनके साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान मौजूद थे. उन्होंने बाबा के दर पर देश व राज्य की खुशहाली, अमन चैन, एकता शांति और तरक्की की दुआ की. दरगाह कमेटी के सदस्य सरफराज कुरैशी ने कहा कि दरगाह कमेटी की ओर से राज्य के सीएम से एक बार फिर से 23 सितंबर को उर्स के मौके पर शिरकत करने का आग्रह किया, कमेटी के पदधारियों ने गुजारिश की कि आप आज आ गये बहुत अच्छा लगा. 23 को एक बार और आ



जायें और कव्वाली मंच का उद्घाटन करें तो बड़ा उपकार होगा. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा के दर पर हर आने वाले की फरियाद पूरी होती है. रिसालदार बाबा सभी के सहारा हैं, यहां तो हर हाल में आना ही है, ऐसे तो कई कार्यक्रम में जाना है, लेकिन हम बाबा के दर पर फिर आयेंगे.

### चादरपोशी करने वालों का लगा तांता

मालूम हो हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के दरगाह पर उर्स के दूसरे दिन चादर चढ़ाने वालों का तांता लगा रहा. लोग अहले सुबह से चादर चढ़ाने के लिये कतार बद्ध खड़े थे. कुछ देर के लिये फज्र की नमाज के बाद तथा जुमा की नमाज की नमाज के लिये चादरपोशी का काम रोक दिया गया था. जुमा की नमाज के बाद लोगों ने दरगाह शरीफ में सलाम पेश किया. मजार के चारों ओर मेले सा दृश्य है. जुमा का दिन होने के कारण दरगाह मस्जिद में अच्छी खासी भीड़ थी. दोपहर 3 बजे के बाद खानकाही कव्वाली का भी आयोजन दरगाह शरीफ में हुआ. देर शाम तक लोगों ने इसका लुत्फ उठाया. इस दौरान लोग आते जा रहे और चादरपोशी करते जा रहे थे. दरगाह कमेटी के कार्यक्रम में देर तक लंगरखानी जारी रहा, जलसे में देर रात तक लोगों ने एक से बढ़ कर एक नाते कलाम सुना. इसे सुनने के लिये बड़ी संख्या में लोग देर रात तक जमे रहें. इसकी पूरी देख रेख की जिम्मेदारी दरगाह कमेटी के पदधारियों ने निभाई. वहीं 21 सितंबर को रात्रि 8.30 बजे खानकाही कव्वाली कौशर जानी, कलाम नाजा वारसी,बड़े नवाब वारसी,आरिफ नवाज ,जबीउल्ला जानी ,आजाद अली वारसी एवं शहंशाह ब्रदर के बीच मुकाबला होगा.

### कर्मचारी महासंघ ने की चादरपोशी

झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ एवं झारखंड राज्य सचिवालय चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की ओर से नेपाल हाउस सचिवालय से चादर निकाल कर रिसालदार बाबा के मजार पर चादर पोशी की गई. बाबा से राज्य के विकास, उन्नति व खुशहाली की दुआ की गई. मौके पर आदिल जहीर, आतिष झा, मृत्युंजय झा, राम सेवक महतो, जयराम प्रसाद, संजय रजक, मनोज कुमार आदि शामिल थे.

# भाजपा प्रत्याशियों को उल्टा लटकाकर चुनाव में जनता सीधा कर देगी : सुप्रियो

रांची : झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को पार्टी कैंप कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. जिसमें साहिबगंज से भाजपा के परिवर्तन यात्रा पर कटाछ करते हुए कहा भाजपा घुसपैठियों की पार्टी है. इसके सभी पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा में घुसपैट कर राजनीतिक दुर्गंध फैलाने वाले लोग हैं. इनका सफाया आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता कर देगी. सुप्रियो भट्टाचार्य ने परिवर्तन यात्रा को षड्यंत्र यात्रा बताया. इस यात्रा की मंजिल क्या है उन्हें भी नहीं पता. आज मंच से




अमित शाह हेमंत बाबू हेमंत बाबू कर रहे थे,आखिर यह कैसा डर है. अमित शाह के घुसपैठियों को उल्टा लटकाने वाले बयान पर सुप्रिया ने कहा कि अमित शाह को मैं सच बता देना चाहता हूं कि झारखंड की जनता आपकी पार्टी को उल्टा लटका कर सीधा कर देगी. आपकी जो गिद्ध की नजर इस राज्य पर लगी है, उसका भी मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाएगा. बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर भी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पिछले दिन यहां आए थे और कहा था कि हाईकोर्ट ने कमिटी का गठन किया है. अब बताएं कि बांग्लादेश घुसपैठ कहां हो रहा है.

### ममता बनर्जी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं : झामुमो

झारखंड से जाने वाले ट्रकों को बंगाल सीमा पर रोके जाने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल सरकार की मनोस्थिति ठीक नहीं है. हेमंत सरकार किसी के पास घुटना टेकने वाली नहीं है. बंगाल के मंत्री से वार्ता के बाद ही यह कदम उठाए गए. ममता दीदी की मानसिक स्थिति खराब हो गई है, दीदी को थोड़ी संवेदनाएं रखनी चाहिए थी. अभी तो पानी छोड़ा गया था तो बंगाल में बाढ़ आ गया, अगर डैम ही टूट जाता तो पूरा बंगाल का क्या होता है यह समझिए.

### उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई

दुमकाःउपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की गई। उक्त बैठक में जिला स्तरीय सभी कार्यक्रम पदाधिकारी,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, दुमका जिल भी०बी०डी सलाहकार डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि प्रमण्डलीय समन्वयक यूनिसेफ, डीपीओ, केयर इंडिया, दुमका तथा जिला प्रतिनिधि पीसीआई के द्वारा भाग लिया गया।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा गर्भवती महिलाओं के मासिक लक्ष्य के विरुद्ध निबंधन में अपेक्षित सुधार लाने हेतु निर्देश दिया गया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, गोपीकान्दर को स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार लाने हेतु निर्देश दिया गया।सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी एचडब्ल्यूसी और उप केंद्र हर रोज खुले रहेंगे एवं सभी एएनएम/सीएचओ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से प्रतिदिन रहेगी।सभी पीएचसी/सीएचसी में चिकित्सा पदाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।चिकित्सा पादधिकारी की उपस्थिति की जानकारी ग्रामीणों को रहे ताकि वे अस्पताल पहुँचकर अपना इलाज करा सकें।उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी पीएचसी को एल1 बनाना सुनिश्चित करेंगे।उपायुक्त द्वारा सूचित किया गया कि टी.बी. मरीजों के बेहतर पहचान के लिए सभी सामु. स्वा. केन्द्र में एक्स-रे मशीन की उपलब्धता डीएमएफटी मद से राशि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी.

# परिवर्तन यात्रा क्षेत्र में विकास की नई दिशा स्थापित करने का माध्यम है : विवेक ठाकुर

दुमकाःआगामी 25 सितंबर 2024 को जामा विधानसभा के रामगढ़ प्रखंड में परिवर्तन यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाली जनसभा, शिकारीपाड़ा विधानसभा के काठीकुंड प्रखंड में रोड शो, और शिकारीपाड़ा प्रखंड में जनसभा की तैयारियों को लेकर नवादा के सांसद एवं दुमका-जामताड़ा क्लस्टर प्रभारी विवेक ठाकुर ने तीनों प्रखंडों में बैठकें कीं। विवेक ठाकुर ने इन बैठकों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा केवल राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि क्षेत्र में विकास की नई दिशा स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इस महायात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में जनसभा और रोड शो के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गौरव कांत ने कहा कि परिवर्तन यात्रा को सफल बनाना एक-एक कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है और सभी कार्यकर्ता संगठित रूप से इस परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने में अपना सहयोग करेंगे।रामगढ़ प्रखंड में जामा विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने आगामी जनसभा की तैयारियों की रूपरेखा तय की। इस अवसर पर ठाकुर ने यात्रा के दौरान जनता को जागरूक करने और भाजपा की विकासपरक नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। काठीकुंड प्रखंड में रोड शो के आयोजन की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए, श्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक जनसंपर्क स्थापित करने की अपील की, ताकि पार्टी का संदेश हर वर्ग तक पहुंचे।

### पंचायत सचिव का वेतन अगले आदेश तक स्थगित

दुमकाःउप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय, जरमुंडी के सभागार में अबुआ आवास योजना, पीएम- जनमन एवम् प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पंचायत झनकपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत एक भी पंजीकरण नहीं किए जाने के कारण संबंधित पंचायत सचिव का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का निदेश दिया गया।इसी प्रकार पंचायत कुशमाहा चिकनिया, पुतलीडाबर, नोनीहाट, हरिपुर बाजार के पंचायत सचिव को आवास योजनाओं में खराब प्रदर्शन रहने के कारण स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया।जरमुंडी प्रखण्ड के प्रखण्ड समन्वयक को सख्त हिदायत दी गई कि कार्यालय में कागजात प्राप्त होते हीं अविलंब पंजीकरण का कार्य निष्पादित कराएं। सभी उपस्थित पंचायत सचिव को उप विकास आयुक्त द्वारा आवास योजनाओं की स्वीकृति हेतु संपन्न की जानेवाली सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। योजना क्रियान्वयन में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त की जाएगी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### प्रपत्रों के निष्पादन एवं विलोपन की समीक्षा बैठक आयोजित

दुमकाःनिर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 10-दुमका (अ.ज.जा.) वि.क्षे. सह अंनुमंडल पदाधिकारी, दुमका की अध्यक्षता में मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान किये गये कार्यो एवं प्रपत्रों के निष्पादन एवं विलोपन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ -साथ दुमका विधान सभा के बीएलओ पर्यवेक्षक, निर्वाचन से सम्बद्ध सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित हुए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद।**
**अति–अल्पकालीन**

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)
ई–निविदा प्रसंग संख्या - **RCD/DHANBAD/1587/2024-25 (1st Call)**
दिनांक – **19.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | "गैर योजना मद अन्तर्गत भुईफोर मंदिर (NH-32) से स्व0 बिनोद बिहारी महतो चौक, बलियापुर में RCC नाली निर्माण कार्य, वर्ष 2024–25" |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये 98,00,000/– रूपये मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 3 माह। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04.10.2024 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 26.09..2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | **06432-275640** |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

PR 336318 Road (24-25)D

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद।



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद**
मोबाईल नं0 : **8789242462** Email : **rdsd.dhanbad@rediffmail.com**

पत्रांकः–771 धनबाद / दिनांक–18.09.2024

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/DHANBAD-21/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धनबाद जिला के पूर्वी टुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत चुरूरिया के चुरूरिया आदिवासी टोला से चालधोवा पथ पर अवस्थित जोरिया में पुल निर्माण (पुल की लम्बाई 39.37 मी0) | 253.38500 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 15 महीना |
| 2. | धनबाद जिला के टुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कटनियॉ के कलाली मोड से केशका मुख्य पथ में ओझाडीह जोरिया पर पुल निर्माण (पुल की लम्बाई 29.66 मी0) | 162.52000 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 15 महीना |
| 3. | धनबाद जिला के टुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कटनियॉ के करमाटांड से मोहनाद पथ में करमाटांड जोरिया पर पुल निर्माण (पुल की लम्बाई 38.76 मी0) | 261.67400 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 15 महीना |
| 4. | धनबाद जिला के टुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत बरवाटांड से खखुडीह पथ (तिलैयाटांड से खखुडीह पथ) में अवस्थित जोरिया में पुल निर्माण (पुल की लम्बाई 34.26 मी0) | 233.14500 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 15 महीना |
| 5. | धनबाद जिला के टुण्डी प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत रामपुर के रामपुर से डोडवाडीह पथ पर अवस्थित नाला पर पुलिया का निर्माण (पुल की लम्बाई 43.54 मी0) | 235.89100 | परिमाण विपत्र की राशि 2% | 10000.00 | 15 महीना |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –**28.09.2024**
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक **28.09.2024** से दिनांक **05.10.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– **07.10.2024** अपराह्न 2:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– ई0 नरेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं० – **8789242462** (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 नरेन्द्र कुमार)कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,धनबाद

PR 336095 (Rural Development)24-25*D



**कार्यालय नगर निगम, गिरिडीह**
**Email-( giridihmunicipalcorporation@gmail.com)**

**अल्पकालीन बन्दोबस्ती आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक (01.11.2024 से 31.10.2027) के लिए गिरिडीह नगर निगम के अधीनस्थ विवाह भवन की बन्दोबस्ती खुले डाक के माध्यम से दिनांक– 05.10.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न (किसी कारणवश बन्दोबस्ती की प्रक्रिया स्थगित होती है तो उसे अगले कार्य दिवस में की जायेगी) में उप नगर आयुक्त, नगर निगम, गिरिडीह की अध्यक्षता में नगर निगम के सभा कक्ष में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रस्तावित सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | विवाह भवन | 25,89,800.00 | 3,88,470.00 |

बन्दोबस्ती की शर्तें नगर निगम के सूचना पट्ट अथवा विभागीय वेवसाईट– udhd.jharkhand.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

उप नगर आयुक्त,
नगर निगम, गिरिडीह

PR 336420 Urban Development(24-25)#D



**EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, BOKARO.**
**Short e-Tender Reference No. WRD/MID/BOKARO/F2-05/2024-25 Date :18.09.2024**

1. Date of Publication of Tender on website :- 27.09.2024 at 2.00 PM
2. Last date/Time for receipt of bids online bids Fee, Security and other documents :- e-Procurement Portal (Jharkhandtenders.gov.in) 04.10.2024 up to 2.00 PM
3. Date of Opening of Tender on website :- 05.10.2024 at 5:00 PM
4. Name & address of office Inviting tender :- Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Bokaro, Camp – II, Qr. No- D/1, B. S. City, Bokaro, Jharkhand, Pin no- 827001
5. (a) Contact no of e-Procurement officer :- 9773661712
   (b) E-mail of e-Procurement officer :- eemidbok-cemr-jhr@nic.in
6. Helpline number of e-Procurement cell :- 9431510092

| Gr. No. | Name of the work | Estimated Cost (Rs.) | EMD | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Road besides jaina more block road durga mandir vastralaya to Tetariya dih more via block office panchayat Bandhdih north Under Block-Jaridih, Bokaro. | 7944100.00 | 158900.00 | 10000.00 | 180 Days |

**Note :-** Only e-Tenders will be accepted. The tender amount may be changed at time of publication on website.Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Bokaro**

PR 336220 Minor Irrigation(24-25)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद**
मोबाईल नं0 : 8789242462 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com

पत्रांकः–781 धनबाद / दिनांक–20.09.2024

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 746 दिनांक 10.09.2024 के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/DHANBAD-18/2024-25 जिसका PR No. 335314 (Rural Work Department)24-25*D में प्रकाशित निविदा की तिथि में निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 18.09.2024 | दिनांक 24.09.2024 |
| 2. | ई0–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 18.09.2024 से दिनांक 25.09.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। | दिनांक 24.09.2024 से दिनांक 04.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 3. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 27.09.2024 अपराह्न 02:00 बजे। | दिनांक 07.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे। |

अतः अन्य शर्तो यथावत रहेगी।

(ई0 नरेन्द्र कुमार)
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद

PR 336386 Rural Work Department(24-25)#D

# संक्षिप्त खबरें

## रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ ही 83.55 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह से शुरुआती कारोबार में रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ ही 83.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में मजबूती और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से यह तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कम कीमतों ने भी रुपये को समर्थन दिया, हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.63 पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद ये 83.56 प्रति डॉलर पर पहुंच जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गत दिवस अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.65 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी नीचे आकर 100.24 पर रहा।

## रेपो रेट में फरवरी 2025 से पहले कटौती की उम्मीद नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में यूएस फेडरल रिजर्व की ओर से नीतगत ब्याज दरों में 50 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी इसी तरह के कदम पर विचार कर सकता है, लेकिन इस साल ऐसा होने के आसार कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार संभावित रूप से फरवरी 2025 तक दर में भारत का केंद्रीय बैंक कटौती की घोषणा कर सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति जिसे हम खुदरा महंगाई दर कहते हैं अगस्त 2024 में सालाना आधार पर 3.65 प्रतिशत के करीब पहुंचते हुए पांच साल के निचले स्तर पर आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में आरबीआई की ओर से किसी भी दर कटौती की उम्मीद कम है। अब तक के अनुमानों के अनुसार 2025 की शुरुआत में संभवतः फरवरी में दर कटौती का फैसला लिया जा सकता है। बीते बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी. श्रीनिवासुलु शेट्टी ने भी साक्षात्कार में ऐसा ही अनुमान जताया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकिंग क्षेत्र के लिए तरलता की चुनौतियां बनी रहेंगी क्योंकि सरकारी नकदी शेष धीरे-धीरे बैंकिंग प्रणाली से बाहर निकल रही है। सितंबर और अक्तूबर में मुद्रास्फीति में अपेक्षित उछाल के बावजूद, आने वाले महीनों में सीपीआई मुद्रास्फीति के 5 प्रतिशत से नीचे या उसके करीब रहने का अनुमान है। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत से 4.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। इस तरह, यह आरबीआई के 4-6 प्रतिशत के लक्ष्य सीमा के भीतर रहेगी।

## फिजिक्सवाला ने वित्त पोषण चक्र में जुटाए 21 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली (ईएमएस)। शिक्षण प्रौद्योगिकी फिजिक्सवाला ने हॉर्नबिल कैपिटल की अगुवाई में वित्त पोषण चक्र में 21 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। इसका मूल्यांकन 2.5 गुना बढ़कर 2.8 अरब डॉलर हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि मौजूदा निवेशकों जीएसवी और वेस्टब्रिज के साथ लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स ने भी इस वित्त पोषण चक्र में हिस्सा लिया। बयान के अनुसार फिजिक्सवाला प्राइवेट लिमिटेड (पीडब्ल्यू) ने अपने सीरीज बी वित्त पोषण चक्र को पूरा कर लिया है, जिसमें 21 करोड़ डॉलर जुटाए गए हैं। इस निवेश से कंपनी का मूल्यांकन 2.8 अरब डॉलर हो गया है, जो इसके पिछले मूल्यांकन 1.1 अरब डॉलर से 2.5 गुना अधिक है।

## फेड के ब्याज दर कटौती से भारत में विदेशी निवेश पर नहीं होगा असर : आर्थिक सचिव

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती का भारत में विदेशी निवेश पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा कि फेडरल रिजर्व ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा फैसला किया है। लेकिन आरबीआई भारतीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर कटौती का फैसला करेगा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक का फैसला भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। हमें देखना होगा कि अमेरिकी ब्याज दरों का स्तर कहां है? अन्य बाजार कैसा व्यवहार करते हैं। फेडरल रिजर्व ने बुधवार देर रात चार साल बाद ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती की थी। सेठ ने कहा कि भारत में ब्याज दर में कटौती पर फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) उचित समय पर लेगी। एमपीसी का फैसला इस पर आधारित है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक अगले महीने होनी है। फरवरी, 2023 से रेपो दर में बदलाव नहीं हुआ है और यह 6.5 फीसदी पर स्थिर है। भारत के एक आर्थिक सलाहकार ने कहा कि फेडरल रिजर्व के कदम का असर भारत पर कम होगा, क्योंकि नीतिगत दर पहले से ही बहुत ज्यादा थी। भारतीय शेयर बाजार पहले से ही निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। कुल मिलाकर दर में कटौती उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है।

## अनिल अंबानी की कंपनी में प्रवर्तक 1,100 करोड़ का करेंगे निवेश

मुंबई (ईएमएस)। उद्योगपति अनिल अंबानी की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में प्रवर्तक 1,100 करोड़ रुपये और मुंबई की दो निवेश कंपनियां 1,910 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने हाल ही में 6,000 करोड़ रुपये की निधि जुटाने की योजना को मंजूरी दी। इसमें से 3,014 करोड़ रुपये शेयर के तरजीही आवंटन और 3,000 करोड़ रुपये संस्थागत खरीदारों को शेयर जारी करके जुटाए जाएंगे। शेयर जारी करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगने वाले कंपनी के पोस्टल बैलट के अनुसार पहले चरण में कंपनी 3,014 करोड़ रुपये का तरजीही नियोजन शुरू कर रही है, जिसके तहत 240 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 12.56 करोड़ शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी किए जाएंगे। इसमें से 1,104 करोड़ रुपये रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रवर्तक कंपनी राइजी इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिये निवेश किए जाएंगे। इस तरजीही नियोजन में हिस्सा लेने वाले दो अन्य निवेशक मुंबई स्थित फॉर्च्यून फाइनेंशियल एंड इक्विटीज सर्विसेज और फ्लोरिंट्री इनोवेशन एलएलपी हैं।

## ऑनलाइन सामान मंगाना होगा सस्ता लाजिस्टिक लागत कम करेगी सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार अगले 5 सालों में लॉजिस्टिक्स लागत कम करने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है तो ऑनलाइन मंगाए जाने वाले सामान के साथ खाने-पीने और दूसरी चीजों की कीमत में कमी आ सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लॉजिस्टिक्स लागत कम करने की बात कही। उन्होंने डेलॉयट गवर्नमेंट समिट में कहा कि मिनिस्ट्री कई हाईवे और एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है। इससे भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अगले पांच वर्षों में हमारी लॉजिस्टिक्स लागत सिंगल डिजिट में आ जाएगी। हालांकि इकनॉमिक रिसर्च संस्थान टैंक नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमान के अनुसार भारत में लॉजिस्टिक्स लागत 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 7.8 फीसदी से 8.9 फीसदी के बीच थी। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को दुनिया में नंबर वन बनाना है।

भारत पिछले साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोटर वाहन बाजार बन गया था। भारत से आगे सिर्फ अमेरिका और चीन थे। गडकरी ने कहा कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 2014 में 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 22 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अगर हम किसानों की क्रय शक्ति बढ़ा सकें तो इसका हमारी अर्थव्यवस्था पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। गडकरी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत को अपना निर्यात बढ़ाने और आयात कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए स्मार्ट शहरों की तरह स्मार्ट गांव भी जरूरी हैं।

# नया कीर्तिमान, सेंसेक्स 1400 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी शानदार तेजी

## निवेशकों को 6.36 लाख करोड़ का मुनाफा, शेयर बाजार अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंचा



मुंबई (ईएमएस)। सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। अमेरिकी फेड की ओर से इन्टरेस्ट रेट में कटौती के दो दिन बाद भारतीय शेयर बाजार ने नया कीर्तिमान रचा है। शेयर बाजार अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। बाजार बंद होने से कुछ देर पहले सेंसेक्स 1500 अंक चढक़र 84,694.46 पर था, लेकिन बाजार बंद होने के बाद सेंसेक्स 1359.51 अंक चढक़र 84,544.31 पर था। निफ्टी की बात करें तो इसमें आज 400 अंकों से ज्यादा तेजी देखी गई, जिसने अपना ऑल टाइम रिकॉर्ड तोड़ते हुए 25,849.25 पर पहुंच गया। हालांकि बाजार बंद होने पर निफ्टी 50 375 अंक उछलकर 25,790.95 पर आ गया। निफ्टी बैंक में 755 अंक की बढ़ोतरी देखने को मिली। यह 53,793 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को बीएसई मार्केट कैप 4,65,47,277.72 करोड़ रुपये था, जो शुक्रवार को बंद होने तक 6.36 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,71,84,122 करोड़ रुपये हो गया। यानी निवेशकों को 6.36 लाख करोड़ का प्रॉफिट हुआ है। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह शेयर बाजार में सुस्त शुरुआत हुई थी, लेकिन एक घंटे बाद शेयर बाजार में रैली शुरू हो गई और देखते ही देखते शेयर बाजार ने सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। सेंसेक्स 83,603.04 पर खुला था, जबकि निफ्टी 25,525.95 पर खुला था। बीएसई सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में से 28 शेयरों में उछाल देखने को मिला। जबकि दो शेयर गिरावट पर थे। शेयर बाजार के आज हॉट स्टॉक एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील रहे। इन शेयरों में 6 फीसदी तक की उछाल देखी गई। सेंसेक्स 1.63 प्रतिशत, निफ्टी 1.48 प्रतिशत के अलावा, बीएसई मिडकैप 1.16 प्रतिशत और स्मॉल कैप 1.37 प्रतिशत चढ़ा था। यानी गुरूवार को मिड और स्मॉल कैप में आई गिरावट की शानदार रिकवरी हुई।

### इन 10 शेयरों में सबसे ज्यादा उछाल

लार्जकैप में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 5.48 प्रतिशत की तेजी आई। जोमेटो के शेयर 4.18 फीसदी तक चढ़ गए। आईआरएफसी के शेयरों में 3.98 प्रतिशत की तेजी देखी गई। मिडकैप- मैक्स हेल्थकेयर (8.44 प्रतिशत), ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स (7.85 प्रतिशत), मजगांव डॉक शिपयार्ड के शेयर (7.75 प्रतिशत) और बीएसई (7.38 प्रतिशत) चढ़ा। स्मॉल कैप शेयरों की बात करें तो सबसे ज्यादा राइट्स 10 फीसदी, कोचिन शिपयार्ड 10 फीसदी, हुडको 9 फीसदी चढ़ा।

## देश में ईवी के लिए बनेंगे 74,300 चार्जिंग केंद्र

## ईवीपीसीएस पर अनुमानित 2 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) चार्जिंग स्टेशन बनाने और उसके संचालन के दिशा निर्देश में बदलाव कर संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। सरकार की कवायद हाल ही में पेश की गई 10,900 करोड़ रुपये की पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हासमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना के बाद की गई है, जिसमें पूरे देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचा बनाने पर ध्यान दिया गया है। इस योजना में इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस) की स्थापना को बढ़ावा देकर ईवी खरीदारों की चिंता को भी दूर करने का प्रयास किया गया है। ये ईवीपीसीएस वैसे शहरों और राजमार्गों पर लगाए जाएंगे जहां बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन हैं। कुल मिलाकर 74,300 चार्जर लगाए जाएंगे, जिसमें इलेक्ट्रिक कारों के लिए 22,100 फास्ट चार्जर, इलेक्ट्रिक बसों के लिए 1,800 फास्ट चार्जर और इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों की चार्जिंग के लिए 48,400 फास्टर चार्जर शामिल हैं। ईवीपीसीएस पर अनुमानित 2 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। विद्युत मंत्रालय द्वारा 18 सितंबर को जारी किए गए दिशानिर्देशों का मकसद सरकार और निजी कंपनियों के बीच एक नए राजस्व साझाकरण मॉडल के जरिये सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने का है। यह दिशानिर्देश ईवी चार्जिंग वाली जगहों की एक विस्तृत श्रृंखला लागू करने के लिए भी तय की गई है। इनमें निजी पार्किंग स्थल और कार्यालय भवन, शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल और ग्रुप आवासीय सोसायटी जैसे अर्ध प्रतिबंधित क्षेत्र शामिल हैं। सार्वजनिक स्थानों में वाणिज्यिक परिसर, रेलवे स्टेशन, पेट्रोल पंप, हवाई अड्डा, मेट्रो स्टेशन, शॉपिंग मॉल, नगरपालिका की पार्किंग, हाईवे, एक्सप्रेस वे जैसे स्थल शामिल किए गए हैं। विद्युत मंत्रालय ने पहली बार साल 2018 में 14 दिसंबर को ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के मानक जारी किए थे। तब से अब तक ईवी क्षेत्र की तेजी से बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए उनमें पांच बार बदलाव किया जा चुका है। इससे पहले पिछले साल अप्रैल में संशोधन किया गया था, जिसमें सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों पर चार्ज प्वाइंट ऑपरेटरों द्वारा लिए जाने वाले शुल्क पर अधिकतम सीमा लागू की गई थी।

## आईआईएफएल के शेयर में 9 फीसदी से ज्यादा की तेजी

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन कारोबार पर लगी रोक हटा ली है। इस खबर का असर शुक्रवार को कंपनी के शेयर पर देखने को मिला। आईआईएफएल का शेयर सुबह 9 फीसदी से ज्यादा चढ़कर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान शेयर 9.55 फीसदी या 47.35 रुपए चढ़कर 543.30 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। बतां दें कि आरबीआई ने गुरुवार को आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन कारोबार पर लगी रोक हटा ली है। आरबीआई का यह निर्णय तुरंत प्रभाव से लागू होगा। बता दें कि 4 मार्च, 2024 को कंपनी पर प्रतिबंध लगाया गया था, जिसके तहत आईआईएफएल फाइनेंस को गोल्ड लोन देने और वितरित करने से रोक दिया गया था। अब छह महीने बाद कंपनी को इस प्रतिबंध से राहत मिली है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :–06/R3/2024-25/RWD/EE/GIRIDIH दिनांक :– 19.09.2024 ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/GIRIDIH/ 54/2023-24 | कपिलो मेन रोड से सरकी टोला तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.000 कि0मी0) | 1,14,48,900.00 | एक करोड़ चौदह लाख अड़तालीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 23.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 30.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 04.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0– 06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह

PR 336380 (REO)24-25*D

## आईफोन 16 सीरीज की भारत में जोरदार ऑफर के साथ सेल शुरू

नई दिल्ली (ईएमएस)। एप्पल आईफोन 16 और 16 प्रो सीरीज़ की बिक्री भारत में शुक्रवार 20 सितंबर से शुरू हो गई है। नए आईफोन 16 सीरीज़ मॉडल की प्री-ऑर्डर बुकिंग 13 सितंबर से भारत समेत कई अन्य देशों में शुरू हुई थी, और अब जो लोग इसे पहले से ऑर्डर कर चुके हैं, उन्हें शुक्रवार सुबह 8 बजे से अपने नए आईफोन मिलने शुरू हो गए हैं। एप्पल स्टोर के दरवाजे सुबह 8 बजे खोल दिए गए और इसके साथ ही ग्राहकों की आईफोन स्टोर पर भी लंबी लाइन देखने को मिली। आईफोन एप्पल बीकेसी स्टोर मुंबई या एप्पल साकेट स्टोर दिल्ली में मिल रहे हैं। इसके अलावा वे देशभर में मौजूद अधिकृत रीसेलर्स पर भी निर्भर कर सकते हैं या फिर ऑनलाइन डिलीवरी का इंतजार कर सकते हैं। एप्पल स्टोर खुलने से पहले ही सुबह-सुबह लोग स्टोर के बाहर दौड़ते हुए दिखे। आईफोन को लेकर ऐसा ही क्रेज पिछली बार भी देखा गया था जब आईफोन 15 लॉन्च हुआ था। अगर आपके पास कुछ चुनिंदा बैंक काड्र्स हैं, तो आपको इन ऑफर्स के तहत अतिरिक्त कैशबैक का फायदा मिल सकता है।

## मालदीव में आर्थिक संकट, मदद के लिए भारत ने बढ़ाया हाथ

नई दिल्ली। आर्थिक संकटों का सामना कर रहे मालदीव की मदद के लिए भारत ने हाथ बढ़ाया है। एसबीआई ने मालदीव के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए 5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल को सब्सक्राइब किया है। यह सब्सक्रिप्शन एक साल की अवधि के लिए है, जो 19 सितंबर, 2024 से शुरू होती है। ट्रेजरी बिल्स को सब्सक्राइब करने का मतलब है कि एसबीआई, मालदीव की सरकार को एक निश्चित अवधि के लिए पैसा उधार दे रही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/33/2024-25/GR_01/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के बेरमो प्रखण्ड अंतर्गत फुसरो नगर परिषद् क्षेत्र स्थित सुभाष नगर वार्ड न० 4 में सबिता मेडिकल से दुर्गा मंदिर होते हुए पुराना सुभाष नगर शिव मंदिर तक सड़क निर्माण। | 4350600.00 | 87500.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.09.2024 से दिनांक 28.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 30.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।

PR.NO.336342 Rural Development(24-25):D

# इस बार टॉप 10 में सिर्फ 2 ही सरकारी कंपनियां शामिल

## एचएफडीसी बैंक दूसरे स्थान पर, जबकि भारतीय स्टेट बैंक पांचवें स्थान पर




नई दिल्ली (ईएमएस)। इस बार जारी की गई सूची में टॉप 10 में सिर्फ 2 ही सरकारी कंपनियां शामिल हैं, उसमें पहली कंपनी 5वें पर और दूसरी 10वें पायदान पर आती है। विपणन आंकड़े और विश्लेषण से जुड़ी एक कंपनी ने यह रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक देश के शीर्ष 75 मूल्यवान ब्रांड का संयुक्त मूल्यांकन 19 प्रतिशत बढ़कर 450.5 अरब डॉलर (करीब 38 लाख करोड़) हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) लगातार तीसरे साल सबसे मूल्यवान ब्रांड बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, एयरटेल, इन्फोसिस और एसबीआई का नाम आता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीसीएस का ब्रांड मूल्य 49.7 अरब डॉलर (करीब 4.17 लाख करोड़ रुपये) रहा। यह पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। ब्रांड मूल्य में वृद्धि का प्रमुख कारण विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में नवोन्मेष और डिजिटल परिवर्तन में निवेश है। पिछले वर्ष के दौरान 54 ब्रांड ने सालाना आधार पर अपने ब्रांड मूल्य को बढ़ाया है। साथ ही सभी कारोबारी क्षेत्रों के ब्रांड ने वृद्धि को गति दी है। सूची में वित्तीय सेवा से जुड़े ब्रांड का दबदबा है। इसमें कुल 17 ब्रांड ने समग्र ब्रांड मूल्य रैंकिंग में 28 प्रतिशत का योगदान दिया है। एचएफडीसी बैंक 38.3 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक 18 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ पांचवें स्थान पर है। आईसीआईसीआई बैंक 15.6 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ छठे स्थान और एलआईसी 11.5 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ 10वें स्थान पर है। जोमैटो में सबसे तेज वृद्धि हुई है। इसका ब्रांड मूल्य दोगुना होकर 3.5 अरब डॉलर हो गया है और यह 31वें स्थान पर रहा। इसके ब्रांड मूल्य में वृद्धि का कारण नवोन्मेष पर जोर और तेजी से सामान पहुंचने के कारोबार में विस्तार है। वाहन क्षेत्र में मारुति सुजुकी का दबदबा रहा और यह 17वें स्थान पर है। इसके बाद बजाज ऑटो 20वें, महिंद्रा एंड महिंद्रा के ब्रांड मूल्यांकन में 78 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वह 30वें स्थान पर है। इस साल की रैंकिंग 108 श्रेणियों में 1,535 ब्रांड पर 1.41 लाख प्रतिभागियों की राय पर आधारित है।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, गिरिडीह।

अति अल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, गिरिडीह।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 26.09.2024 को 10.30 बजे पूर्वाह्न से 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. उद्धरण खोलने की तिथि :– दिनांक 26.09.2024 को 3.30 बजे अपराह्न ।
4. उद्धरण प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, गिरिडीह।
5. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | शीर्ष | प्रखंड का नाम | योजना का नाम | संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01. | सी0एस0 आर0 मद | बिरनी | बिरनी प्रखंड अंतर्गत पंचायत कपिलो एवं नगर पंचायत बडकी सरैया हेतु कचरा उठाव वाहन की आपूर्त्ति । | 02 | स्थानीय अधिकृत डीलर/प्रतिष्ठितविक्रेताउद्धरण में भाग ले सकेंगे। उनके द्वारा भारत में निर्मितTata Ace Chassis पर 1800 लि0 क्षमता का बॉक्स बॉडी फेब्रिकेशन जिसमें सुखा एवं गिला कचरा के लिए अलग–अलग कम्पार्टमेंट हायड्रोलिक आधारित वाहन का निविदा सभी प्रकार का कर, रजिस्ट्रेशन एवं बीमा सहित अद्यतन जी0एस0टी0 रिटर्न/आय–कर रिटर्न एवं अन्य आवश्यक कागजात संलग्न करते हुए मदवार दर उद्धृत किया जायेगा। |
| 02. | सी0एस0 आर0 मद | डुमरी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरी में एम्बुलेंस की आपूर्त्ति | 01 | स्थानीय अधिकृत डीलर/प्रतिष्ठितविक्रेताकोटेशन में भाग ले सकेंगे। उनके द्वारा भारत में निर्मित Tata Winger एम्बुलेंस का कोटेशन सभी प्रकार का कर रजिस्ट्रेशन एवं बीमा सहित अद्यतन जी0एस0टी0 रिटर्न/आय–कर रिटर्न एवं अन्य आवश्यक कागजात संलग्न करते हुए मदवार दर उद्धृत किया जायेगा। |
| 02. | सी0एस0 आर0 मद | डुमरी | जगरनाथ महतो इन्टर कॉलेज, मंझलाडीह, डुमरी में छात्रों के लिए स्कूल बस की आपूर्त्ति | 01 | स्थानीय अधिकृत डीलर/प्रतिष्ठितविक्रेताकोटेशन में भाग ले सकेंगे। उनके द्वारा भारत में निर्मित Tata School Bus 42 छात्र क्षमता का कोटेशन सभी प्रकार का कर रजिस्ट्रेशन एवं बीमा सहित अद्यतन जी0एस0टी0 रिटर्न/आय–कर रिटर्न एवं अन्य आवश्यक कागजात संलग्न करते हुए मदवार दर उद्धृत किया जायेगा। |
| 03. | विधायक मद | सरिया बिरनी बगोदर | शव वाहन की आपूर्त्ति। | 03 | स्थानीय अधिकृत डीलर/प्रतिष्ठितविक्रेताउद्धरण में भाग ले सकेंगे। उनके द्वारा भारत में निर्मितTata Yodha Pickup वाहन पर बॉडी फेब्रिकेशन कर जिसमें वाहन चालक/ सहयात्री तथा शव के लिए अलग–अलग वातानुकूलित कम्पार्टमेंट हो का कोटेशनसभी प्रकार का कर, रजिस्ट्रेशन एवं बीमा सहित अद्यतन जी0एस0टी0 रिटर्न/आय–कर रिटर्न एवं अन्य आवश्यक कागजात संलग्न करते हुए मदवार दर उद्धृत किया जायेगा। |

नोटः–उद्धरण की शर्त्तेकार्यपालक अभियन्ता, एन0 आर0 ई0 पी0, गिरिडीह, कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, गिरिडीह।

PR 336239 (NREP) 24-25 (D)

# भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में शिंकंजा कसा

## 308 रन की बढ़त हासिल की

## भारत पहली पारी 376 , बांग्लादेश 149



चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय टीम ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में अपना शिकंजा कस दिया है। भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक इस मैच में 308 रन की बढ़त हासिल कर ली है। वहीं अभी तीन दिनों का खेल शेष है। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाये जबकि बांग्लादेश की टीम अपनी पहली पारी में 149 रनों पर ही सिमट गयी। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 227 रनों की बड़ी बढ़त हासिल हो गयी थी। भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 81 रन बनाए। भारतीय टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यशस्वी जायसवाल के साथ रोहित शर्मा पारी की शुरुआत की पर रोहित 5 रनों पर ही आउट हो गये। इसके बाद यशस्वी जायसवाल भी 10 रनों पर आउट हो गये। विराट कोहली भी दूसरी पारी में 17 रन ही बना पाये। दिन का खेल खत्म होने तक शुभमन गिल 33 और ऋषभ पंत 12 रन बनाकर खेल रहे थे।

वहीं इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश के बल्लेबाजों को पहली पारी में 149 रनों पर ही आउट कर दिया। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 227 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिल गयी है। भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक चार विकेट लिए। वहीं मोहम्मद सिराज, आकाशदीप और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए। बांग्लादेश की ओर शाकिब अल हसन ने सबसे अधिक 32 रन बनाये। बाकि बल्लेबाज सस्ते में ही सिमट गये।

वहीं आज सुबह आर अश्विन के शतक और रविंद्र जड़ेजा के साथ उनकी 199 रन की साझेदारी से भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दूसरी दिन अपनी पहली पारी में 376 रन बनाये। पहले दिन के छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलते हुए भारतीय टीम दूसरे दिन अपने स्कोर में केवल 37 रन ही जोड़ पायी और उसने बचे हुए चार विकेट खो दिये। पहले दिन के 102 रनों से आगे खेलते हुए आर अश्विन 113 रन बनाकर आउअ हुए। वहीं रविन्द्र जडेजा पहले दिन के 86 रनों पर ही पेवेलियन लौट गये। वहीं यशस्वी जायसवाल ने 56 रन रन बनाये। वहीं बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने 83 रन देकर 5 विकेट जबकि तस्कीन अहमद ने 3 विकेट मिले। नाहिद राणा और मेहदी हसन मिराज को एक-एक विकेट मिला।

दूसरे दिन के पहले सत्र में बांग्लादेशी गेंदबाज हावी रहे और हसन महमूद ने जसप्रीत बुमराह को आउट कर भारतीय पारी को समेट दिया। भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत छह विकेट के नुकसान पर 339 रनों से की थी। जडेजा अपने खाते आज एक भी रन नहीं बना पाये और 86 रनों पर ही पेवेलियन लौट गये। अश्विन भी 11 रन और बनाकर आउट हो गये। वह तस्कीन अहमद का शिकार बने। वहीं अपने पहले ही मैच में आकाशदीप ने 17 रन बनाये। तस्कीन ने दूसरे दिन तीन विकेट लिए जिसमें अश्विन के अलावा जडेजा और आकाश दीप का विकेट भी शामिल है। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की शूरुआत भी अच्छी नहीं रही। बांग्लादेश ने लंच तक ही 26 रन पर 3 विकेट खो दिये। भारतीय टीम के ओर से एक विकेट बुमराह जबकि दो विकेट नये गेंदबाज आकाश दीप ने लिए। बांग्लादेश के बल्लेबजा शादमन इस्लाम 2, जाकिर हसन 3 और मोमिनुल हक शून्य पर ही आउट हो गये। लंच के समय . कप्तान नजमुल शान्तो 15 और मुश्फिकुर रहीम 4 रन पर खेल रहे थे। लंच के बाद भी बांग्लादेशी बल्लेबाज भारतीय बल्लेबाजों का सामना नहीं कर पाये और एक के बाद एक पेवेलियन लौट गये।

## भारत के धनुष ने विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में कांस्य जीता



लियोन (ईएमएस)। भारत के लोगानाथन धनुष को यहां आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में तीसरा स्थान मिला है। इस प्रकार धनुष ने 55 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है। धनुष जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट हैं। धनुष ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया।

धनुष यहां ग्रुप बी में शामिल थे। वहीं यहां अधिक ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा गया है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप हैं। धनुष ने क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ ही 13 वां स्थान हासिल किया था। वहीं वियतनाम के के डुओंग ने 253 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं महिलाओं की स्पर्धा में भारत की पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा वजन के साथ ही छठे स्थान पर रही।

## दिलीप ट्रॉफी में सैमसन ने लगाया शतक

अनंतपुर (ईएमएस)। ईशान किशन की जगह दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया डी में शामिल विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने शानदार शतक लगाकर अपने चयन को सही साबित किया है। ये प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सैमसन का पहला शतक है। सैमसन ने अपनी आक्रामक पारी के दौरान 12 चौके और तीन छक्के लगाए। सैमसन ने इंडिया बी के खिलाफ मुकाबले में ये शतक लगाकर अपनी टीम को बेहतर हाल में पहुंचाया। ये सैमसन का 11वां प्रथम श्रेणी शतक है। सैमसन को ईशान के चोटग्रस्त होकर बाहर होने से दलीप ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया था। सैमसन ने पहले राउंड में बाहर होने के बाद दूसरे राउंड में इंडिया ए के खिलाफ 5 और 40 रन ही बनाए थे। अब इस शतक के साथ ही सैमसन ने एक बार फिर टीम इंडिया में जगह के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है।

# अथापथु की कप्तानी में टी20 महिला विश्व कप 2024 में उतरेगी श्रीलंकाई टीम



कोलंबो (ईएमएस)। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने अगले माह होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। श्रीलंकाई टीम की कप्तानी ऑलराउंडर चमारी अथापथु को मिली है। इस टीम में बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रानावीरा को भी शामिल किया गया है। रानावीरा की काफी समय बाद वापसी हुई है।

उन्हें अंतिम बार महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 के लिए टीम में शामिल किया गया था।

इनोका ने श्रीलंका के लिए 82 टी20आई खेलों में 5.86 की इकॉनमी रेट से 91 विकेट लिए हैं। इसके अलावा टीम में इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी और कविशा दिलहारी को भी स्पिनर के तौर पर जगह मिली है। उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया और अमा कंचना को तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल किया गया है।

बल्लेबाजी की कमान चमारी और कविशा के अलावा, विशमी गुणरत्ने और हर्षिता समाविक्रमा के पास रहेगी। श्रीलंकाई टीम 2024 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ खेलेगी। श्रीलंकाई टीम अपना पहला मैच 3 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगी।

श्रीलंकाई टीम इस प्रकार है : चमारी अथापथु (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता माधवी, नीलाक्षी डी सिल्वा, इनोका राणावीरा, हसीनी परेरा, कविशा दिलहारी, सचिनी निसानसाला, विशमी गुणारत्ने, उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अमा कंचना।

रिजर्व खिलाड़ी : कौशिनी नुथ्यांगना।



मोनाको में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में जीत के बाद उत्साहित मोनाको के खिलाड़ी।

## चहल के शानदार प्रदर्शन से इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में नॉर्थम्पटनशर जीती

नॉर्थम्पटन (ईएमएस)। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल का इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है। चहल ने यहां लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट लिए हैं। उनके इस प्रदर्शन से नॉर्थम्पटनशर ने लीसेस्टरशर को नौ विकेट से हरा दिया। चहल ने पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट जबकि दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिए थे। इस प्रकार इस स्पिनर ने नौवी बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी एक पारी में पांच विकेट लिए हैं। नॉर्थम्पटनशर ने यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर को दूसरी पारी में 316 रनों पर ही आउट कर दिया। इसके बाद नॉर्थम्पटनशर को जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और उसने ये लक्ष्य 30.3 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर ने नाबाद 68 जबकि जॉर्ज बार्टलेट ने 54 रन बनाये। चहल ने इससे पहले डर्बीशर के खिलाफ हुए मुकाबले में भी दो पारियों में 45 रन देकर पांच और 45 रन पर चार विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी।

## भारतीय टीम की पहली पारी में बने कई रिकार्ड

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश के साथ जारी पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में एक से अधिक रिकार्ड बनाये हैं। इस मैच में एक समय भारतीय टीम ने 34 रनों पर ही 3 विकेट खो दिये थे। इसके बाद भी भारतीय टीम 376 रनों तक पहुंची। यह भारतीय टीम के साथ दूसरी बार हुआ है जब 150 से कम स्कोर पर 6 विकेट गिरे हों पर इसके बाद भी टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने 232 रन बना दिये हों। इससे पहले साल 1971 में भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिजटाउन में 70 रनों पर 6 विकेट गिरने के बाद 347 रन बना दिये थे। इस मैच में भारतीय टीम के निचले क्रम के बल्लेबाज आर अश्विन ने शतक लगाया। इसी के साथ ही अश्विन टेस्ट मैचों में 8वें नंबर या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में अब दूसरे स्थान पर पहुंच चुके हैं। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने इस पारी में 199 रनों की साझेदारी की जो भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ की गई पांचवीं सबसे बड़ी साझेदारी है। यह भारत की बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों में 7वें या उससे निचले विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। इसने 2004 में ढाका में सचिन तेंदुलकर और जहीर खान के बीच 10वें विकेट के लिए हुई 133 रनों की साझेदारी को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैचों में सर्वाधिक रनों की साझेदारी शिखर धवन और मुरली विजय ने 283 रनों की बनायी थी। वहीं भारतीय टीम के खिलाफ इस मैच में बांग्लादेश के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने 83 रन देकर 5 विकेट लिए। महमूद पांचवें बांग्लादेश गेंदबाज हैं जिन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ पांच विकेट लिए हैं। इससे पहले बांग्लादेश के नैमुर रहमान , शाकिब अल हसन , मेहदी हसन मिराज और शहादत हुसैन ने ही पांच विकेट लिए थे।

# बल्लेबाजी का आनंद लेने का प्रयास कर रहा था : यशस्वी



चेन्नई (ईएमएस)। बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में अर्धशतक लगाकर भारतीय टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले यशस्वी जायसवाल ने कहा है कि बल्लेबाजी के लिए उतरने के दौरान वह सोच रहे थे कि इस विकेट पर किस प्रकार खेलना फायदेमंद रहेगा जिससे कि रन बन सकें। साथ ही कहा कि वह बल्लेबाजी का आनंद लेने का प्रयास कर रहे थे। इस क्रिकेटर ने कहा कि जिस तरह से मैं गेंद को छोड़ रहा था, वह मेरे लिए काफी अच्छा था। इस मैच में यशस्वी ने आक्रामक रुख अपनाया जबकि वह आमतौर पर ऐसे नहीं खेलते हैं। इस प्राकर इस क्रिकेटर ने अपनी बल्लेबाजी का एक और पक्ष दिखाया। साथ ही कहा, मैं बस यह सोच रहा था कि अगर मुझे अवसर मिले तो मैं कहां रन बना सकता हूं। यह सब मेरी मानसिकता पर निर्भर करता है, मैं कैसे खेलना चाहता हूं और मेरी टीम को क्या चाहिए। मैं हमेशा सोचता हूं कि मेरी टीम के लिए क्या अधिक अहम है। मैं उस लक्ष्य के बारे में सोचता हूं जो मैं कर सकता हूं और उसे हासिल करने का प्रयास करता हूं। जायसवाल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि पिच दिन के अंत में आसान हो गई थी। यह इतना आसान नहीं था, पर मैं प्रत्येक गेंद का सामना करने और उसे ध्यान से देखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था, उस समय मैं यही सोच रहा था।

## गंभीर की कोचिंग में टीम और सफलताएं हासिल करेगी : द्रविड़

बेंगलुरु (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ ने नये कोच गौतम गंभीर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके मार्गदर्शन में टीम और अधिक सफलता हासिल करेगी। द्रविड़ ने कहा कि गंभीर को काफी अनुभव है, ऐसे में उनके आने से भारतीय टीम को लाभ होगा। साथ ही कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर भी गंभीर को लंबा अनुभव है जिसका भी लाभ उन्हें मिलेगा। उन्होंने आईपीएल में काफी कोचिंग की है। मुझे भरोसा है कि वह भारतीय टीम के कोच की भूमिका में सफल साबित होंगे। द्रविड़ के कोच रहते हुए भारतीय टीम ने खेल के तीनों प्रारूप में अच्छी सफलता हासिल की थी। टीम ने 24 टेस्ट में 14 में जीत दर्ज की जबकि 53 में से 36 एकदिवसीय और 70 में से 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत दर्ज की थी हालांकि टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा पर इस साल टी20 विश्व कप में टीम जीती थी। गंभीर का भारतीय टीम के साथ कार्यकाल पिछले महीने श्रीलंका दौरे पर शुरू हुआ जहां भारतीय टीम को टी20 सीरीज में जीत मिली जबकि एकदिवसीय श्रृंखला में उसे हार का सामना करना पड़ा। गंभीर ने भारतीय टीम के लिए 164 टेस्ट में 13288 और 344 एकदिवसीय में 10889 रन बनाये हैं। द्रविड़ ने कहा, ‘‘कोई भी कोच हालातों से निपटने के लिए अपने अनुभव और ज्ञान का इस्तेमाल करता है। मुझे भरोसा है कि गंभीर भी अपने सहयोगी स्टाफ के साथ जो भी फैसले लेंगे उससे टीम को लाभ ही होगा।भारतीय टीम को अगले कुछ महीने में करीब दस टेस्ट मैच खेलने हैं बांग्लादेश के अलावा उसे न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अगले साल इंग्लैंड दौरे पर भी जाना है।

## एलएलसी का तीसरा सत्र आज से शुरु



नई दिल्ली (ईएमएस)। लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का तीसरा सत्र आज से शुरु हुआ। इस लीग में केवल पूर्व क्रिकेटर ही खेल सकते हैं। ये लीग 16 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जिसमें कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिसमें, इंडिया कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, कोणार्क सूर्यास, मणिपाल टाइगर्स, सदर्न सुपरस्टार और अर्बनराइजर्स हैदराबाद शामिल हैं। इस लीग के सभी मैच जोधपुर, जम्मू और कश्मीर व सूरत में खेले जाएंगे। इस बार इसमें क्रिस गेल, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, शिखर धवन, मोहम्मद कैफ और दिनेश कार्तिक जैसे स्टार क्रिकेटर भी शामिल हैं। इसके अलावा हाल में संन्यास लेने वाले शिखर धवन भी इस लीग में खेलते नजर आयेंगे।

धवन के अलावा दिनेश कार्तिक भी इसमें खेलेंगे दिखेंगे। इसमें छह टीमें के बीच 25 मैच खेले जाएंगे। खिताबी मुकाबला 16 अक्टूबर को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी आधारित इस टूर्नामेंट में 200 खिलाड़ियों का एक पूल बनाया गया है।

एलएलसी के सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, ‘लीजैंड्स लीग क्रिकेट के इस सत्र में कश्मीर में भी मैच खेल जाएंगे। इससे कश्मीर के लोगों को भी स्टेडियम में मैच देखने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने कहा कि पिछले सत्र में इस लीग को देश में 18 करोड़ लोगों ने देखा था। पिछली बार इसमें सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला, रोस टेलर जैसे दिग्गजों ने खेला था।

# हेड के शानदार शतक से ऑस्ट्रेलिया ने पहले एकदिवसीय में इंग्लैंड को हराया



नौटिंघम (ईएमएस)। ओपनर ट्रेविस हेड के शानदार शतक के बाद मार्नस लैबुशेन के ऑलराउंड प्रदर्श से ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में मेजबान इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इस प्रकार 5 मैचों की इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम को 1-0 की बढ़त मिल गयी है। ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय में यह लगातार 13वीं जीत है। इसमें हेड ने 154 रन की नाबाद पारी खेली जबकि लैबुशेन ने 3 विकेट के साथ ही 77 रन बनाये।

इस मैच में जीत के लिए मिले 316 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 44 ओवरों में ही हासिल कर लिया। हेड ने 129 गेंदों पर नाबाद 154 रन बनाए जिसमें 20 चौके और 5 छक्के शामिल थे, वहीं लैबुशेन ने 61 गेंदों पर 77 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और दो छक्के लगाये। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 148 रन बनाये। वहीं कप्तान मिचेल मार्श 10 रन बनाकर आउट हुए जबकि स्टीवन स्मिथ ने 32 रन बनाये। कैमरन ग्रीन ने 32 रन बनाये। वहीं इंग्लैंड की ओर से मैथ्यू पॉट्स, लियाम लिविंगस्टोन और जैकब बाथेल ने एक एक विकेट लिया.

इससे पहले मेजबान इंग्लैंड टीम ने बेन डकेट के 95 रन और विल जैक्स के 62 रनों की सहायता से 315 रन बनाए। डकेट ने 91 गेंद में 11 चौके लगाये जबकि जैक्स ने पांच चौके और दो छक्के मारे। कप्तान हैरी ब्रुक ने 39 और जैकब बेथेल ने 35 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा और मार्नस लैबुशेन ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि हेड ने दो विकेट लिए।

## बाबर आजम लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेजी से 30 वां शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने

लाहौर (ईएमएस)। पिछले काफी समय से खराब फार्म से जूझ रहे पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम आजकल घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियंस लीग में खेल रहे हैं। यहां बाबर ने शतक लगाकर अपने आलोचकों को जवाब देने का प्रयास किया है। उनका ये शतक काफी समय बाद आया है। बाबर इस शतक के साथ ही लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज 30वां शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं और उन्होंने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। बाबर चैंपियंस कप में स्टालियंस टीम की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने 100 गेंदों में नाबाद 104 रन बनाये। बाबर के नाबाद शतक के बल पर स्टालियंस ने डॉल्फिन टीम के खिलाफ 50 ओवर में ही 271 रन बना दिये। इसके बाद स्टालियंस के गेंदबाजों ने डॉल्फिन के बल्लेबाजों को समेट दिया और टीम सस्ते में ही सिमट गयी। इस प्रकार स्टालियंस ने यह मैच 174 रनों से जीत लिया। आजम ने 180 पारियों में अपना 30वां लिस्ट ए क्रिकेट का शतक लगाया जबकि विराट ने ये आंकड़ा 199 पारियां में हासिल किया था। इस सूची में साउथ अफ्रीका के अनुभवी क्रिकेटर हाशिम अमला भी शामिल हैं। उन्होंने 259 पारियों में ही ये उपलबब्धि हासिल की थी। वहीं न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज माटिन गुप्टिल 259 पारियों मे साथ चौथे नंबर पर रहे हैं। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 262 पारियों में लिस्ट ए क्रिकेट का 30वां शतक लगाया था।



चीन में विश्व विंगशूट लीग में भाग लेते हुए दक्षिण कोरिया के जेजे वैलिस।

# बुमराह और विराट बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभाएंगे: स्टीव वॉ

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली अहम भूमिका निभाएंगे। वॉ के अनुसार इन दोनो के प्रदर्शन पर ही भारतीय टीम की जीत टिकी रहेगी। वॉ ने भारतीय टीम की जीत की संभावनाओं को लेकर कहा, भारतीय टीम के पास इस बार ऑस्ट्रेलिया में जीत दर्ज करने का अच्छा अवसर है। उनकी गेंदबाजी आक्रमण बेहद मजबूत है। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाजों के साथ-साथ रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव जैसे बेहतरीन स्पिनर भी उनके पास हैं। वहीं बल्लेबाजी में उसके पास विराट जैसा अनुभवी बल्लेबाज है।वॉ ने कहा कि बुमराह पर भारतीय टीम की जीत का दारोमदार रहेगा। बुमराह एक उत्कृष्ट गेंदबाज है और जितना अधिक विकेट वह लेगा, उतना ही टीम दबाव बनाने में सफल रहेगी। वहीं कोहली पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी रहेगी। वॉ ने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया के पास भी एक शानदार टीम है और उसका गेंदबाजी आक्रमण भी बेहतरीन है। ऐसे में विश्व की दो शीर्ष स्तर की टीमों के बीच होने वाला ये मुकाबला बेहतर रोमांचक होगा। ऐसे में मुझे उम्मीद रहेगी कि यह एक बेहतरीन सीरीज रहेगी।भारतीय टीम ने पिछले एक दशक से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। इसमें साल 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर मिली दो ऐतिहासिक जीत भी शामिल हैं। भारतीय टीम को आने वाले समय में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज के अलावा कुल दस टेस्ट मैच खेलने हैं।

## भारतीय पहलवान संग्राम मिक्स्ड मार्शल आर्ट में उतरने को तैयार

त्बिलिसी (ईएमएस)। भारत के हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम सिंह यूरोपियन यूनिवर्सिटी में होने वाली गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के अली रजा नासिर से मुकाबले को तैयार हैं। पहलवान संग्राम इसी के साथ ही मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) में उतरेंगे। अभी वह अपने इस पहले एमएमए मुकाबले के लिए 2-3 किलोग्राम वजन बढ़ाने में लगे हुए हैं। संग्राम ने कहा कि तैयारी का हर पल अहम होता है। मैं इस मुकाबले के लिए पूरी तरह से फिट रहना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता हूं, जो भगवान ने मुझे दिया है।

# “फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी में प्रगति” विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ













बोकारो। 20 सितम्बर को बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में बोकारो स्टील प्लांट तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स, बोकारो चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय “फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी में प्रगति” विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ए पी टी -एफ एस 2024 का शुभारम्भ हुआ. सम्मलेन में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे. बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद, अधिशासी मिदेशक (आरडीसीआईएस) श्री एस के कार, अधिशासी मिदेशक (माइंस) श्री जयदीप दासगुप्ता, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स, कोलकाता के श्री टी गोस्वामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे. सम्मलेन में बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी) श्री मनोहर लाल सहित अन्य मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे. सम्मलेन के उदघाटन सत्र को ऑनलाइन मोड पर सम्बोधित करते हुए सेल अध्यक्ष श्री अमरेन्दु प्रकाश ने कहा कि पिछले 6-7 वर्षों में देश में प्रति व्यक्ति इस्पात खपत लगभग 50 किलोग्राम प्रति व्यक्ति से बढ़कर वर्तमान में लगभग 95 किलोग्राम प्रति व्यक्ति के स्तर पर पहुँच गई है. उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2030 तक देश की इस्पात उत्पादन क्षमता 300 मिलियन टन प्रति वर्ष के स्तर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है. ऐसे में भारतीय इस्पात उद्योग के क्षमता विस्तार के साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य को हासिल करना भी उद्योग के लिए एक बड़ी प्राथमिकता और चुनौती है. उन्होंने सम्मलेन की सफलता की शुभकामना देते हुए इस्पात उद्योग की सस्टेनेबिलिटी हेतु ग्रीन स्टील उत्पादन से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर भी विशेषज्ञों को मंथन करने का आह्वान किया. सम्मलेन के उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद के स्वागत भाषण के उपरांत भारतीय धातु संस्थान के अध्यक्ष श्री सज्जन जिंदल के सम्बोधन का वीडियो रिकॉर्डिंग दिखाया गया. श्री टी गोस्वामी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स,, कोलकाता ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स की गतिविधियों एवं योगदान पर चर्चा की. मुख्य अतिथि निदेशक-प्रभारी बोकारो स्टील प्लांट श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सम्मेलन में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि देश की प्रगति में इस्पात की बड़ी भूमिका है, अतः इस्पात के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है. उन्होंने सम्मेलन को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलन शोधकर्ताओं, अभियंताओं और एक्सपर्टस को इस्पात उत्पादन से जुड़े नवीनतम प्रौद्योगिकियों पर चर्चा करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करते हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि दो दिवसीय सम्मलेन के दौरान फ्लैट स्टील प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी पर जानकारी का आदान -प्रदान इस्पात उद्योग के डी- कार्बोनाइजेशन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी उपयोगी साबित होगा. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद ने अपने उद्बोधन में फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी की बढ़ती ज़रूरतों और इससे सम्बंधित पहलुओं के बारे चर्चा की. उद्घाटन सत्र में सम्मलेन की स्मारिका का लोकार्पण भी किया गया. सम्मेलन में आज तकनीकी सत्रों के दौरान नाइओबियम के साथ फ्लैट स्टील उत्पादों की प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी को बढ़ाना, हरित इस्पात उत्पादन में पुनर्चक्रीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना, उन्नत तकनीक के माध्यम से लोहे और इस्पात में जीएचजी की कमी, हाई स्ट्रेंथ और लचीलापन लाने के उद्देश्य से मध्यम मैग्नीशियम स्टील का उत्पादन, जलमग्न प्रवेश नोजल में रुकावट का पता लगाना और उसका विश्लेषण, स्लैग मुक्त एसेंट्रिक बॉटम टैपिंग, गैर धात्विक समावेशन के निर्माण और नियंत्रण पर सेरियम का प्रभाव जैसे विषयों पर तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया गया. ज्ञातव्य है कि इस सम्मलेन के दौरान कल हॉट फॉर्मिंग अनुप्रयोग के लिए एडवांस्ड हॉट रोल्ड स्टील शीट का उत्पादन, हॉट रोल्ड कॉइल्स में डबल एज दोष का निवारण, देश की सामरिक आवश्यकताओं से जुड़े फ्लैट स्टील उत्पादों के लिए माइक्रोस्ट्रक्चर स्थापित करना जैसे प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों से जुड़े विभिन्न चुनौतियों को उन्नत प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल द्वारा कम लागत तथा उच्च गुणवत्ता वाले फ्लैट इस्पात के निर्माण से सम्बंधित सभी बिन्दुओं पर गहन मंथन कर भविष्य के लिए रोड मैप तैयार किया जायेगा. उल्लेखनीय है कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में सेल विभिन्न संयंत्र व् इकाइयों के अलावा टाटा स्टील, जेएसडब्लू (बेल्लारी), जेएसडब्लू (डोलवी), मेटकोंस, सोज़िटज़ इंडिया, मेकॉन, नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेटरी (जमशेदपुर), आईआईटी (बीएचयू), आईआईटी (रोपड़), आईआईटी (हैदराबाद), जाधवपुर विश्विद्यालय, सीएमईआरआई, एनआईएएमटी (रांची), पार्कर हनीफिन इंडिया, क्वैकर हूटन, सीबीएमएम (ब्राज़ील) इत्यादि से प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र का संचालन वरीय प्रबंधक (सीआरएम-3) श्री परिचय भट्टाचार्य, वरीय प्रबंधक (आरडीसीआईएस) स्मिता टोप्पो तथा प्रबंधक (आरसीएल) निकिता गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया. अंत में मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी) श्री मनोहर लाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

## संक्षिप्त खबरें

### महाप्रबंधक, छत्रसाल सिंह ने किया पटना-गया एवं सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

धनबाद, (हाजीपुर), महाप्रबंधक, छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-गया तथा सोननगर-गढ़वा रोड-चंद्रपुरा-पारसनाथ-कोडरमा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने रेलमार्ग में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया।दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, जयंत कुमार चौधरी तथा धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार, आर एन चौरसिया को सरस्वती चन्द्र, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी नें दी।

### धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल द्वारा आयोजित की गई स्वच्छता पखवाड़ा 2024



धनबाद। रेलवे स्टेडियम, धनबाद में चौथे दिन, स्वच्छ भारत मिशन – स्पोर्ट्स लीग के तहत अन्तर्विभागीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। खेल का शुभारम्भ,वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी, अजित कुमार के द्वारा किया गया। इस स्पोर्ट्स लीग में सर्वप्रथम खिलाडियों के द्वारा “ स्वच्छता शपथ” ली गयी, तत्पश्चात तीन मैचों का आयोजन किया गया। जिसमें रेलवे के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इन मैचों के समापन के पश्चात्, पूर्वनिर्धारित तिथि में विजेताओं को मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा समुचित पुरस्कार दिया जायेगा | स्पोर्ट्स मैच के समापन के पश्चात सभी खिलालियों के द्वारा रेलवे स्टेडियम, धनबाद में सफाई अभियान भी चलाया गया।


### जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई. - 2023 छुटे पदाधिकारियों के लिए विशेष ब्रीफिंग का आयोजन


#### 540 से अधिक जवान व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति



धनबाद। झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई. - 2023 को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा के निर्देश पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार की ब्रीफिंग से छूट गए दंडाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, फ्लाइंग स्क्वॉड तथा पुलिस पदाधिकारियों के लिए शुक्रवार को विशेष ब्रीफिंग का आयोजन न्यू टाउन हॉल में किया गया। इस अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने परीक्षार्थियों के लिए सीटिंग प्लान, कोषागार से प्रश्न पत्रों का डिस्पैच, प्रश्न पत्र वितरण की एसओपी, परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रश्न पत्रों की सीलिंग, वापस स्ट्रांग रूम में लाना, सुचारू यातायात व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।वहीं सिटी एसपी, अजीत कुमार ने कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को उनके कार्ययोजना से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों में तैनात सभी जवान व पदाधिकारी अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वाहन करते हुए आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर 540 से अधिक पुलिस जवान व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा बाधित करने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी और कदाचार करते पकड़े जाने पर सेंटर सुपरिटेंडेंट द्वारा परीक्षार्थी पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। विदित ही की झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 में लगभग 29000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसका आयोजन शनिवार 21 सितंबर एवं रविवार 22 सितंबर 2024 को जिले के 74 सेंटर पर 3 शिफ्ट में किया जाएगा। पहली शिफ्ट में सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक एवं तीसरी शिफ्ट में दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। ब्रीफिंग में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, सिटी एसपी, अजीत कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर 2, संदीप गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर सी द्विवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी मौजूद थे।

## बीएसएल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साइक्लोथॉन का आयोजन





बोकारो। बीएसएल में जारी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज दिनाँक 20 सितंबर को पूर्वाहन गांधी चौक से इस्पात भवन तक साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया. स्वच्छ भारत के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया जिसमें बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेन्द्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशकगण, मुख्य महाप्रबन्धकगण एवं वरीय अधिकारीयों ने भाग लिया। इसी कड़ी में 21 सितंबर को पूर्वाहन गांधी चौक से इस्पात भवन तक वॉकथॉन का आयोजन भी किया जाएगा.


## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY AREA, DHANBAD COMBINED BUILDING FAX NO. 0326-2313329

**Short E-Tender Notice**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part)are invited from reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost ( In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ GST Including 18% (non-refundable) (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 142/PR/JBVNL /24-25 | Raising of boundary wall around at 33/11KV P/S/S, Godhar, Dhanbad | 10,36,200/- | 20800.00 | 2950.00 | 90 (Ninety) Days |
| 2 | 143/PR/JBVNL /24-25 | Provision of Approach Path at Electric Supply Sub-Division, Ganeshpur | 4,68,300/- | 9400.00 | 885.00 | 45 (Forty Five) Days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 20.09.2024 at 11:00 AM |
| Last date and time for uploading of e-Tender | 08.10.2024 upto 06:00 PM |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money | 09.10.2024 upto 05:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 10.10.2024 at 02:00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | To be communicated further |
| Tendering officer and address for communication | General Manager(Technical), Electric Supply Area, Dhanbad |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mobile No.- 8603010162 / 9852688272.


1. Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be received from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline No. 06034-222109.
2. Demand Draft from any nationalized bank/scheduled bank of India towards cost of BOQ and Earnest Money will be in favour of Accounts Officer, ESA, Dhanbad. If a bidder wishes to participate in more than one NIT or more than one work/group in one NIT, he will have to submit the original demand draft towards cost of BOQ and Earnest Money separately for each NIT or each work/group in one NIT.
3. In case of any technical issue in e-tender portal/website regarding tender fee i.e. BOQ cost & EMD showing zero then BOQ cost and EMD is applicable and must be paid as mentioned in NIT.
4. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager(Technical)
Electric Supply Area, Dhanbad

PR.NO.336047 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D


## जेएसएससी परीक्षा स्पेशल ट्रेन का किया गया परिचालन





धनबाद,( हाजीपुर), झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के मद्देनजर रांची से भागलपुर एवं रांची से पटना के मध्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया हैं जिसमें, गाड़ी सं. 08626/08625 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 08626 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल दिनांक 21.09.24 को रांची से 21.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 08625 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 22.09.2024 को पटना से 20.45 बजे खुलकर अगले दिन 06.45 बजे रांची पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, नेसुब गोमो, कोडरमा, गया एवं जहानाबाद स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 18 कोच होंगे। गाड़ी सं. 08624, 08623 रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 08624 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल दिनांक 22.09.24 को रांची से 21.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 08623 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 23.09.2024 को पटना से 20.45 बजे खुलकर अगले दिन 06.45 बजे रांची पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, नेसुब गोमो, कोडरमा, गया एवं जहानाबाद स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 13 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।गाड़ी सं. 08601/08602 रांची-भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 08601 रांची-भागलपुर परीक्षा स्पेशल दिनांक 21.09.24 को रांची से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.15 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 08602 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल 22.09.2024 को भागलपुर से 17.35 बजे खुलकर अगले दिन 05.20 बजे रांची पहुंचेगी।

अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल, जमालपुर, सुलतानगंज स्टेशनों पर रूकेगी।इस स्पेशल में प्रथम-सह-द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 4 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे। गाड़ी सं. 08603/08604 रांची-भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल - गाड़ी सं. 08603 रांची-भागलपुर परीक्षा स्पेशल दिनांक 22.09.24 को रांची से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.15 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 08604 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल 23.09.2024 को भागलपुर से 17.35 बजे खुलकर अगले दिन 05.20 बजे रांची पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल, जमालपुर, सुलतानगंज स्टेशनों पर रूकेगी।

इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 1, शयनयान श्रेणी के 6 एवं साधारण श्रेणी के 6 कोच होंगे। उक्त जानकारी हिंदी दैनिक समाचार पत्र कोयलांचल संवाद के ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को सरस्वती चन्द्र मुख्य जनसंपर्क अधिकारी नें दी।

## बोकारो क्लब में वेबसाइट का शुभारंभ







बोकारो. बोकारो क्लब की नई वेबसाइट (www.bokaroclub.com) पोर्टल का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री जॉयदीप दासगुप्ता, बोकारो क्लब के जनरल सेक्रेटरी तथा विभिन्न डायरेक्टर्स, वरीय अधिशासीगण और सदस्यगण उपस्थित थे. बोकारो क्लब के जनरल सेकेट्री श्री अशोक कुमार ने वेबसाइट की विभिन्न विशेषताओं के बारे में जानकारी दी, जिससे सदस्यों को क्लब की गतिविधियों और सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सकेगी. वेबसाइट के डिज़ाइन में क्लब डायरेक्टर श्री सुधांशु शेखर और उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. कार्यक्रम में ट्रेजरर श्री पुष्पेंद्र भारती ने नई मेंबरशिप ड्राइव की घोषणा की, जिससे अधिक से अधिक नए सदस्य क्लब से जुड़ सकेंगे. क्लब के अन्य डायरेक्टर्स श्री आलोक कुमार, श्री फजल महमूद, श्री कुमार गौरव, श्री सुशांत सनी, श्री राहुल प्रियदर्शी एवं श्री प्रवीण पासवान ने इस नई पहल और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. नई वेबसाइट के माध्यम से क्लब के सदस्य आसानी से क्लब की सभी जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं. न्यू मेंबरशिप एप्लिकेशन की सुविधा भी वेबसाइट पर उपलब्ध है. इसके अलावा, सदस्य विभिन्न क्लब सुविधाओं और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी वेबसाइट के जरिए प्राप्त कर सकेंगे.


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, धनबाद।

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक – 01.10.2024 को कार्यालय अवधि तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक – 04.10.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक – 04.10.2024 को 3:30 बजे अपराहन्
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची। अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल, हजारीबाग। कार्यपालक अभियंता,प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, धनबाद।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | गैर योजना मद अन्तर्गत भुईफोर मंदिर (NH-32) से स्व0 विनोद बिहारी महतो चौक, बलियापुर (कुल लं0–13.20 कि0मी0) में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2024–25 | 39.99899 | 80000.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 2. | गैर योजना मद अन्तर्गत डोमनपुर–मनियाडीह पथ के चैनेज–19वॉ कि0मी0 में 500 मी0 नाली निर्माण कार्य वर्ष 2024–25 | 34.99799 | 70000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 3. | गैर योजना मद अन्तर्गत गोविन्दपुर चौक NH-2 से महुदा मोड़ (Old NH-32) भाया श्रमिक चौक, बैंक मोड़, धनबाद पथ में नाली निर्माण कार्य वर्ष 2024–25 | 35.99978 | 72000.00 | 5000.00 | 2 माह |

निविदा की शर्त्ते :–

7. कार्य की प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि जमा करना होगा।
8. निविदा के संबंध में किसी विशेश जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क कर सकते है।
9. झारखण्ड पथ निर्माण विभाग, रॉंची का संकल्प संख्या 2146(एस0) दिनांक–09.09.2020 के आलोक में झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका–163(ए0) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। संप्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदाएँ अनुमान्य होंगी। साथ ही जे0पी0डब्लू0डी0 कोड के 163(ए0) को डिलिट किया जाता है। 10 प्रतिशत से न्यूनतम निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से –(क) दस से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा–(ख) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172(ए0) के रूप में संम्माहित होगा। पूर्व के संहिता / नियम / परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेगें। वैद्य एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निश्पादन के प्राधिकार द्वारा पद्धति तरीके से लौटरी (Lottery) की पद्धति अपनाई जायेगी। यह प्रावधान झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के कंडिका 163(ई0) के रूप में समाहित होगा। तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता / नियम / परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेगें।
10. बिटुमिनस कार्य को Hot Mix Plant से संपादित करना होगा। परिमाण विपत्र क्रय के समय / निविदा के समय Hot Mix Plant का स्वामित्व अथवा Hot Mix Plant का स्वामित्व से सहमति प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा।
11. शेष शर्त्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट् पर देखे जा सकते है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद।

PR 336344 (Road) 24-25 (D)

# बीसीसीएल उत्खनन विभाग द्वारा सतर्कता जागरुकता पर विशेष कार्यशाला का किया गया आयोजन




धनबाद । भारत कोकिंग कोल लिमिटेड में चल रहे सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत कोयला भवन मुख्यालय में कंपनी के उत्खनन विभाग द्वारा "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के आरंभ में विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई। कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए उत्खनन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक श्री आनंद कुमार दूबे ने अपने सत्र संचालन करते हुए सभी प्रतिभागियों को एच.एस.डी (डीजल) प्रबंधन के लिए औपचारिक नीति तथा दिशा-निर्देशों से अवगत कराया और सभी प्रमुख बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया। सभी प्रतिभागियों को उनसे संबंधित सभी परिपत्र और दिशानिर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को कार्यालय दायित्वों को राष्ट्रहित में पूर्ण सत्यनिष्ठा के साथ निष्पादन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उत्खनन विभाग के श्री बिनोद कुमार बिमल, महाप्रबंधक(उत्खनन) एवं सतर्कता विभाग के श्री रंजन कुमार, श्री कल्पानु किशोर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय कृत्रिम एक अंग प्रत्यारोपण शिविर का किया गया उद्घाटन



धनबाद । रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा संचालित रोटरी जेरी पॉवेल जयपुर लिंब सेंटर, श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची शाखा, धनबाद राउंड टेबल, इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद एवं कतरास तथा जैन समाज स्थानकवासी, बड़ा गुरुद्वारा , बैंक मोड़ के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अध्यक्ष, राहुल व्यास ने इस शिविर के बारे में जानकारी देते हुए कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार आर एन चौरसिया को बताया की हम सबका प्रयास समाज के सबसे पिछड़े एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए एक वरदान साबित होगा और वो भी स्वतंत्र रूप से समाज की मुख्यधारा से जुड़ पाएंगे। रोटरी जैरी पॉवेल जयपुर लिंब सेंटर के प्रोजेक्ट चेयरमैन, विकास शर्मा ने सभी को जानकारी दी की विगत 16 वर्षों से रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा संचालित हमारा केंद्र दिव्यांग जनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध करवाती आ रही है। अब तक हमारे केंद्र के द्वारा लगभग 5000 दिव्यांगजनो को लाभान्वित किया गया है। शिविर के प्रथम दिन 35 दिव्यांगजनों का चयन कर उनका माप लिया गया साथ ही उन्हें रविवार को कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवा दिए जायेंगे। शनिवार को भी शिविर में आने वाले लाभार्थियों का माप लिया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में अभिषेक अग्रवाल, कनव बाली, राजेश परकेरिया, राजीव गोयल, संजीव बियोत्रा, श्रीमती शिल्पा रस्तोगी, श्रीमती पोलोमी सिंहा, रोहित पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, अनूप गोयल एवं अन्य सदस्यगण का काफी सराहनीय योगदान रहा।

# कोयला भवन में गृहिणियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन





धनबाद । 20 सितंबर, 2024 को कोयला भवन में गृहिणियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का विषय "आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं की भूमिका" था। इस अवसर पर डॉक्टर पूनम दूबे, चिकित्सा सेवा प्रमुख, बीसीसीएल ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें हिंदी में कार्य करने के लाभ और सरलता के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।इस प्रतियोगिता में लगभग 20प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने निबन्ध लेखन कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत महान साहित्यकार महादेवी वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (हिन्दी) ने साहित्यकार महादेवी वर्मा के जीवन और साहित्यिक योगदान का परिचय प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोगों को उनकी साहित्यिक धरोहर से रूबरू होने का अवसर मिला।

यह प्रतियोगिता हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और गृहिणियोंको हिंदी में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित की गई बैठक




धनबाद । झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद नगर, प्रखंड कांग्रेस की बैठक नगर अध्यक्ष मिर्तुंजय सिंह एव प्रखंड अध्यक्ष पप्पु पासवान की अध्यक्षता में धनबाद परिषदन में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि धनबाद जिलाध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष, राशिद रजा अंसारी, जिला से नगर प्रभारी,कालीचरण यादव तथा प्रखण्ड प्रभारी मधुसूदन मोदक की उपस्थिती में आगामी विधानसभा चुनाव पर धनबाद विधानसभा से प्रत्याशी के रुप में अपना आवेदन देने वाले प्रमुख कांग्रेस जन से विचार विमर्श कर धनबाद विधानसभा से पांच निष्ठावान कांग्रेस के प्रमुख नामो का चयनित कर नगर, प्रखंड प्रभारी को बंद लिफाफा मे समर्पित किया गया।

जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी पूरी कमर कस ली है। इस बार हर नगर, प्रखंड अध्यक्ष से निष्ठावान, कर्मठ, जमीनी कांग्रेस नेता का पांच नाम मांगा गया है। जिसे हम अपने अलाकामन को भेजने का काम करेंगे और इस बार हम धनबाद जिला के सभी विधानसभा जीत कर रहेगें।

नगर, प्रखंड अध्यक्ष ने बताया की विधानसभा चुनाव मे इस बार धनबाद विधानसभा से पार्टी के समर्पित उम्मीदवारी हेतु पांच कांग्रेस जन का नामो को नगर, प्रखंड कांग्रेस के द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस एंव झारखंड प्रदेश कांग्रेस तथा जिला कांग्रेस को चयनित कर भेजा गया है। इस बार उम्मीद है आलाकमान जमीनी समर्पित उम्मीदवार को पार्टी का टिकट दिया जाएगा। जिसे नगर, प्रखंड कांग्रेस कमिटी पुरी निष्ठा से मेहनत कर कांग्रेसी प्रत्याशी को जीत दिलाकर विधानसभा भेजने का कार्य करेगी और पुनः महागठबंधन की सरकार बनाएगी।

बैठक में मुख्य रूप से बी.के सिंह, सुंदर प्रसाद यादव, नवनीत नीरज, संतोष चौधरी, प्रो. डी.के सिंह, संजय जायसवाल,प्रभात सुरोलिया,अवधेश पासवान, बबलू दास, अनूप पांडे, राजीव रंजन कुमार, गोपाल कृष्ण चौधरी, आशीष सिंह, विक्की कुमार, सुरज वर्मा, सोनू यादव, खुर्शीद अंसारी, राजा हसन, प्रकाश दास, अमर कुमार, विश्वजीत सिंह, सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### न्यायालय से जुड़े कार्यों को तत्परता से निबटारे का निर्देश

# कोर्ट और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को लेकर डीएसपी ने की समीक्षा बैठक




धनबाद , वरीय पुलिस अधीक्षक, ह्दीप पी जनार्दनन के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2, संदीप गुप्ता ने आज पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की। डीएसपी ने बैठक के दौरान न्यायालय से मिलने वाले आदेश व प्रतिवेदन को लेकर समीक्षा की और सम्बंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।बैठक के दौरान डीएसपी, संदीप गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए न्यायालय से मिलने वाले प्रतिवेदन पर ससमय कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने सभी मामलों मे तय समय पर गवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। न्यायलय से जुड़े सभी मामलों मे सम्बंधित गवाहों को गवाही की तारीख व समय पूर्व में ही सूचित करने का निर्देश दिया ताकि गवाह ससमय अदालत में हाजिर हो सके।पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएसपी ने अदालत की कार्यवाही से जुड़े पुलिस पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों की गवाही होनी है, वैसे व्यक्तियों को नियमित तौर पर समय पूर्व मुक़दमे से जुड़ी सूचनाएँ दे दी जाये। ताकि गवाही के लिए आने वाले व्यक्तियों को यह जानकारी हो सके की सम्बंधित मामले मे उनकी गवाही कब और कहाँ होनी है। इसके अलावे डीएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा की न्यायालय से प्राप्त आदेशों, वारंट व कुर्की की कार्रवाई को यथाशीघ्र तामिला की जाये।

### सीएसआईआर, केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान ने कस्तूरबा गांधी बालिका में

# "वन हेल्थ" पर जिज्ञासा कार्यक्रम का किया गया आयोजन



धनबाद, सीएसआईआर -केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान ने धनबाद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झरिया में "वन हेल्थ" पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम चल रहे सीएसआईआर -जिज्ञासा कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य के बीच महत्वपूर्ण संबंधों के बारे में शिक्षित करना है।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य की एक दूसरे पर निर्भरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। सत्र में स्वास्थ्य के प्रति संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण बनाए रखने के महत्व, लाभ और भविष्य की सकारात्मकता पर व्यापक चर्चा शामिल थी। जिज्ञासा कार्यक्रम के इतिहास और महत्व का परिचय दिया गया, जिसमें मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य के बीच आवश्यक संबंधों पर जोर दिया गया। सीएसआईआर -केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने छात्रों के साथ इंटरएक्टिव सत्र का संचालन किया। जिसमें जूनोटिक बीमारियों, एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (AMR), महामारी के प्रभावों, खाद्य मिलावट के खतरों और पोषण के महत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया गया। टीम ने एक स्वस्थ और रोग-मुक्त जीवनशैली बनाए रखने के लिए व्यावहारिक कदमों पर जोर दिया।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झरिया, धनबाद के 50 छात्रों और दो शिक्षकों ने भाग लिया। जिन्होंने इन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जानने में उत्साह और गहरी रुचि दिखलाई।

विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार
LiFE Lifestyle For Environment
ऊर्जा जीवन है, संरक्षण करें बी ई ई BEE Energy is Life, Conserve it

अपनी कल्पना के रंगों से बेहतर कल को चित्रित करें।



हमारा प्रयास सभी के लिए समावेशी, लचीली, न्यायसंगत और सतत् ऊर्जा के लिए कार्य करना है।

प्रतियोगिता में भाग लें और ऊर्जा दक्ष विश्व के अपने दृष्टिकोण को चित्रित करें।

ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता 2024

25 अक्तूबर, 2024 से पहले पंजीकरण करें

विषय – पर्यावरण की संरक्षा के लिए ऊर्जा संरक्षण

ग्रुप ए (5वीं, 6ठी और 7वीं कक्षा)
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता
ग्रुप बी (8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा)

| पुरस्कार (प्रत्येक श्रेणी में) | राज्य /संघ राज्य क्षेत्र स्तर का पुरस्कार | | राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार* | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रुप 'ए' | ग्रुप 'बी' | ग्रुप 'ए' | ग्रुप 'बी' |
| प्रथम पुरस्कार/स्वर्ण पदक (01) | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 1,00,000/- | ₹ 1,00,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार/रजत पदक (01) | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- |
| तृतीय पुरस्कार/कांस्य पदक (01) | ₹ 20,000/- | ₹ 20,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- |
| प्रशंसा पुरस्कार (10) | ₹ 7,500/- | ₹ 7,500/- | ₹ 15,000/- | ₹ 15,000/- |

*राष्ट्रीय विजेताओं को लैपटॉप/टैबलेट देकर भी सम्मानित किया जाएगा और भारत में एक अध्ययन दौरे का अवसर भी मिलेगा।

प्रविष्टियाँ जमा करने के लिए स्कूल प्राचार्य, निम्नांकित वेबसाइट पर पंजीकरण करें।

www.paintings.beeindia.gov.in

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बी ई ई)
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय
beeindiadigital / bureauofenergyefficiency

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

cbc 34106/15/0016/2425

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▸समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।